

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, उत्तर भारत का नया आईटी हब बनने को तैयार लखनऊ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 323, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05:24 सूर्यास्त 07:04

कानपुर नगर, रविवार, 13 जुलाई 2025


एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा...12

## आईआईएम कलकत्ता की छात्रा से संस्थान परिसर में दुष्कर्म

- छात्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराई आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने कहा- घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर हुई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक बार फिर दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता में अध्ययनरत एक छात्रा से बिजनेस स्कूल के छात्रावास में दुष्कर्म किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा दिया गया है। छात्रा ने हरिदेवपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर शुक्रवार को हुई। छात्रा ने प्राथमिकी में कहा है कि उसे काउंसलिंग के लिए हॉस्टल बुलाया गया था। छात्रावास में उसे नशीला पेय पदार्थ दिया गया, जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। होश में आने के बाद छात्रा को एहसास हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। छात्रा ने यह आरोप भी लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## ईंधन स्विच बंद होने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था एयर इंडिया का विमान

- मामले में एएआईबी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की पेश
- रिपोर्ट में कहा- स्विच बंद होने से पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

नई दिल्ली, एजेंसी



अहमदाबाद हादसा

अहमदाबाद हादसे की फाइल फोटो।

एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे और इसके बाद पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

पंद्रह पन्नों वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग में सुना गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। लंदन जाने वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान ने 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही गति खोनी शुरू कर दी और वह एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी। इस विमान दुर्घटना में यात्री और चालक दल के सदस्यों के अलावा 19 और लोग मारे गए थे। यह एक दशक में सबसे घातक विमान दुर्घटना थी।

ईंधन नियंत्रण स्विच उड़ान भरने के तुरंत बाद कटऑफ स्थिति में चले गए थे। लगभग 10 सेकंड बाद, इंजन 1 का ईंधन कटऑफ स्विच अपनी तथाकथित रन स्थिति में चला गया और उसके चार सेकंड बाद इंजन 2 भी रन स्थिति में आ गया। पायलट दोनों इंजनों को फिर से चालू करने में कामयाब रहे, लेकिन केवल इंजन 1 ही ठीक हो पाया, जबकि इंजन 2 गति कम करने के लिए पर्याप्त शक्ति उत्पन्न नहीं कर पाया। एक पायलट ने संकटकालीन चेतावनी मेडे, मेडे, जारी की, लेकिन प्रतिक्रिया मिल ने से पहले हादसा हो गया।

### प्रारंभिक रिपोर्ट व पायलटों की बातचीत से निष्कर्ष नहीं निकाल सकते: मुरलीधर

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता क्योंकि पायलटों के बीच बातचीत बहुत संक्षिप्त थी। मोहोल ने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं के मामले में ब्लैक बॉक्स विदेश भेजना पड़ता था। अब, हम इस जांच को स्वयं जल्दी पूरा कर सकते हैं। एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है।

### पायलटों के समूह ने निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की

**मुंबई।** एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की। एसोसिएशन ने दावा किया कि विमान दुर्घटना की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। एएलपीए इंडिया इस धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उसके प्रतिनिधियों को जांच प्रक्रिया में पर्यवेक्षक बनाया जाए।

## एक नजर

### धोखाधड़ी मामले में 681 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम से संचालित रामप्रस्थ रियल एस्टेट समूह की 1,900 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली 680 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कॉलोनियों और भूखंडों को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और समूह की अन्य कंपनियों के खिलाफ एक मामले में पीएमएलए के तहत अंतिम आदेश जारी किया गया है। कुर्क संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, सेक्टर 92 और 95 में 226 एकड़ की रामप्रस्थ सिटी की भूखंड आवंटन के आधार पर अधिकांश कॉलोनियों और गुरुग्राम के बसई, गडोली कलां, हयातपुर और वजीपुर में 1,700 एकड़ के भूखंड शामिल हैं।

### मिजोरमः 112.40 करोड़ की मेथ गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले से 112.40 करोड़ रुपये मूल्य की मेथ गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की है। अर्द्धसैनिक बल द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मेथाम्फेटामाइन एक प्रकार की उत्तेजक दवा है जिसका दुरुपयोग अक्सर नशा करने के लिए किया जाता है। बयान के अनुसार, शुक्रवार को गश्त के दौरान असम राइफल्स के जवानों ने दो व्यक्तियों को म्यांमा सीमा के निकट जोखावथर गांव में एक थैला ले जाते हुए देखा।

## अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश : योगी

### मुख्यमंत्री बोले-कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कर रही हैं कोशिश

- गुरु तेग बहादुर के शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा कार्यक्रम में योगी ने दिया कड़ा संदेश
- कहा-बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण का पर्दाफाश करके 100 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन की हो रही जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शनिवार को साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा के स्वागत और सम्मान कार्यक्रम में अवैध धर्मांतरण पर कड़ा संदेश दिया। कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है।

योगी ने गुरु तेग बहादुर की शहादत को याद करते हुए औरंगजेब जैसे अत्याचारी शासक का विस्तार से जिक्र किया। कहा कि शासक का उद्देश्य था सनातन धर्म को समाप्त करना और इस्लामिक धर्म को बढ़ावा देना। गुरु तेग बहादुर ने इस चुनौती का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपने पथ से कभी विचलित नहीं हुए।

कहा कि सिख गुरुओं ने जिस बलिदान और त्याग की परंपरा की नींव रखी थी, उसे हमें आज भी जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। हिंदू और सिखों के बीच फूट डालने के प्रयास कभी भी होते रहेंगे, लेकिन हमें सतर्क रहना होगा और इन साजिशों को नाकाम करना होगा। कहा कि समाज में कोई भी जाति, धर्म, वर्ग अपनी संस्कृति और धर्म को छोड़ने के लिए दबाव में न आएं।

इस अवसर पर राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, एमएलसी सरदार हरि सिंह ढिल्लो, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार परविंदर सिंह, महासचिव दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सरदार जगदीप सिंह कहलो, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### किसानों की समृद्धि के बिना नहीं आ सकती खुशहाली

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला की शुरूआत करते हुए गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान व पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत अमेठी, बरेली व मथुरा की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कहा कि किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। कहा कि यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) मुक्त बनाकर पशुपालकों के जीवन में खुशहाली लाने में योगदान देंगे।

## सरकारी हो या प्राइवेट हर क्षेत्र में रोजगार पैदा कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद डिजिटल रूप से कार्यक्रम को किया संबोधित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को लेकर अपनी सरकार की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मोदी ने 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक घर बनाना, 10 करोड़ से ज्यादा एलपीजी के नए कनेक्शन वितरित करना या घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना जैसी उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने रोजगार के लाखों नए अवसर सृजित किए हैं तथा इसी तरह कई अन्य योजनाओं से विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

मोदी ने पांच देशों के हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि अब पूरी दुनिया भारत की जनसांख्यिकी और लोकतंत्र की ताकत को पहचान रही है। भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी पूंजी और देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक जनसांख्यिकी, दूसरा लोकतंत्र। यानी सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान दिखाई गई भारत की स्वदेशी सैन्य क्षमता का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही है। रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। मोदी ने कहा कि भारत अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

## पति-पत्नी की एक ही जिले में तैनाती अनिवार्य नियम नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ


- सरकारी कर्मचारियों के तबादलों के संबंध में हाईकोर्ट का फैसला
- 'यथासंभव' शब्द का अर्थ एक ही स्थान पर तैनाती अनिवार्य नहीं

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि सरकारी नौकरी में कार्यरत पति-पत्नी की एक ही जनपद में तैनाती कोई अनिवार्य नियम नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कार्यरत पर्यावरण अभियंता अमित मिश्रा की सेवा सम्बंधी याचिका पर पारित किया है। याची का कहना था कि उसे जून 2022 में लखनऊ से कानपुर नगर स्थानांतरित किया गया था। कहा गया कि याची की पत्नी भी वर्तमान में कानपुर नगर में ही कार्यरत है। दलील दी गई कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के स्थानांतरण के सम्बंध में अपनाई गई 2024-25 की नीति के तहत पति-पत्नी दोनों यदि सरकारी नौकरी में हों तो उन्हें एक ही जनपद में तैनात किया जाना चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने आदेश में कहा कि याची का प्रशासकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तबादला किया गया है। स्थानांतरण सरकारी सेवा का अनिवार्य अंग है और यह नियोक्ता का अधिकार है कि व कर्मचारी को कहीं भी स्थानांतरित करे। कोर्ट ऐसे मामलों में तभी हस्तक्षेप कर सकती हैं, जब इस प्रकार का स्थानांतरण दुर्भावनापूर्ण हो और किसी नियम का उल्लंघन कर रहा हो। कोर्ट ने आगे कहा कि पति-पत्नी के एक ही जनपद या स्थान पर तैनाती के सम्बंध में स्थानांतरण नीति कहती है कि 'यथासंभव, एक ही स्थान पर तैनात किया जाए'। 'यथासंभव' शब्द के प्रयोग से ही स्पष्ट है कि एक ही स्थान पर तैनाती अनिवार्य नहीं है।

## यूरोपीय संघ और मेक्सिको पर ट्रंप ने लगाया 30% शुल्क

ब्रिजवॉटर, एजेंसी



- ईयू को पत्र में कहा- अमेरिका का व्यापार घाटा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार यूरोपीय संघ (ईयू) और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते पर पोस्ट किए गए पत्रों में यह जानकारी दी। यह शुल्क 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

मेक्सिको के नेता को लिखे अपने पत्र में, ट्रंप ने स्वीकार किया कि मेक्सिको ने उत्तरी अमेरिका को मादक पदार्थ की तस्करी के मैदान में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को लिखे अपने पत्र में कहा कि अमेरिका का व्यापार घाटा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। ट्रंप ने ईयू को लिखा, हमने यूरोपीय संघ के साथ अपने व्यापारिक संबंधों पर वर्षों तक चर्चा की है और इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हमें आपके शुल्क व गैर-शुल्क नीतियों व व्यापार बाधाओं के कारण उत्पन्न इन दीर्घकालिक, बड़े और व्यापार घाटे से दूर होना चाहिए। दुर्भाग्यवश, हमारे संबंध पारस्परिकता से कोसों दूर रहे हैं।



## स्वियातेक बनीं विंबलडन चैंपियन

**लंदन।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शनिवार को यहां अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हराकर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम का महिला एकल खिताब अपने नाम किया। यह 114 वर्षों में टूर्नामेंट का पहला महिला फाइनल था जिसमें प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सकी। फ्रेंच ओपन में चार और अमेरिकी में एक ट्रॉफी जीतने वाली स्वियातेक ने सेंटर कोर्ट में केवल 57 मिनट में 13वीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराकर अपना छठा ग्रैंडस्लैम जीता। विंबलडन को लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन मिली।

## धर्म छिपाकर हिंदू धर्म का चोला पहने मिले, 68 दबोचे

**देहरादून।** ऑपरेशन कालनेमि के चौकाने वाले नतीजे सामने आ रहे हैं। शनिवार को देहरादून और हरिद्वार में 68 फर्जी बाबा पकड़े गए। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि शनिवार को चले अभियान में 23 अन्य ढोंगी छद्मवेष में हिरासत में लिए गए। इनमें से 10 लोग अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। वहीं, एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार, ऑपरेशन कालनेमि में पुलिस टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोतवाली नगर से 13, श्यामपुर से 18, कनखल से 8 और कलियर से 6 सहित 45 ढोंगी साधु गिरफ्तार किए हैं।

## दिल्ली में भरभराकर गिरी चार मंजिला इमारत, छह की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- हादसे में आठ लोग घायल, कई के मलबे में दबे होने की आशंका



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से दो साल की बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक, उनकी पत्नी, दो बेटों और दो अन्य लोगों के शव मलबे से निकाले गए, और उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मलबे में अबतक फंसे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) समेत कई एजेंसियों को तैनात किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें वेलकम पुलिस थाने में शनिवार सुबह लगभग सात बजकर चार मिनट पर ईदगाह, वेलकम के निकट चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना मिली थी।

## भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का कर रही सामना

हैदराबाद, एजेंसी

### प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा- व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत

- दीक्षांत समारोह में छात्रों को सलाह कि छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर पढ़ाई करें, न कि परिवार पर बोझ डालें



प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में कभी-कभी कई दशकों की देरी हो सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें।

उन्होंने कहा, हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया। अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास में लिखा था, हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे। अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धृत किया। विदेश में मास्टर डिग्री हासिल करने के दबाव पर न्यायमूर्ति गवई ने कहा, सिर्फ एक विदेशी डिग्री आपकी योग्यता पर मुहर नहीं है।

यह फैसला बिना सोचे-समझे या अपने साथियों के दबाव में न लें। इसके बाद क्या होगा? बरसों का कर्ज, चिंता, आर्थिक बोझ तले करियर के फैसले। उन्होंने कुछ युवा स्नातकों या वकीलों का उदाहरण दिया, जो विदेश में शिक्षा के लिए 50-70 लाख रुपये तक का ऋण लेते हैं। वास्तव में, 50-70 लाख रुपये जैसी बड़ी राशि का एक छोटा सा हिस्सा स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू करने या कार्यालय कक्ष बनाने के लिए, निवेश के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### पारदर्शी व योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे

गवई ने कहा, अगर हम अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखना चाहते हैं या उन्हें वापस लाना चाहते हैं, तो इसमें बदलाव लाना होगा। हमें एक सृजनात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा, पारदर्शी और योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात, भारत में कानूनी शोध और प्रशिक्षण की गरिमा और उद्देश्य को बहाल करना होगा। कानूनी पेशेवरों के समक्ष आने वाले मानसिक दबाव के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि काम के घंटे लंबे होते हैं, अपेक्षाएं अधिक होती हैं और संस्कृति कभी-कभी निर्मम होती है। भारत की कानूनी विरासत का सिर्फ जश्न मनाना ही काफी नहीं है, इसके भविष्य का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि शोधकर्ताओं, युवा शिक्षकों, वकीलों और विद्वानों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है।



घंटाघर साइड में स्टेशन के रास्ते पर जलभराव। अमृत विचार



स्टेशन के स्टैण्ड तक पहुंचने के लिए कीचड़, जलभराव से जूझना पड़ता।



स्टेशन के अंदर जाने के लिए लंबी सीढ़ी में हांफ रहे बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे। अमृत विचार

# स्टेशन आना तो गिरना-फिसलना, हड्डियां तुड़वाना

## घंटाघर से स्टेशन मार्ग पर आते ही यात्रियों की मुश्किलें बढ़ जातीं, वाहन स्टैण्ड पहुंचने में लाले, स्टेशन की सड़कें बन चुकी पगडंडी

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशनों की श्रेणी में लाने की कवायद तो चल रही है लेकिन स्टेशन के रास्ते की हालत इतनी खस्ता है कि स्टेशन पहुंचना कमजोर शख्स के बस की बात नहीं है। 70 से अधिक सीढ़ियों को पार करके फुटओवर ब्रिज तक पहुंचना बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए कड़ी परीक्षा से कम नहीं है। बारिश के कारण सेंट्रल स्टेशन रास्ते की इतनी दुर्दशा हुई है। अफसोसनाक पहलू ये है कि जलभराव को दूर करने का कोई उपाय न तो रेलवे की ओर से किया गया है और न ही नगर निगम ने अपनी जिम्मेदारी समझी। आधा परिसर नगर निगम की परिधि में आता है।



स्टेशन जाने का रास्ता जलभराव के चलते बना पगडंडी। अमृत विचार

शनिवार को अमृत विचार संवाददाता ने सेंट्रल स्टेशन जाने वाले यात्रियों की पीड़ा को करीब से देखने की कोशिश की। घंटाघर से सेंट्रल स्टेशन की ओर मुड़ते ही स्टेशन के दोनों रास्तों पर घुटनों तक जलभराव था। इसी जलभराव के बीच मार्ग में ही चाय, पान-मसाला, इलेक्ट्रिक सामान, सिमकार्ड, खाने पीने की दुकानें लगी थी। स्टेशन के जो यात्री घंटाघर की ओर निकलने की कोशिश कर रहे थे और जो यात्री घंटाघर से स्टेशन जा रहे थे उन्हें पगडंडी जैसे रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा था। वाहन स्टैण्ड में वाहन जमा करने वालों के कपड़े, जूते, मोजे कीचड़ और जलभराव में बर्बाद हो रहे थे। इसी वाहन स्टैण्ड के रास्ते में टेंपो, ऑटो और ई रिक्शा वाले डटे थे।

### पहाड़नुमा रास्ता, मेट्रो स्टेशन जाने से कतराते

- आरक्षण केंद्र की ओर से लोग पहाड़ नुमा रास्ते से अपनी जान जोखिम में डालकर जाने को मजबूर हैं। मंदिर के सामने यहां जरा सा पैर फिसल जाए तो हाथ पैर टूटना तय है। इसी प्रकार सेंट्रल स्टेशन से मेट्रो स्टेशन जाने का रास्ता ऐसे कीचड़ नुमा है कि मेट्रो स्टेशन के अंदर जाने में यात्री घबरा रहे हैं। मेट्रो स्टेशन जाने का रास्ता तो है लेकिन मेट्रो का संकरा रास्ता देख यात्री अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।

### फुटओवर ब्रिज की सीढ़ी पर मोच खा सकती कमर

- सिटी साइड में फुटओवर ब्रिज तक पहुंचने के लिए थोड़ा आगे बढ़ने पर आखिरकार वह सीढ़ी नजर आ जाएगी जिससे होकर लाखों यात्री स्टेशन के अंदर पहुंचते हैं। यहां 70 से अधिक सीढ़ियों को पार करने के बाद ही आप स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर पहुंच पाएंगे। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए ये सीढ़ी मुसीबत से कम नहीं है। यदि आपके पास भारी सामान है तो इस सीढ़ी से चढ़कर फुटओवर ब्रिज तक पहुंचने में आपकी कमर भी मोच खा सकती है।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का कार्य चल रहा है। यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। हो सकता है बारिश के कारण थोड़ा दिक्कत हुई हो।

–अमित सिंह, जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य जोन

# चूहों ने खोखले किए प्लेटफार्म, खोदी सुरंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टेशन पर कई प्लेटफार्म धंसे, चूहों की सुरंग और मेट्रो की खोदाई बढ़ा रही खतरा

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर चूहों ने जमीन कुतर कर ऐसी खोखली कर दी है, जिससे प्लेटफार्म धंस रहे हैं। यही नहीं, स्टेशन से सीपीसी रेलवे गोदाम तक जमीन के नीचे सुरंग भी बना डाली है। यहां मेट्रो की खोदाई भी चल रही है, जिसके कारण कानपुर-दिल्ली के साथ फर्रुखाबाद ट्रैक के लिए खतरा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

कोपरगंज स्थित सीपीसी गोदाम में चना, दाल, गेंहू, चावल समेत विभिन्न खाने पीने की रैक आती रहती हैं, इसके चलते यहां चूहों का आतंक साफ देखा जा सकता है। सेंट्रल स्टेशन पर चूहों की धमाचौकड़ी रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम रही हैं। हालांकि इस संबंध में उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह का कहना है कि एक दशक पूर्व चूहों की भरमार थी, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था की



धंस रहा प्लेटफार्म। अमृत विचार

गई है कि चूहे दिखाई नहीं देते हैं। स्टेशन पर जांच कराई जाएगी, यदि चूहे होंगे तो उनसे निपटने का बंदोबस्त किया जाएगा। वहीं उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि सेंट्रल स्टेशन पर चूहे तो हैं, लेकिन सीपीसी गोदाम तक सुरंग बना दी है, इसकी जानकारी नहीं है।



जगह–जगह प्लेटफार्म की फर्श उखड़ी है। अमृत विचार

## एक नजर

### सावन के महीने में चार भंडारे लगेंगे

**कानपुर।** श्री अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से इस वर्ष सावन के महीने में चार अलग–अलग स्थानों पर बाबा के विशाल भंडारे का आयोजन होगा। समिति की ओर से बताया गया कि पहला भंडारा 13 जुलाई रविवार को अपने कलेक्शन सेन्टर वाले स्थान बारात घर, गोविन्द नगर में आयोजित होगा। द्वितीय भंडारा 20 जुलाई दिन रविवार को सतबरी व तृतीय भंडारा 29 जुलाई को मंगलवार स्थान कुली बाजार व चतुर्थ एवं अंतिम भंडारा 3 अगस्त को रविवार के दिन गोविन्द नगर में आयोजित किया जाएगा।

### मामूली विवाद में पड़ोसियों में चली बेल्ट

**कानपुर।** जाजमऊ के वाजिदपुर में देशी शराब ठेके के सामने दो पड़ोसी विशाल व गौरव शनिवार शाम को आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर प्लास्टिक पाइप और बेल्ट चली। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने उनकी पहचान कर थाने बुलाया। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि दोनों पक्षों पर शांतिभंग की कार्रवाई होगी।

### आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी के चंद्रनगर इलाके की युवती आठ मई को लापता हो गई थी। भाई ने चकेरी थाने में आंनदनगर निवासी कृष्णा के खिलाफ बहन को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि कृष्णा को गिरफ्तार कर लिया है।



दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ.उदय नाथ। अमृत विचार

# तीन स्वास्थ्य केंद्रों में प्रभारी गायब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टीकाकरण दिवस पर टीकाकरण कक्ष में ताला

**अमृत विचार।** शनिवार को तीन स्वास्थ्य केंद्रों में निरीक्षण में सीएमओ को तीन प्रभारी समेत 14 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले और टीकाकरण कक्ष पर ताला लगा मिला।

सीएमओ डॉ.उदय नाथ शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केपीएम पहुंचे, यहां पर उनको प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अंजना संखवार अनुपस्थित मिलीं और उनके नाम के सम्मुख ऑफ लिखा हुआ था। शनिवार को टीकाकरण दिवस होने के बाद भी वह ड्यूटी पर नहीं थीं। डॉ.अंजना के अलावा केंद्र से फार्मासिस्ट पंकज कुमार, बीएचडब्लू संतोष सिंह और सीसीपीएम दीपक तिवारी भी नदारद पाए गए। इसके बाद सीएमओ सुबह 10 बजे गुप्तार घाट स्थित स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचे, यहां भी प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थित मिले।

सेंटर में एएनएम पूजा के अलावा कोई भी स्वास्थ्य कर्मी केंद्र में सीएमओ को मौजूद नहीं मिला, जिसमे डॉ.विकास सचान, सपोर्ट स्टॉफ सपना गुप्ता व स्वीपर रोबिन कुमार नदारद थे। टीकाकरण दिवस पर टीकाकरण कक्ष में ताला बंद मिला। यहां का निरीक्षण करने के बाद सीएमओ सुबह करीब साढ़े 10 बजे बेनाझाबर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, यहां पर भी उन्हें प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थित मिले। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.आभा मिश्रा के नाम के सम्मुख ऑफ लिखा था। उनके अलावा स्टाफ नर्स मीरा देवी, एलटी संतोष कुमार, एएनएम वेद कुमारी, पिंकी निगम व शशी शुक्ला ड्यूटी से नदारद पाए गए। सीएमओ के मुताबिक अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी को निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। अनुपस्थित सभी कर्मियों का शनिवार का वेतन या मानदेय रोका जाएगा।

# चलती बस में भिड़ गई युवतियां, जमकर हुई मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोबाइल चार्जिंग को लेकर हुआ विवाद, बाल नोंचते-थप्पड़ मारते वीडियो वायरल
- अहमदाबाद से कानपुर आ रही थी ट्रैवेल एजेंसी की बस, दोनों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**अमृत विचार।** अहमदाबाद से कानपुर आ रही प्राइवेट बस में मोबाइल चार्जिंग को लेकर दो युवतियों में जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक दूसरे का बाल नोंचकर पीटा, लातें मारीं। मारपीट करने वाली एक युवती बस चालक की पत्नी है। अर्मापुर नहर के पास से जब बस गुजरी तो एक युवती की चीख सुनकर ट्रैफिक दरोगा ने बस रुकवाई। मामले की सूचना पनकी इंस्पेक्टर को देकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। जहां महिला यात्रियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई हुई।

अर्मापुर नहर के पास चलती बस में युवतियां मारपीट कर रही थीं। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रैवल एजेंसी की बस अहमदाबाद से वाया कानपुर राजस्थान जा रही थी। बस में एक पक्ष शाहजहांपुर के सुभाषनगर निवासी पारुल सिंह अपने भाई नितिन के साथ सवार थीं। वह चित्तौड़गढ़ स्थित सांवरिया सेठ के दर्शन करके कानपुर आ रही थीं। वहीं जालौन के डकोर गुडाह गांव निवासी रेनू अपने पति (बस चालक) सोनू विश्वकर्मा के साथ कोटा से फजलगंज आ रही थीं। रेनू के साथ जालौन के अभिषेक सिंह, मो. सलीम भी थे। पुलिस के अनुसार दोनों युवतियों में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट को लेकर विवाद हुआ। कुछ ही देर में रेनू व पारुल के बीच जमकर मारपीट हुई। बाल नोंचे, थप्पड़ और लातें मारी। पारुल के भाई नितिन ने हाथापाई की तो रेनू के साथ मौजूद लोगों ने भी मारपीट की। अन्य सवारियों ने मारपीट का वीडियो बनाया। पारुल ने बस रोकने के लिए चालक से कहा तो उसने फजलगंज डिपो में ही रुकने की बात कहकर गति बढ़ा दी। जब बस अर्मापुर नहर के पास पहुंची तो पारुल ने शोर मचा दिया और मौजूद ट्रैफिक दरोगा राजकुमार सिंह तोमर ने बस रुकवाई। दरोगा दोनों पक्ष को लेकर पनकी थाने पहुंचे। पनकी इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।


## सार-संक्षेप

### गीता टंडन कपूर को यूपी रत्न सम्मान



गीता टंडन।

**कानपुर।** नेशनल यूथ पावर एसोसिएशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी व आयकर अधिकारी गीता टंडन कपूर को उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें टेबल टेनिस में अभूतपूर्व सफलता व देश के लिए अनेक पदक जीतने पर मिला है। नेशनल यूथ पावर एसोसिएशन के फाउंडर व अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, जनरल सेक्रेटरी पुष्पेंद्र सिंह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। हाल ही में उन्हें बिग इम्पैक्ट पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। गीता टंडन कपूर खेल के साथ सामाजिक कार्यों में भी रुचि रखती हैं। जरूरतमंद परिवारों की मदद करती हैं।



पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी ने प्रमाणपत्र बांटे। अमृत विचार

### नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाले बनें

**कानपुर।** फजलगंज स्थित सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र में सुगंध एवं सुरस निर्माण और इसके उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आठ से 12 जुलाई तक किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने सभी प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम में अपने अनुभव को साझा किया। पूवई सांसद सत्यदेव पचौरी ने कार्यक्रम को रोजगार परक बताया और डॉ.भक्ति विजय शुक्ला को इस तरह के रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतिभागियों से नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का आह्वान किया। कहा, अभ्यास करते रहने से सफलता जरूर मिलती है। पूर्व सांसद ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सभी प्रशिक्षुओ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व पार्षद कृष्ण स्वरूप पांडेय, मैत्रये गुप्ता, गुंजन धर गुप्ता अमेरिका से जायना तलरेजा, पश्चिमी बंगाल से डॉ.अमीनुल इस्लाम, दिल्ली से कृष सेठी, प्रथम मिश्रा, हर्ष वर्धन गुप्ता, कृष्ण मिश्रा, अजय सिंह भदौरिया, अंकित प्रजापति व त्रिलोकी सैनी आदि लोग रहे।

**लापरवाही** सीटीआई नहर कूड़ाघर में तब्दील, उठती भारी दुर्गंध

# नहर के तट सुधार पर सिंचाई विभाग सुस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिंचाई विभाग ने अब तक न कार्ययोजना दी और न ही एस्टीमेट
- नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग से 7 करोड़ रुपये किए थे स्वीकृत

**15** वें वित्त के तहत बजट पास हो चुका है

**अमृत विचार।** सीटीआई नहर के तटीय सुधार के लिए नगर निगम पैसा लेकर बैठा है, लेकिन एक महीने के बीतने के बाद भी सिंचाई विभाग कार्ययोजना नहीं दे पाया है और न ही एस्टीमेट बनाकर पैसे की मांग की है। नहर में सॉलिड वेस्ट को जाने से रोकने के लिए 7 करोड़ से कार्य होने हैं। नहर कोठी से लेकर सीटीआई नहर दोनों साइड आबादी के मल रोकने को पक्की दीवार बनेगी। नगर निगम ने इसको लेकर 15वें वित्त के तहत बजट पास कर दिया है। लेकिन, बावजूद इसके सिंचाई विभाग रुचि नहीं ले रहा है।



सीटीआई नगर में कूड़ा भरा पड़ा है। अमृत विचार

विधायक सुरेंद्र मैथानी ने विधानसभा सत्र के दौरान छठी मइया के पूजन के महिलाओं की सुविधा के लिए तीन किलोमीटर लंबी सीटीआई नहर को पक्का कराने की मांग की थी। 17 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया था। 15वें वित्त में 7 करोड़ रुपये मिल गए हैं। नगर निगम ने इसको लेकर बजट को एलॉट कर दिया है। पिछले महीने सिंचाई विभाग के साथ बैठक के दौरान नगर निगम ने कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए थे। लेकिन, एक महीना बीतने के बाद भी सिंचाई विभाग ने एस्टीमेट नहीं दिया है। जिसके बाद नगर निगम ने एक बार फिर से विभाग से तत्काल ही एस्टीमेट के साथ कार्ययोजना मांगी है, ताकि कार्यों को शुरू कराया जा सके। मुख्य अभियंता सिविल एसएफए जैदी ने सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर शीघ्र कार्ययोजना देने के साथ बजट की मांग करने को कहा है।

### नहरों में फेंक रहे कूड़ा कर रहे शौच

- नहर पट्टियों पर काबिज लोग नहर के किनारे खुले में शौच कर रहे हैं। नगर नगम की जांच में यह तथ्य सामने आया है। नगर निगम नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि नहर पट्टियों पर अवैध रूप से काबिज लोगों द्वारा खुले में शौच किया जा रहा है, जिसके कारण नहरों में गंदगी जा रही है। उन्होंने कहा कि नहरों के आस–पास चट्टे भी चल रहे है। जिससे गंदगी लगातार बढ़ रही है।

## चौक से 15 लाख का सोना लेकर कारीगर फरार

**कानपुर।** चौका सराफा में शनिवार को एक सराफा कारोबारी ने 15 लाख का सोना लेकर कारीगर के भागने की शिकायत पुलिस से की। सात जुलाई को भी कारोबारी अनूप सामंता के यहां से 25 लाख का सोना लेकर कारीगर भाग गया था।

मूलरूप से वेस्ट बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर श्याम सुंदर गांव के शुभांकर सामंता चौक सराफा स्थित गर्ग मार्केट में 15 सालों से जेवरात बनवाने का कारोबार कर रहे हैं। शुभांकर के अनुसार चार माह पहले पश्चिम मेदिनीपुर के श्रीरामपुर दासपुर गांव निवासी सुजित काम करने आया था। उन्होंने 15 लाख का 150 ग्राम सोना सुजित को कुंडल व लॉकेट बनाने के लिए दिया था। बीती नौ जुलाई को कारीगर सोना लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो हैरान रह गए। डेढ़ मिनट के फुटेज में कारीगर मुंह में सोना भरकर दुकान से जाते दिखा। इसके बाद कारोबारी ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# ट्रांसगंगा सिटी पुल बनाने के लिए पूरा बजट देगा यूपीसीडा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**33** भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित किया रानी घाट पर

**04** लेन का सिटी की तरफ से पुल शुरू होगा

**799** करोड़ रुपये लागत आएगी इस पर

- प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी शासन ने प्रबंधन से मांगी
- वित्त समिति को नहीं भेजा जाएगी प्रोजेक्ट की फाइल

**अमृत विचार।** ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड को जोड़ने के लिए प्रस्तावित फोर लेन पुल के निर्माण के लिए पूरा बजट उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ही खर्च करेगा। औद्योगिक विकास विभाग ने परियोजना को हरी झंडी देने से पहले कुछ सवाल प्राधिकरण प्रबंधन से पूछे थे जिनका जवाब दे दिया गया है। शासन ने यह जानने की कोशिश की थी कि बजट कौन खर्च करेगा, निर्माण के लिए सेतु निर्माण निगम को किस स्तर से अधिकृत किया गया। उधर लोक निर्माण विभाग ने रानी घाट पर सर्वे कर 33 भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित किया है। इन भवनों को ढहाया जाएगा क्योंकि इसी रास्ते से पुल की दो लेन गुजरनी हैं। नए भवन बनाने में 13 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

यह पुल ट्रांसगंगा सिटी के दो नंबर गेट से शुरू किया जाएगा। सिटी की तरफ से पुल शुरू होगा तो यह चार लेन का होगा, लेकिन गंगा में आकर इसका आकार वाई हो जाएगा। लखनऊ की ओर से आने वाले वाहन धोबी घाट पर आकर उतरेंगे और भैरवघाट मार्ग होते हुए खलासी लाइन मार्ग रेव-3 के समीप एमराल्ड मार्ग होते हुए शहर में आएंगे। जबकि शहर से ट्रांसगंगा सिटी, उन्नाव, लखनऊ की ओर जाने के लिए रानी घाट होते हुए पुल पर चढ़ेंगे। लोग रानी घाट पर भैरवघाट मंदिर व जलकल के पंप हाउस के मध्य से होते हुए पुल पर जाएंगे। पुल 799 करोड़ रुपये से बनना है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट औद्योगिक विकास विभाग को भेजी गई थीं। वहां परीक्षण के उपरांत मुख्य कार्यपालक अधिकारी से पूछा गया कि बजट कौन खर्च करेगा और सेतु निगम को निर्माण के लिए किस स्तर से अधिकृत किया गया। प्रबंधन ने बता दिया है कि बजट प्राधिकरण ही खर्च करेगा। चूंकि बजट उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को खर्च करना है ऐसे में डीपीआर को वित्त एवं व्यय समिति के पास मंजूरी के लिए नहीं भेजा जाएगा। शासन से हरी झंडी के बाद सेतु निगम को टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक संदीप चंद्रा के मुताबिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट वित्त समिति के पास नहीं भेजी गई थी। शासन स्तर से कुछ जानकारी मांगी गई थी जो उपलब्ध करा दी गई है।

## आज का मौसम

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है ।

| | |
|---|---|
| 33.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 : 04 |

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999



गोविंद नगर बाजार में घुटनों से ऊपर पानी भर गया। वाहन गुजरने पर समंदर की लहरें दिखीं। अमृत विचार

### शहर में पिछले दिनों में अब तक हुई बारिश

| तारीख | मिमी |
|---|---|
| 11 जुलाई | 1.6 |
| 10 जुलाई | 0.6 |
| 09 जुलाई | 15.6 |
| 07 जुलाई | 3.8 |
| 06 जुलाई | 28.1 |
| 05 जुलाई | 53.9 |
| 04 जुलाई | 1.8 |

नोट : सीएसए विवि . के मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार

**35**

*मिमी बारिश सीएसए विवि के अनुसार हुई वहीं चकेरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन के अनुसार 126.6 मिमी रिकॉर्ड की गई।*

अमृत विचार




## जर्जर मकान का छज्जा गिरा, दूधिया घायल

कानपुर । अनवरगंज स्थित आलम मार्केट चौराहा पर शनिवार दोपहर बारिश के कारण 200 साल पुराने मकान का जर्जर छज्जा सड़क पर भरभरा गया। हादसे में कई राहगीर बच गए, लेकिन एक दूधिया मलबे में दबकर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस, अग्निशमन व नगरनिगम की टीम ने मकान के अंदर से लोगों को बाहर निकाला। रास्ता दोनों तरफ से बंद कर जेसीबी से मकान का जर्जर हिस्सा गिराया। घायल दूधिया का अस्पताल में इलाज के बाद घर भेजा गया। आलम मार्केट चौराहा पर स्थित इस जर्जर मकान में 75 वर्षीय बुजुर्ग ध्रुव सक्सेना और उनके भाई 65 वर्षीय हरी प्रसाद का परिवार रहता है। उन्होंने बताया कि मकान के भूतल में चाय व पान मसाला की दुकान है। शनिवार दोपहर के समय बारिश के कारण वह लोग घर में आराम कर रहे थे, तभी करीब 12 बजे अचानक मकान के बाहरी हिस्से में जर्जर छज्जा तेज आवाज के साथ भरभरा गया। इस दौरान दुकानदार शमी की चाय की दुकान पर दूध देने आया कुलीबाजार निवासी दूधिया एहेतशाम मलबे में दबकर घायल हो गया। सूचना पाकर एसीपी अनवरगंज अभिषेक राहुल आलम मार्केट चौराहा पहुंचे और बेरीकेडिंग लगवाकर आवागमन बंद कराया। पुलिस, अग्निशमन व नगरनिगम टीम ने मकान से हरी प्रसाद की पत्नी सुधा, ध्रुव की पत्नी विमला को बाहर निकाला। रास्ता डायवर्ट करके नगर निगम टीम ने जेसीबी से छज्जे के साथ अन्य कमजोर हिस्से को गिराया। इसके बाद चौराहा से आवागमन सामान्य हुआ।

### सीजन की सबसे तेज मूसलाधार बारिश से जलभराव, गोविंद नगर में दुकानों के भीतर तक पहुंचा पानी, सामान खराब

# घरों-दुकानों और फैक्ट्रियों में घुसा पानी, भारी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार को हुई सीजन की सबसे तेज मूसलाधार बारिश से घरों, दुकानों, बाजारों और फैक्ट्रियों में पानी भरने से भारी नुकसान हुआ। जगह-जगह सड़कें धंस गईं जिसमें वाहन फंस गए। बर्रा शास्त्री चौक रोड पर कई गड्ढे हो गए जिसमें कार और अन्य वाहन फंस गए। शास्त्री नगर में भी सड़कें धंसने से आवागमन प्रभावित हुआ। भूसाटोली में सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। पहले से खुदी सड़कों पर कीचड़ हो गया जिससे राहगीर दिनभर परेशान रहे।

सीएसए विवि के अनुसार 35 मिमी बारिश हुई वहीं चकेरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन के अनुसार 126.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। दक्षिण शहर में शनिवार रात से तेज बारिश शुरू हो गई थी। रात में करीब दो घंटे तक मूसलाधार पानी गिरा। इसके बाद सुबह भी धुआंधार बारिश हुई। उत्तर शहर में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई। तेज बारिश से कुछ ही देर में सड़कों पर जलभराव हो गया। गोविंदनगर, किदवईनगर, यशोदानगर ,शास्त्रीनगर, पीरोड, गुमटी, बिरहाना रोड, एक्सप्रेस रोड आदि इलाकों में बाजारों में पानी भर गया। साउथ के कई इलाकों दबौली, गुजैनी, बर्रा में तो पानी घरों के अंदर घुस गया। औद्योगिक क्षेत्रों का भी बुरा हाल हुआ। पनकी व्यापार नगर औद्योगिक क्षेत्र व फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों के भीतर तक पानी घुस गया। उद्यमियों ने बताया कि मशीनें खराब होना, कच्चा माल व तैयार माल खराब होना, मोटर जलना, माल वाहक वाहनों का आवागमन रुकना, खरीदार व्यापारी का न आ पाना जैसी समस्याएं सामने खड़ी हो गई हैं। इसी तरह गोविंद नगर में भी दुकानों के भीतर पानी जाने से व्यापारियों का माल खराब हुआ। कंघी मोहाल, कर्नल गंज, कागजी मोहाल, बजरिया, कर्नलगंज नीची सड़क, नालारोड व रसीद बनिया चौराहा पर जलभराव व कीचड़ की वजह से लोगों का निकलना दूभर रहा।



शास्त्री चौक पर धंसी सड़क में कार फंस गई। अमृत विचार

### 4 महीने से उठा रहे समस्याएं

- औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव पर उद्यमियों ने आक्रोश व्यक्त किया है। उद्योग और व्यापारिक संघ फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल व प्रदीप केड़िया ने बताया कि वे लोग पिछले 4 महीने से औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को उद्योग बंधु की बैठक में उठा रहे हैं। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि सीजन की सबसे तेज बारिश ने सरकारी विभागों की पोल खोलकर रख दी।



पनकी औद्योगिक क्षेत्र में भरा पानी। अमृत विचार

### अलग-अलग स्तर पर हुई बारिश

शनिवार को हुई बारिश को सीएसए विवि और एयरफोर्स में भारी अंतर के साथ रिकॉर्ड किया गया। सीएसए विवि के मौसम विभाग में बारिश 35 मिमी रिकॉर्ड हुई। इसी तरह एयरफोर्स स्टेशन पर बारिश को 126 .6 मिमी दर्ज किया गया। इस पर मौसम विशेषज्ञ डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर के दो अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग स्तर पर बारिश हुई। शहर के दो हिस्सों में बारिश में इतना अधिक अंतर भविष्य में पैची रेन का संकेत भी दे रही है।



झकरकटी बस अड्डे पर जलभराव। अमृत विचार

## झकरकटी बस अड्डा धंसने के बाद झील में तब्दील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिछले 20 साल से दिखाया जा रहा है पीपीपी मॉडल से आधुनिकीकरण का सपना

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा कहने को अन्तर्राज्यीय है लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते ये बस अड्डा धंस रहा है। बारिश में ये बस अड्डा झील दिखाई दे रहा है।

झकरकटी बस अड्डा शहर के दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी है क्योंकि झकरकटी बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिकीकरण होना है। पीपीपी मॉडल बनने का सपना पिछले 20 वर्षों से शहरवासियों को दिखाया जा रहा है। बस अड्डे का मेंटीनेंस नहीं होने के कारण बस अड्डे में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं और अड्डा कई जगह पर धंस चुका है।

शनिवार को जब बारिश हुई तो बस अड्डा झील नजर आने लगा। इस संबंध में बस अड्डा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी का कहना है कि बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिकरण होना है, ऐसे में बस अड्डा शिफ्ट होगा।



केशव की रोती बिलखती मां को रिश्तेदारों ने संभाला। अमृत विचार

## करंट से चिपकी गाय को बचाने में किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के संजय गांधीनगर में हादसा
- लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान बिजली के खंभे में उतरे करंट का झटका लगने से गोवंश छटपटाने लगा। तभी वहां से निकले किशोर ने गोवंश को बचाने का प्रयास किया और करंट से उसकी मौत हो गई। गाय बच गई। घर से करीब 100 मीटर दूर हुए हादसे की खबर पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को किसी तरह शांत कराया।

संजय गांधीनगर निवासी रामजी तिवारी प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी मोनी व दो बेटे अंश और 15 वर्षीय केशव था। रामजी के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे तेज बारिश हो रही थी। इसी बीच बेटा केशव घर से कुछ दूरी पर स्थित किराना की दुकान में सामान लेने गया था। लौटने समय जब वह गली में पहुंचा तो बिजली के पोल में उतरे करंट से एक गोवंश को छटपटाता देखा। यह देख उसने गोवंश को बचाने का प्रयास किया। केशव ने गोवंश को बचा भी लिया, लेकिन खुद करंट की चपेट में आ गया। राहगीरों के शोर मचाने पर जब परिजन व आसपास के लोग भागकर पहुंचे तो वह करंट से झुलसकर जमीन पर बेदम पड़ा था। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। किशोर की मौत से गुस्साए क्षेत्रीय लोगों ने खंभे के पास खड़े होकर बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। हनुमंत विहार पुलिस ने आक्रोशित लोगों को किसी तरह समझाकर शांत कराया।



केशव तिवारी। अमृत विचार

## बारिश में बिजली हुई गुल दो लाख लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पूरे दिन केस्को के कंट्रोल रूम में फोन घनघनाते रहे

**अमृत विचार।** शहर में हुई तेज बारिश का सितम कई क्षेत्र के लोगों को शाम तक झेलना पड़ा क्योंकि बारिश के कारण 50 से अधिक क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। पूरे दिन केस्को के कंट्रोल रूम में फोन घनघनाते रहे। घंटों बिजली गुल रहने से करीब दो लाख लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मेस्टन रोड, बिसाती बाजार, तोपखाना, चौक, टोपी बाजार, परेड, नई सड़क, रोटी वाली गली, पेचबाग, सुनहरी मस्जिद, रजबी रोड, मॉलरोड समेत दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली दोपहर 12 बजे गुल हुई और रात नौ बजे तक भी नहीं आ सकी। कई क्षेत्रों में सुबह सात बजे से बिजली गुल हो गई थी। इसके अलावा सागरपुरी, कर्रही रोड, केशव नगर, किदवई एन ब्लाक, आशा नगर गल्लामंडी नौबसता, किदवई नगर, गोपाल नगर, देहली सुजानपुर समेत दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों की बिजली भी पांच से छह घंटे तक गुल रही। केस्को पीआरओ देवेंद्र वर्मा के मुताबिक बारिश की वजह से कुछ उपकरण में फॉल्ट होने की वजह से बिजली संबंधित व्यवधान हो गया था, जिसे मरम्मत कराकर कुछ जगहों पर आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जबकि कुछ चुनिंदा जगहों पर मरम्मत कार्य जारी है।

## भूसा टोली में धंसी सड़क, यातायात बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को के अंडरग्राउंड केबल डालने व मेट्रो का काम बताई जा रही वजह

**अमृत विचार।** बारिश में भूसा टोली की सड़क करीब 12 फीट तक धंस गई, जिससे आसपास के मकान में रहने वाले लोगों के बीच दहशत फैल गई। लोग अपने मकानों से निकलकर बाहर आ गए। आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई मौके पर पहुंचे और आरोप लगाया कि केस्को के अंडरग्राउंड केबिल बिछाने के कार्य और मेट्रो निकलने के दौरान कंपन से सड़क धंस गई है। इसके खतरे की जद में कई बिल्डिंग आ सकती हैं। सड़क धंसने पर महापौर प्रमिला पांडेय ने पार्षदों की एक टीम को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा, जिसमें शामिल पार्षद नवीन पंडित, आकर्ष बाजपेई, आदर्श गुप्ता, अमित गुप्ता व मनीष मिश्रा समेत अन्य पार्षदों ने मौके पर मुआयना किया। नगर निगम ने दो जेसीबी मंगवाकर मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान पाया गया कि बारिश के कारण सड़क के नीचे की मिट्टी कमजोर हो गई, जिससे यह हादसा हुआ। भूसा टोली में आरडीएसएस योजना के तहत अंडरग्राउंड केबिल बिछाने के लिए खोदाई का कार्य किया जा रहा है। केस्को की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच की।

केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि अंडरग्राउंड लाइन बिछाने का कार्य सड़क के किनारे किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट में कंपनी की गलती पाई जाती है तो कार्रवाई होगी।





भूसा टोली में सड़क धंसने से आस-पास के मकानों के दरकने का खतरा पैदा हो गया है। अमृत विचार

**जन समस्या** | गोविंदनगर के व्यापारी बोले, नाला-नाली की सफाई न कराने से हो रहा भीषण जलभराव

# नगर निगम की लापरवाही से बाजार और व्यापारियों की तबाही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर के व्यापारियों ने बाजार में हुए जलभराव की वजह नाले और नालियों की सफाई न होना बताया। व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही की वजह से नालियों व नालों को साफ नहीं कराया गया है। इसका असर कारोबारियों पर पड़ रहा है।

बरसात होते ही जलभराव हो जाता है जिससे एक या दो दिन तक बाजार प्रभावित रहती है। दुकानों के अंदर पानी भर जाने से माल खराब हो गया। इससे खासा नुकसान हुआ है। इसके अलावा दिनभर ग्राहक भी नहीं आए। हर साल गोविंदनगर बाजार में भीषण जलभराव होता है और नुकसान झेलते हैं। आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया।



गोविंदनगर बाजार में भरा पानी दुकानों के अंदर घुस गया। अमृत विचार



गोविंद नगर में इस बार नाले व नालियों की सफाई ही नहीं हुई है। यही वजह है कि बारिश होते ही बाजार में जलभराव हो जाता है। जलभराव होने से खरीदार दुकान तक नहीं आ पाते हैं। इससे बारिश वाले दिन व्यापार चौपट हो जाता है। नगर निगम की गलती हम लोगों को भुगतना पड़ता है।

-नितिन जगरानी



बाजार में जलभराव का पानी उतरते ही भीषण गंदगी व्याप्त हो जाती है। कीचड़ को भी कोई साफ करने के लिए नगर निगम का कोई कर्मचारी नहीं आता है। इससे बारिश के बाद दो से तीन दिन का कारोबार प्रभावित होता है। बारिश के पहले शिकायत करने के बाद सुनवाई नहीं है।

-पवन मंध्यान



बाजार में जलभराव के बाद बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना यदि नालियां व नाले की सफाई हो जाए तो काफी हद तक व्यापारियों की परेशानियां दूर हो सकती है। जलभराव होने से कूड़ा उतराने लगता है। बीमारियों का सबसे बड़ी वजह है। व्यापारियों की सुनवाई कहीं नहीं है।

-दिनेश छाबड़ा



बारिश से होने वाला जलभराव बाजार के लिए परेशानी बना हुआ है। नगर निगम की वजह से यह जलभराव होता है। नालियों की सफाई ही नहीं होती, जिससे बारिश होते ही जल निकासी नहीं हो पाती है। दुकानों के भीतर पानी आने से सामान तक खराब हो जाता है। इसकी भरपाई नहीं होती।

-तरुण आनंद

# गेम खेलने में हुआ कर्ज तो मौसी को मार डाला

» रामबाग में वृद्धा प्रेमलता की हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

» पड़ोसी ने दोस्तों संग मिलकर की थी लूटपाट और हत्या, एक आरोपी की पुलिस से हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामबाग में बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या व लूटपाट में शामिल तीसरे बदमाश की शनिवार सुबह दादानगर ढाल पर पुलिस से मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोली आरोपी शहनवाज उर्फ गुलगुल के पैर में लगी। उसके गिरते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वारदात का मास्टरमाइंड पड़ोसी नितिन त्रिपाठी और उसके साथी सारिक अमीन को पुलिस ने ईदगाह कब्रिस्तान के पास से दबोचा है। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पड़ोसी मास्टरमाइंड नितिन ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि गेम खेलने के चक्कर में वह लाखों रुपये हार गया। उस पर काफी कर्ज हो गया था, इसलिए पड़ोस में रहने वाली प्रेमलता (जिसे वह मौसी कहता था) के यहां लूटपाट की योजना बनाई। प्रेमलता भी उन्हें बेटे जैसा मानती थीं। उनके घर में बेटे की तरह ही आनाजाना था। चमनगंज निवासी दो साथियों के साथ लूटपाट की साजिश रची। वारदात के दौरान मौसी ने उसे पहचान लिया। इस वजह से गला घोंटकर हत्या कर दी और भाग निकला। रामबाग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सुनील कृष्ण मिश्रा की 71 वर्षीय पत्नी प्रेमलता की बीते बुधवार को दिनदहाड़े लूटपाट के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस टीम को सीसीटीवी फुटेज से हत्या और लूटपाट करने वालों का सुराग लगा। फुटेज की मदद से ही पुलिस ने पड़ोसी मास्टर माइंड नितिन त्रिपाठी उर्फ पंडित और उसके साथी चमनगंज निवासी सारिक अमीन को ईदगाह कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से कमरे की कुंडी तोड़ने के लिए प्रयोग किया गया पेंचकश, स्कूटी और 10 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान तीसरे हत्यारोपी उन्नाव के गंगाघाट निवासी शहनवाज उर्फ गुलगुल के बारे में पता चला। पुलिस ने उसकी दादानगर ढाल के पास घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए शहनवाज को दबोच लिया। उसके दाहिने पैर में गोली लगी। शहनवाज के पास से तमंचा व कई कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

### 56 कैमरों की फुटेज से पकड़ में आए आरोपी

डीसीपी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर में लगे 56 कैमरों की फुटेज तलाशने के बाद वारदात में शामिल पड़ोसी का पता चला। जिसके बाद सर्विलांस टीम ने उनकी लोकेशन निकाली। पुलिस टीम बनाकर घेराबंदी की गई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों और घर-घर सीसीटीवी लगाने का अभियान चला था। इसी के तहत रामबाग में भी एक परिवार ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। पूरे मोहल्ले में एक ही सीसीटीवी कैमरा था, जिसमें वारदात कैद हुई।

## स्ट्रोक या ब्रेन अटैक गंभीर स्थिति, तुरंत सतर्क हो जाएं

**कानपुर।** परेड स्थित आईएमए सभागार में शनिवार को इस वैज्ञानिक सीएमई का आयोजन किया गया। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.नवनीत कुमार ने बताया कि स्ट्रोक या ब्रेन अटैक एक गंभीर, लेकिन समय पर पहचानी जाए तो काबू में आने वाली चिकित्सा स्थिति है। यदि लक्षणों को तुरंत पहचाना जाए और शीघ्र उपचार शुरू हो तो न केवल मरीज का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि रोगी फिर से सामान्य जीवन जी सकता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.मनीष सिंह ने बताया कि स्ट्रोक के मुख्य लक्षण में चेहरे का एक तरफ झुकना, एक हाथ या पैर में कमजोरी या सुन्नता, बोलने में दिक्कत या अस्पष्ट शब्द, चक्कर आना या संतुलन की कमी व आंखों की दृष्टि अचानक धुंधली होना शामिल है। बचाव के लिए उच्च रक्तचाप, डायबिटीज व कोलेस्ट्रॉल का नियमित परीक्षण जरूरी है। सीएमई में वरिष्ठ डॉक्टरों का सम्मान किया गया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ. विकास मिश्रा, डॉ.अमित गुप्ता, डॉ.पुनीत दीक्षित, डॉ. एसी अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. कुणाल सहाय, डॉ. कीर्ति वर्धन सिंह समेत आदि लोग रहे।



भक्तों को आशीष देते करौली शंकर महाराज। अमृत विचार

# करौली शंकर ने दिया पूर्णता और प्रकृति संतुलन बचाने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- करौली शंकर महादेव दरबार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का हुआ विश्राम

**अमृत विचार।** पिपरगवां स्थित करौली शंकर महादेव धाम 'लवकुश' आश्रम में आयोजित त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव शनिवार को पूर्ण हुआ। इस अवसर पर करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। नेचर विद बैलेंस अभियान के तहत हर घर पौधे लगवाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम सौ पौधे लगाए। शादी की साल गिरह, बच्चों के जन्मदिन, खुद के जन्मदिन, पूर्वजों की पुण्यतिथि आदि अवसरों पर पौधे जरूर लगाएं। सिर्फ पौधे ही नहीं लगाना है बल्कि उनकी सेवा भी करनी है ताकि वे पेड़ बन सकें।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि पूर्णता का अर्थ पाना नहीं, बल्कि जो पाया है उसे फैलाना है। उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन के त्रिगुणों (सत्व, रज, तम) से पार होकर महा शिव की उपलब्धि की ओर बढ़ने का मार्ग बताया और समर्पण को ही पूर्णता की एकमात्र कुंजी बताया। गुरु पूर्णिमा अवसर पर आयोजित तंत्र क्रिया योग दीक्षा पात्रता चयन प्रक्रिया में कुल 2662 आवेदनकर्ताओं में से 2636 साधकों को विभिन्न स्तरों में योग्य पाया गया। सभी चयनितों को पूर्ण गुरु के सान्निध्य में विशेष ध्यान-साधना कराई गई, जो आध्यात्मिक अनुभूति और आत्मिक ऊर्जा जागरण की दृष्टि से एक दुर्लभ अवसर था। करौली शंकर महादेव के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन किया।

## साइबर ठगी का शिकार हुई महिला सिपाही

**कानपुर।** एलआईसी का अधिकारी बनकर साइबर ठग ने महिला सिपाही से 45 हजार रुपये की ठगी की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपित की तलाश शुरू की है।

मूलरूप से बुलंदशहर के अरनिया हिसौटी गांव निवासी रेनू सिपाही हैं और वर्तमान समय में उनकी तैनाती रायपुरवा थाने में है। रेनू के अनुसार सात जुलाई को एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले खुद को एलआईसी का अधिकारी बताकर कहा कि अपकी बीमा पॉलिसी का 1500 रुपये प्रीमियम आया है। रुपये भेजने के लिए उसने गूगल पे भेजा। रेनू के अनुसार उन्होंने पांच हजार रुपये ट्रांसफर किए, इसी बीच उसका दोबारा फोन आया। उसने बताया कि गूगल पे भेजते समय आपके खाते में हमारी तरफ से पैसे चले गए हैं। इसलिए दो बार 20-20 हजार रुपये डाल दें। हिसाब बराबर हो जाएगा। इस पर महिला सिपाही ने वैसा ही और कुल 45 हजार रुपये बताए गए खाते में भेज दिया। इसके बाद जब उन्होंने अपने घर फोन करके एलआईसी पॉलिसी के बारे में जानकारी की तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

## महाविद्यालयों में तैनात किए जाएंगे समन्वयक

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय सभी महाविद्यालयों में वोकेशनल कोर्स समन्वयक तैनात करेगा। कोर्स समन्वयक ही महाविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम को लागू कराने के लिए जिम्मेदार होंगे। समन्वय तैनात करने की सूचना सोमवार तक मांगी गई है। विश्वविद्यालय की महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी की ओर से भेजा गया पत्र सभी महाविद्यालयों तक पहुंचा है। इसमें बताया गया है कि सभी महाविद्यालयों को अगले तीन दिन में वोकेशनल कोर्स समन्वयक का चयन करना होगा। इसकी सूचना भी विश्वविद्यालय को देनी है जिससे कोर्स का संचालन करने वाली टीम के साथ उन्हें जोड़ा जा सके। इन सभी पर जिम्मेदारी होगी कि अपने महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं और कोर्स पूरा कराएं।

# पानी बना नहीं सकते, बचा सकते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पानी को बनाया नहीं जा सकता है, बचाया जा सकता है। जल की एक-एक बूंद को सहेजना होगा और भविष्य की पीढ़ी को बचाने के लिए जल संरक्षण करना होगा। यह कहना है जल योद्धा पद्मश्री उमा शंकर पांडे का। यह बात उन्होंने नौबस्ता लालपुर, मछरिया, यशोदा नगर स्थित प्राइमरी स्कूलों में आयोजित पानी की पाठशाला के दौरान कही।

जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए जल शक्ति विद्या पीठ के तत्वावधान में प्रदेश के कई जिलों में अब तक 2500 से अधिक पानी की पाठशाला का आयोजन किया जा चुका है। इस मुहिम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री रामकेश निषाद और जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, सचिव अंकित पांडेय ने राज्य भूगर्भ जल कार्यालय लखनऊ से किया था। पानी की पाठशाला के माध्यम से प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन के विद्यार्थियों, किसानों, आम नागरिकों और जल के जानकारों को जल के महत्व, जल संकट और संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इन पाठशालाओं में किसानों को बताया जाता है कि वे सिंचाई में कैसे पानी की बचत करें, बच्चे कैसे अपनी दिनचर्या में जल बचत करें और आम नागरिक किस तरह घरेलू स्तर पर पानी की बर्बादी रोक सकते हैं। जल योद्धा उमाशंकर पांडेय की जल संरक्षण मुहिम की सराहना खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में कर चुके हैं।




पानी की पाठशाला के तहत जागरुकता यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

- पानी की पाठशाला बनी जनांदोलन, 2500 से अधिक स्कूलों में कार्यक्रम

# व्हाट्सएप ग्रुप से चल रहा सेक्स रैकेट पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संचालक समेत 11 गिरफ्तार, नाबालिग लड़की-लड़का मिले

**अमृत विचार।** कल्याणपुर पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप पर फोटो भेजकर संचालित होने वाले देह व्यापार गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो संचालक, एक किशोरी, नाबालिग ग्राहक भी शामिल है। कमरे से काफी आपत्तिजनक वस्तुएं व चार वाहन बरामद हुए। पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े लोगों की तलाश शुरू कर दी है। ग्राहकों में ज्यादातर युवा ही हैं।

पुलिस के अनुसार संचालकों ने पूछताछ में बताया कि गूबा गार्डेन इलाके में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आने वाले छात्र ज्यादातर रहते हैं। यह युवा ही उनके नियमित ग्राहक हैं। पुलिस के अनुसार गैंग संचालक आसपास जिलों से भी लड़कियों को ठेके पर बुलाते थे। संचालक आशीष पाल और शुभम पटेल ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था। जिसे कई ग्रुपों व लोकल एप से भी जोड़ा था। एप के माध्यम से फुल बॉडी सर्विस के नाम पर ग्राहकों को जोड़ते थे। व्हाट्सएप कॉल आने पर लड़कियों की फोटो भेजते। पैसे का सौदा होने पर बुलाया जाता। होटल न होने पर गूबा गार्डेन स्थित एक भवन के निचले खंड पर ग्राहकों को बुलाते थे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े ये लोग

- रैकेट संचालक बारासिरोही कल्याणपुर निवासी आशीष पाल, गूबा गार्डेन न्यू अशोक नगर निवासी शुभम पटेल, बिल्हौर के शांतीनगर की युवती, कल्याणपुर नानकारी निवासी रितिक सोनकर, नानकारी का ऋषि तोमर, बारासिरोही वकीलनगर का अमन चौरसिया, आईआईटी सोसाइटी का अभिषेक श्रीवास्तव व नानकारी का रमन प्रजापति है।

## सार-संक्षेप




राखी बाजार के आयोजकों ने फोटो शूट कराया। अमृत विचार

### राखी बाजार में 8 हजार खरीदार पहुंचे

**कानपुर।** अर्पिता महिला मंडल की ओर से किंग्सटन होटल में राखी बाजार आयोजित हुआ। दो दिन चलने वाले राखी मेले के अंतिम दिन बड़ी संख्या में खरीदार मेले में पहुंचे। बाजार में 70 स्टॉल पर विभिन्न प्रकार की राखियों ने लोगों को लुभाया। इसके अलावा स्टॉलों में बच्चों और बड़ों के कपड़े, भगवान के कपड़े, दिवाली के लिए बंदनवार, बेडशीट्स, गिफ्ट आइटम्स आदि शामिल थे। इसके अलावा, खाने के स्टॉल भी लगाए गए थे। इस आयोजन में लगभग आठ हजार लोगों ने भाग लिया। अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा मृगांकी गुप्ता, सचिव श्वेता माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष नंदिता गुप्ता और जॉइंट सेक्रेटरी साक्षी महाना मौजूद रहीं। कार्यक्रम में अनीता लाहोटी, मनीषा नेवटिया, जूही गर्ग, रेवा सोमानी, नेहा अग्रवाल आदि सदस्यों ने भी सहयोग किया।



भदेली बोलती है पुस्तक का विमोचन किया गया। अमृत विचार

### आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी की मनाई 36वीं पुण्यतिथि

**कानपुर।** देव नगर में आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी की 36वीं पुण्यतिथि पर डॉ.विजयप्रकाश त्रिपाठी, विधान परिषद के सदस्य अरुण पाठक, भाजपा नेता सुरेश अवस्थी समेत आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अरुण पाठक ने कहा कि गोरेलाल त्रिपाठी के भीतर की ऊर्जा से अनेक लोगों ने अपने स्वरूप को समाज में निखारा। डॉ. सुरेश अवस्थी ने कहा कि आचार्य गोरेलाल परशुराम भगवान के स्वरूप में जीवंत अभिनय के लिए अमर रहेंगे। समारोह में डॉ. रमेशचन्द्र शर्मा, महेश चंद्र त्रिपाठी, डॉ. सुषमा सेंगर, अशोक कुमार त्रिपाठी, गिरीश वाजपेयी, जगदीश द्विवेदी, प्रभाकांत मिश्र व पत्रकार अवध दीक्षित को सम्मानित किया गया। डॉ. विजयप्रकाश त्रिपाठी की नवीन कृति भदेली बोलती है, का लोकार्पण अरुण पाठक ने किया। जगदीश द्विवेदी, कवि ओमनारायण शुक्ल, अशोक कुमार त्रिपाठी प्रवीण पाण्डेय, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, सत्या द्विवेदी, सिद्धांत त्रिपाठी, सुबोध वाजपेयी, विपिन निगम, सुनील वाजपेयी, शेखर मिश्र, आदि रहे।

## जानने और सीखने की प्रक्रिया कभी बंद न करें

**कानपुर।** आपको अगर अपने विषय में रुचि नहीं है तो आप आने वाली पीढ़ी को खंडहर बना रहे हैं। शिक्षा देने के साथ-साथ अपने विषय के बारे में और गहराई से जानने और सीखने की प्रक्रिया कभी बंद नहीं होनी चाहिए। शिक्षकों को अपने विषय से संबंधित नए नए तथ्यों और संभावनाओं से हमेशा अपडेट रहना पड़ेगा। यह विचार शिक्षाविद एवं हार्टफुलनेस रिसर्च सेंटर मैसूर के डायरेक्टर डॉ. मोहन दास हेगड़े ने 'हार्टफुलनेस फॉर सेल्फ ट्रांसफार्मेशन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में रखे। उन्होंने बताया कि अगर आप अपने कार्य और कर्म से ऊबने लगे हैं तो समझ जाएं कि आप ठहर गए हैं। बचपन की रुचि या हुनर को जीवंत बनाएं रखें। समन्वयक शालिनी श्रीवास्तव, ध्यान ट्रेनर निरंकार सिंह मौजूद रहे।



डॉ. मोहन दास।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी पर्व को समर्पित यात्रा निकली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास से उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार परविंदर सिंह के सहयोग से प्रातः 10 बजे श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 में शहीदी वर्ष को समर्पित यात्रा निकाली गई। ये यात्रा कानपुर, इटावा, आगरा होते हुए गुरुद्वारा शीशगंज दिल्ली में पहुंचकर गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी स्थान के दर्शन करेगी। इस यात्रा का कानपुर में जोरदार स्वागत किया गया।



सीएम आवास पर यात्रा में शिरकत करते सीएम योगी आदित्यनाथ व अन्य।

शनिवार को गया गुरुद्वारा संकट हरण दुःख निवारण सरसैया घाट, गुरुद्वारा कीर्तन गढ़ गुमटी नंबर 5 में संगत ने बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाकर यात्रा का स्वागत किया। संगत जाप करती चली। इस दौरान बच्चों के हाथों में केसरिया झंडा था। गुरुद्वारा सरसैया घाट में सांसद रमेश अवस्थी जिला अध्यक्ष उत्तर अनिल दीक्षित, सुरेश अवस्थी, रघुनंदन सिंह भदौरिया ने यात्रा का स्वागत किया। सरदार रविंदर सिंह रिंकू, सरदार अजीत सिंह छाबड़ा, सरदार हरजीत सिंह कालरा, सरदार प्रतिपाल सिंह, हरमीत सिंह सरबजीत सिंह कोहली वीर जी ने पंज प्यारों को सम्मानित किया। जगनैन सिंह नौनी, प्रदेश सरकार के मंत्री प्रधान बलदेव सिंह ओलख आदि मौजूद रहे।

**विकास की ओर** | मौके पर निर्माण सामग्री आने लगी, दो साल में निर्माण का लक्ष्य

# सुजातगंज क्रासिंग पर पुल बनाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सुजातगंज रेलवे क्रासिंग गेट नंबर 78 बी पर ओवरब्रिज बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। क्रासिंग के पास पाइल टेस्टिंग का काम पूरा होने के बाद मौके पर निर्माण सामग्री आने लगी है। इस पुल का निर्माण 97 करोड़ रुपये से किया जाएगा। पुल की लंबाई 710 मीटर और चौड़ाई 7.3 मीटर होगी। काम दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रैक के ऊपर पुल का निर्माण रेलवे करेगा, बाकी हिस्सा उत्तर प्रदेश सेतु निर्माण निगम बनाएगा। हावड़ा-दिल्ली रेलमार्ग पर चंदारी स्टेशन से गोविंदपुरी के लिए मालगाड़ियों के लिए अलग से बाइपास डबल ट्रैक बिछा है। सुजातगंज रेलवे क्रासिंग इसी मार्ग पर पड़ती है। इस क्रासिंग को पार करके दर्जनों क्षेत्रों में दो लाख लोग प्रतिदिन आते जाते हैं।

**इस क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभः** सुजातगंज, श्याम नगर, कर्मचारी नगर, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, अजीतगंज, गद्दियाना, चिश्ती नगर आदि।



सुजातगंज रेलवे क्रासिंग के पास रखी ब्रिज की निर्माण सामग्री। अमृत विचार

> सुजातगंज रेलवे क्रासिंग पर ब्रिज बनना है, अभी छावनी बोर्ड से एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) नहीं मिला है, एनओसी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-जावेद अख्तर, मुख्य अभियंता, गति शक्ति अभियान, उत्तर मध्य जोन**

**97** करोड़ से अधिक है पुल की लागत।

**710** मीटर लंबा बनाया जाएगा आरओबी।

**7.3** मीटर होगी इस पुल की कुल चौड़ाई।

### 150 मालगाड़ियां रोज गुजरतीं

- दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर चंदारी से गोविंदपुरी तक अलग बिछे ट्रैक से 24 घंटे में लगभग 150 मालगाड़ियां गुजरती हैं। इस कारण रेलवे क्रासिंग अधिकतर समय बंद रहती है, जिससे सबसे ज्यादा परेशान स्कूली बच्चे और कार्यालय जाने वाले लोग होते हैं।

# शुक्लागंज के लिए नया पुल दीवाली तक शुरू हो सकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इसी माह खुलेगी तकनीकी बिड, फिर लिया जाएगा फाइनेंशियल बिड पर फैसला
- कानपुर छोर पर ओईएफ मैदान के बगल से शुरू होकर दुर्गा मंदिर पर उतरेगा

**अमृत विचार।** ध्वस्त हुए शुक्लागंज पुल के स्थान पर नया फोरलेन पुल बनाया जाएगा। इसके निर्माण में वर्ष 2070 तक की यातायात जरूरत का ध्यान रखा जाएगा। सेतु निगम पुल निर्माण के लिए टेंडर जारी कर चुका है। 400 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस पुल के निर्माण के लिए इसी माह के अंत तक तकनीकी बिड, फिर फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। सब कुछ ठीक रहा तो दीपावली के आसपास पुल निर्माण का काम शुरू हो सकता है।

गंगा नदी पर कानपुर को उन्नाव से जोड़ने वाले पुराने शुक्लागंज पुल का एक स्पैन 26 नवंबर 2024 को ढहकर नीचे पानी में गिर गया था, गनीमत थी कि इस पुल पर यातायात पहले ही बंद किया जा चुका था। वर्तमान में थोड़ी दूर पर बने नए पुल से आवागमन होता है, लेकिन यहां सुबह-शाम व्यस्त समय में जाम लगता है। सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक विजय कुमार सेन ने बताया कि पुराने पुल से 50 मीटर की दूरी पर नए पुल का निर्माण किया जाएगा। जुलाई माह के अंतिम सप्ताह तक तकनीकी इसके बाद फाइनेंशियल बिड खुलेगी।



### 880 मीटर लंबा बनाया जाएगा पुल

नया शुक्लागंज पुल 880 मीटर लंबा बनेगा। कानपुर छोर पर ओईएफ मैदान की दीवार के बगल से शुरू होकर शुक्लागंज में दुर्गा मंदिर के पास उतरेगा। इसके लिए शुक्लागंज रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) बनाया जाएगा।

## पति ने मारपीट कर गला दबाया, रिपोर्ट

**कानपुर।** अतिरिक्त दहेज की मांग कर पति ने महिला पीटा और गला दबाकर बेदम कर दिया। होश में आने पर पीड़िता ने मामले की शिकायत नवाबगंज पुलिस से की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। ख्योरा निवासी रजनी गुप्ता ने बताया कि दिसंबर 2021 को उनका विवाह मध्य प्रदेश के संजय कुमार से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग करने लगे थे। विरोध पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करते। इसके बाद घर से निकाल दिया। नवंबर 2022 में मायके में बेटे का जन्म हुआ। जिसके बाद भी पति दहेज की मांग पूरी न होने पर बच्चा ले जाने की बात कहने लगे। विरोध पर पति ने फिर गाली-गलौज कर मारपीट की। गला दबाकर मार डालने का प्रयास किया।

# रेलवे ट्रैक धंसने की सूचना पर कालिंदी एक्सप्रेस को रोका

## मरम्मत कार्य के चलते करीब 35 मिनट तक मौके पर खड़ी रही कालिंदी एक्सप्रेस


ट्रैक धंसने की जानकारी पर खड़ी कालिंदी एक्सप्रेस। अमृत विचार


ट्रेन से उतरने के बाद हाईवे पर खड़े यात्री। अमृत विचार

संवाददाता, चौबेपुर

● क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने शनिवार की सुबह का मामला

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के धंसने की जानकारी पर कालिंदी एक्सप्रेस को यहां पर रोक दिया गया। अचानक ट्रेन के ठहराव से सवारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रैक को दुरुस्त करने के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया जा सका। इस दौरान करीब 35 मिनट तक एक्सप्रेस ट्रेन मौके पर खड़ी रही।

शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रही सेक्शन टीम के लोगों ने मरियानी गांव के सामने ट्रैक किनारे करीब दो मीटर तक मिट्टी की कटान व ट्रैक धंसा हुआ देखा। इस पर उन्होंने मामले की सूचना चौबेपुर स्टेशन मास्टर भास्कर गंगवार को दी। उन्होंने तत्काल मामले की सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। कालिंदी एक्सप्रेस के आने का समय देखकर सुबह 9:00 बजे रेलवे क्रॉसिंग पर तैनात कीमैन अतर सिंह तत्काल ने ट्रैक पर लाल झंडी लगा दी। इसके कुछ ही देर बाद भिवानी से प्रयागराज जा रही कालिंदी एक्सप्रेस यहां पर आकर रुक गई। अचानक बीच रास्ते में ट्रेन के रुक जाने से सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके चलते तमाम सवारियां ट्रेन से उतर कर नीचे खड़ी हो गईं। सूचना पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने मौका मुआयना व जांच पड़ताल के बाद तुरंत ही ट्रैक का मरम्मत कार्य शुरू कराया। सेक्शन इंजीनियर विकास कुमार ने बताया कि बारिश के चलते हुए मिट्टी कटान के कारण ट्रैक मामूली रूप से धंस गया था। जिसकी जानकारी होते ही सुरक्षा के मद्देनजर एक्सप्रेस ट्रेन को यहां रोक दिया गया। मरम्मत कार्य पूरा होते ही ट्रेन को गंतव्य लिए रवाना करा दिया गया। वहीं ट्रेन के रुकते ही तमाम लोग हाई वे पर आ गये और सड़क परिवहन से जात हुए देखे गये। वहीं कुछ लोग इधर उधर भटकते भी रहे।


घटनास्थल पर मौजूद परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

# रेलवे लाइन किनारे मिला महिला का शव

संवाददाता, शिवराजपुर

● मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** ढुकापुर गांव के सामने शनिवार सुबह एक महिला का शव रेलवे लाइन के किनारे पड़ा देखा गया। राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका देखा और फोरेंसिक टीम को बुलाया। शव की शिनाख्त आइमा निवासी महिला आरती के रूप में हुई। वहीं सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने आरती के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया व थाने में तहरीर दी।

ककवन थाना क्षेत्र के आइमा गांव निवासी रवि पाल की 30 वर्षीय पत्नी आरती का शव ढुकापुर गांव के सामने रेलवे लाइन के पास पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पहुंचे आरती के पिता मोहनपाल पुत्र श्रीबिहारी ग्राम खखरा थाना शिवली कानपुर देहात ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। बताया कि पुत्री आरती की शादी 8 वर्ष पूर्व आइमा गांव निवासी रवि कुमार पुत्र रामधीन के साथ की थी। बेटी के दो बच्चे राज और नित्या हैं। शादी के बाद से ही आरती के ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। बताया कि जानकारी मिली है कि 11 जुलाई की शाम को पति रवि कुमार, ससुर रामधीन जेठ प्रवीण कुमार उर्फ बबलू व सास राममुखी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी व शव को रेलवे लाइन के किनारे फेंक दिया। मैं जब आरती के ससुराल पहुंचा तो वहां पर घर में ताला लगा था। घर के सभी लोग घर से भाग गए थे।

# समाजवादी पार्टी का यूपी में स्कूल बंद करने के खिलाफ प्रदर्शन

**बिल्हौर।** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा 27,000 सरकारी स्कूल बंद करने के कथित फैसले के खिलाफ 'सड़क से संसद तक' आंदोलन की घोषणा की है। साथ ही सपा का कहना है कि अगर यह फैसला वापस न लिया गया तो जबरदस्त आंदोलन किया जायेगा।

सपा का आरोप है कि यह कदम बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन है । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी सरकार के दौरान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लैपटॉप वितरण और कन्या विद्या धन जैसी योजनाओं को चालू किया था। वहीं भाजपा सरकार इसके विपरीत कार्य करते हुए स्कूलों को बंद करके शिक्षा के अवसरों को छीन रही है। इस फैसले के विरोध में, सपा नेता रचना सिंह ने महिगंवा स्थित एक स्कूल में धरना दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सपा एक भी स्कूल बंद नहीं होने देगी। सपा नेत्री ने इस प्रदर्शन को सिर्फ़ मांग नहीं बल्कि एक आंदोलन बताया। इधर ककवन ब्लाक के आठ विद्यालय पड़ोसी विद्यालय मे मर्ज किए जा रहे जिसकों लेकर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व सपा के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने अभियान छेड़ रखा है।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रजनी शर्मा पत्नी राम चन्द्र शर्मा निवासीगण वृह्मम नगर इटावा तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने ..... **जिसका रकवा....... पूर्व पश्चिम ...... उत्तर दक्षिण ...... है जिसकी सीमा पूर्व में प्लाट विकेता पश्चिम में प्लाट दशरथ कठेरिया उत्तर में खेत राजीव दक्षिण मे सड़क इटावा कानपुर मोहल्ला... श्रीमती राजकुमारी पुत्र श्री कृष्ण बिहारी निवासी मोहल्ला–सराय इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रमाकान्ती पत्नी श्याम बाबू निवासीगण शेखूपुर जखौली इटावा तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने .... **. जिसका रकवा....... पूर्व पश्चिम ...... उत्तर दक्षिण ...... है जिसकी सीमा पूर्व में आराजी विकेता पश्चिम में खेत गुड्डू उत्तर में गली 15 फीट गली चौडी दक्षिण मे आराजी विकेता मोहल्ला...श्री महावीर पुत्र श्री मातादीन निवासी मोहल्ला–लुधियॉव इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

## सार-संक्षेप

### बिना टेंडर के बन रहे नाले से बाधित हुई पानी की सप्लाई


नाले की खोदाई करते मजदूर।

**घाटमपुर।** घाटमपुर के कुष्मांडा देवी तिराहे पर बिना टेंडर के नाला बनाया जा रहा है। इस नाले की खुदाई और निर्माण के चलते पानी सप्लाई न होने पर जनता में भारी रोष व्याप्त है। यहां पर नाला खुदाई के बाद पेयजल एवं पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। कुष्मांडा नगर वासियों ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी घाटमपुर से करते हुए समस्या से जल्द निजात दिलाने के मांग की है। घाटमपुर के कुष्मांडा देवी तिराहे पर नगर पालिका के द्वारा बिना टेंडर के नाले का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं जनता का कहना है कि जिस नाले का निर्माण हो रहा है वह पहले से ही अच्छा बना हुआ है। उसका निर्माण होना ही नहीं चाहिए था। कुष्मांडा नगर निवासी लाल बहादुर सिंह, रमेश सिंह सेगर, शिवरतन शर्मा, सुमित, राजन, ध्रुव, अमित, अभय सहित लगभग एक दर्जन लोगों ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जिस नाला का निर्माण कार्य नगर पालिका कर रही है। उस नाला की खुदाई एवं निर्माण कार्य की आवश्यकता ही नहीं है। परंतु नगर पालिका बिना टेंडर निकाले अपनी मर्जी से नाला निर्माण खुदाई का कार्य कर रहा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। नाला खुदाई को लेकर मोहल्ले में करीब चार दर्जन से अधिक घरों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही वहां पर मौजूद दुकानें भी हफ्तों से नहीं खुल पा रही हैं।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**घाटमपुर।** सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि पीआरवी द्वारा अवैध शराब बिक्री की सूचना पर सजेती पुलिस द्वारा दबिश देकर रंजीत 54 पुत्र अच्छेलाल निवासी गुरैइनपुर थाना सजेती को एक झोले में 87 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### एक्सीडेंट में घायल किशोर की अस्पताल में गई जान

**शिवराजपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 5 निवासी कल्लू ( 15 ) व मयंक ( 17 ) पुत्रगण आनंद अवस्थी उर्फ रानू व इसी वार्ड के निवासी सत्यम यादव पुत्र रामनारायण उर्फ नन्नू यादव तीनों लड़के एक ही बाइक से कहीं जा रहे थे। पाठकपुर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी, इससे बाइक सवार तीनों लड़के उछलकर दूर जा गिरे व गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को शिवराजपुर सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें कानपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान शनिवार को गंभीर रूप से घायल कल्लू की मृत्यु हो गई । जानकारी मिली है कि कल्लू के भाई मयंक की भी हालत गंभीर है वह भर्ती है।

### दबंगों ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र स्थित निवासी पुत्तन तिवारी पुत्र गौरी शंकर निवासी ग्राम अग्निविही नेवादा के घर पर 8 जुलाई की सुबह करीब 8 :30 बजे कुछ दबंगों ने हमला कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त, बिल्हौर को एक लिखित शिकायत दी है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, पुत्तन तिवारी जब अपने घर पर थे, तभी उनके गांव के वीरेंद्र कुमार, विशुनदयाल, विकास, प्रेमा देवी और विशुन कुमार एकराय होकर उनके दरवाजे पर आए और फावड़े से उनके घर के चबूतरे को तोड़ने लगे। जब पुत्तन तिवारी ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख, हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पुत्तन तिवारी ने इस घटना के संबंध में तत्काल पुलिस से कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामले मे ककवन पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर ली है।

# सीएमओ ने कर्मचारी को फटकारा

संवाददाता, शिवराजपुर


कर्मचारी को दिशा-निर्देश देते सीएमओ डॉ. उदयनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभिलेख बनवाने के नाम पर पैसे मांगने की हो रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सीएमओ उदयनाथ ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया व शुक्रवार को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर पैसे मांगने के मामले में कर्मचारियों को फटकार लगाई। अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया और परिसर में भ्रमण कर स्टाफ की मौजूदगी देखी। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिलीप सचान को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को काकूपुर सीताराम गांव निवासी महिला रमादेवी के द्वारा सीएचसी में तैनात कर्मचारी द्वारा पैसे मांगने का आरोप लगाया। इस पर सीएमओ ने महिला को बुलाकर कर्मचारी से पूछताछ की और फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी शिकायत दोबारा मिलने पर कठोर कार्रवाई की बात कही।

उन्होंने एक्स-रे मशीन होने के बावजूद एक्स-रे फिल्म न मिलने की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से निर्देश देते हुए सोमवार तक एक्स-रे फिल्म सीएचसी भिजवाने के निर्देश दिए और मरीजों को सोमवार से एक्स-रे फिल्म मिलने के प्रति आश्वस्त किया।

### अस्पताल में लगेंगे सोलर पैनल

सीएचसी स्टाफ के द्वारा लाइट न होने पर जनरेटर न चलने के कारण आने वाली समस्याओं के लिए अवगत कराने पर उन्होंने सीएचसी में सोलर पैनल के लिए प्रस्ताव भेजकर जल्द समस्या का हल कराने का आश्वासन दिया। अगस्त तक 5 एमबीबीएस डॉक्टरों की होगी तैनाती सीएचसी में केवल एक एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती और उससे आने वाली समस्याओं की बात सामने आने पर उन्होंने अगस्त में चार से पांच एमबीबीएस डॉक्टर तैनात करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के चक बांका गांव में चल रहे टीककरण का गांव पहुंचकर जायजा लिया। वहीं इस मामले में सीएचसी अधीक्षक दिलीप सचान ने बताया कि सीएमओ ने अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं देखी व परखीं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 6 वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बच्ची के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था, कि उनकी बेटी घर पर मां के पास सो रही थी, तभी पड़ोस का रहने वाला युवक सद्दाम आया और बच्ची को उठाकर ले गया। इसके बाद युवक ने बगीचे में मासूम के साथ दुष्कर्म किया। बाद में बच्ची को छोड़कर भाग गया था। बच्ची ने घर पर पहुंचकर परिजनों से आपबीती बताई। परिजनों ने साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी युवक सद्दाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दलित महिला के साथ घर मे घुसकर दबंग आरोपी द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किया गया। 8 जुलाई को उक्त महिला सुबह अपने घर पर झाड़ू लगा रही थी तभी शर्मन नाम का युवक उसके घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। किसी तरह से महिला ने अपनी जान बचाई। वहीं घटना के बाद आरोपी ने महिला को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। शनिवार को पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन भी किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26
CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

**ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

**BIU COLLEGE OF MANAGEMENT**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

**बदला मौसम** — जोरदार हुई बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत वहीं जल भराव होने से ग्रामीणों को हुई परेशानी

# झूम-झूम कर बरसा सावन, खिले धान किसानों के चेहरे

संवाददाता बिल्हौर


बारिश के बाद सड़क पर भरे पानी से निकलता व्यक्ति। अमृत विचार


तेज बारिश में निकलते वाहन । अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिल्हौर, ककवन और उत्तरीपूरा में सावन की शुरुआत में ही हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत दी है। इस झमाझम हुई बारिश से धान किसानों के चेहरे खिल हुए हैं वहीं कई जगहों पर जलभराव हो जाने से लोगों को तमाम समस्याओं का भी सामना करना पड़ा।

शुक्रवार सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश से मौसम अत्यंत सुहावना हो गया है और तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई । इस झमाझम बारिश धान उत्पादक किसानों के चेहरों पर देखी जा रही है, क्योंकि यह बारिश उनकी फसलों के लिए अमृत के समान मानी जा रही है। हालांकि, इस खुशी के साथ-साथ कुछ चुनौतियां भी उनके सामने आ गई हैं। क्योंकि ककवन सहित कई गांवों में जल निकासी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। ककवन की गलियां पानी से लबालब भर गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निचले इलाकों और कच्ची सड़कों पर तो स्थिति और भी खराब है। वहां पर पानी भर जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर साल बारिश के मौसम में उन्हें इस तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। पानी जमा होने से न केवल मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, बल्कि अन्य घातक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगता है। बारिश से जहां एक ओर प्रकृति को नवजीवन मिला है और किसानों को उम्मीद की किरण दिखी है। वहीं प्रशासन की लापरवाही और नाकामी के चलते लोगों को तमाम तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है ताकि भविष्य में उन्हें इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बंशीनिवादा गांव की रहने वाली महिला के साथ गांव के कुछ लोगों ने घर में घुस कर मारपीट कर दी है। बंशी निवादा की रीता देवी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की सुबह वह घर के पीछे वाले हिस्से में मवेशियों के चारा-पानी का काम कर रही थी। घर के सभी पुरुष खेतों पर धान की बेल उखाड़ने के लिए गए थे। तभी गांव की रचना, प्रमोद उर्फ शीलू, जयप्रकाश व वेदप्रकाश ने हमला बोल दिया। पीड़िता जब बचने के घर के अंदर भागी तो उक्त ने घर के अंदर घुस कर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। जिससे उसे चोट आई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि घायल का उपचार कराने के साथ ही रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### किशोरी के साथ अश्लीलता पर एफआईआर दर्ज

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से रास्ते में व मोबाइल फोन पर अश्लील बात व हरकत करने के मामले में थाना पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री से गांव के अभिषेक ने रास्ते में अश्लील हरकत की और मोबाइल पर भी अश्लील बात करता है। मना करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। थाना प्रभारी कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध दर्जकर तलाश की जा रही है।

### उड़ीसा के लापता युवक का अभी तक नहीं लगा सुराग

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र से एक पखवारा से अधिक समय से लापता युवक का पुलिस पता नहीं लगा सकी है। नोअल खालको निवासी ज्योति नगर सुंदरगढ़ उड़ीसा का पुत्र अविनाश खालको (32) बीती 25 जून को अपने दोस्त दलबीर सिंह निवासी बीसलपुर थाना मंगलपुर के साथ लड़की दिखाई रस्म में आया था। रात में खाना खाकर वह घर के बाहर फोन पर बात कर रहा था। इसके बाद से वह लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसकी पता नहीं चल सका। इसपर अविनाश के पिता को फोन कर उड़ीसा से बुलाया गया। उन्होंने बेटे की गुमशुदगी मंगलपुर थाने में दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

### लापता सफाईकर्मी को अभी नहीं खोज पाई पुलिस

**राजपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में तैनात सफाई कर्मी संजय कुमार बीती 5 जुलाई को अस्पताल में डयूटी के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। घर न पहुंचने पर उसकी मां राजा बेटी ने 6 जुलाई को राजपुर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन आठ दिन बीतने के बाद भी लापता सफाई कर्मी का पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। कर्मी की मां सीएमओ से भी बेटे के गुमशुदा होने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि सफाई कर्मी की तलाश की जा रही है।

### पुलिस की छापेमारी में तीन जुआरी गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज सूर्यप्रताप सिंह ने बताया कि वह गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि हलधरपुर गांव के समीप कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौका देख अन्य जुआरी भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों ने पूछताछ में अपना नाम सुरेंद्र सिंह वर्मा, आजाद व तौफीक निवासीगण हलधरपुर भोगनीपुर बताया। पुलिस ने उनके पास से 7640 रुपये व एक ताश की गड्डी बरामद की है। साथ ही तीनों के विरुद्ध जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया है।



सरगांव बुजुर्ग गांव में तैयार धान की नर्सरी। अमृत विचार



खाली खेत पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार



बारिश से यूपीएसआईडीसी नबीपुर की सड़क पर जलभराव। अमृत विचार

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

## जनपद में शनिवार को 35 मिमी हुई बारिश, अब धान की रोपाई में आएगी तेजी, खेत तैयार करने में जुट गए किसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- शुक्रवार की रात से सुबह तक रुक-रुककर होती रही बारिश
- सड़कों और गलियों पर पानी भरने से परेशान रहे राहगीर

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार रात से शुरू झमाझम बारिश दोपहर तक जारी रही। इससे मौसम सुहाना हो गया। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई। फावड़ा लेकर खेतों पर पहुंचे किसानों ने मेड़ की मरम्मत की। धान की रोपाई का काम तेज हो गया। बारिश से जगह-जगह हुए जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। शनिवार को 35 मिमी बारिश हुई।

खरीफ में धान व मक्का की फसल जिले में प्रमुखता से होती है। हालांकि ऊंचाई वाले खेतों में किसान बाजरा, तिल आदि की बोआई भी करते हैं। कई दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से खेती किसानी में गति पकड़ ली है। शुक्रवार रात से लेकर सुबह तक अकबरपुर, रूरा, शिवली, रनियां, मंगलपुर, राजपुर, सिकंदरा आदि क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

शनिवार दोपहर तक रुक-रुककर बारिश हुई तो खेतों में धान की रोपाई के लिए जरूरी पानी भर गया। इस पर धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए। किसान घरों से खेत की तरफ निकले और धान की रोपाई का काम शुरू किया। महिलाओं की टोली ने लोक गीत गाते हुए धान की रोपाई की। अकबरपुर के विवेक, श्यामजी आदि ने बताया कि बारिश धान की फसल के लिए बहुत अच्छी है। खेतों में पानी भरने से धान की रोपाई का काम तेज हो गया है।



जोरदार बारिश से लबालब राजपुर कस्बे की गली। अमृत विचार

### धान की फसल के लिए बारिश फायदेमंद

**कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता का कहना है कि मौजूदा समय धान की रोपाई के लिए बेहद उपयुक्त है। धान की खेती के लिहाज से अच्छी बारिश हो रही है। शनिवार को जनपद के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई है। यह बारिश धान की फसल के लिए बेहद फायदेमंद है। बारिश से धान की बेड़ भी हरी-भरी हो गई है। इस बार जनपद में धान का रकबा पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक रहने की उम्मीद है।

### तीन घंटे की बारिश से जलभराव ने बढ़ाई दुश्वारियां

**राजपुर।** उमस भरी गर्मी के बीच शनिवार की सुबह करीब तीन घंटे से ज्यादा समय तक झमाझम बारिश हुई। जिससे पूरे नगर में भीषण जलभराव हो गया। लोहिया नगर व पटेल नगर में नालिया चोक होने से यहां सड़क पर लबालब पानी भरा रहा और मोहल्ले के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव से होकर लोग गृहस्थी का सामान लेने घरों से बाहर निकले। इसी तरह कन्हैया नगर नई बस्ती में सड़क पर पानी भर गया। हालाकि बारिश थमने के कुछ देर बाद पानी की निकासी होने पर लोगों ने राहत ली। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नीति त्रिपाठी ने कहा कि नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही है।

### मूसलाधार बारिश से लुढ़क गया तापमान

**कानपुर देहात।** जोरदार बारिश होने से तापमान में तेजी से गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से भी राहत मिल रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 .4 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पूर्वी हवाएं करीब साढ़े तीन किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार 16 जुलाई तक तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

### मौसम में बदलाव से बढ़ीं बीमारियां, खूब पिएं जूस

मौसम में बदलाव से बीमारियां भी बढ़ने लगी हैं। मेडिकल कालेज के ईएमओ डॉ. निशांत पाठक का कहना है कि मौसम के बदलने और तापमान में होने वाले बदलाव के कारण शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बुखार के बैक्टीरिया आसानी से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। बुखार शरीर को कमजोर कर देता है, जिससे कई तरह की परेशानियां आने लगती हैं। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय भी अपनाना चाहिए। लोगों को खूब पानी पीना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारी में जूस और कैफीन रहित चाय का सेवन करना चाहिए।

## इंजन फेल, 2 घंटे खड़ी रही मुंबई सुपरफास्ट

संवाददाता, पुखरायां

- मालगाड़ी का इंजन मंगाकर झांसी की ओर रवाना हुई ट्रेन

**अमृत विचार।** गोरखपुर से मुंबई जा रही गोरखपुर-मुंबई सुपरफास्ट का इंजन अचानक फेल हो गया। लोको पायलट करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेन स्टेशन ला सके। बाद में मालगाड़ी का इंजन मंगाकर सुपरफास्ट ट्रेन में जोड़ा गया। ऐसे में करीब दो घंटे बाद ट्रेन झांसी की ओर रवाना हो सकी।

गोरखपुर से चलकर मुंबई जाने वाली गोरखपुर-मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन का इंजन शनिवार को लालपुर व मलासा स्टेशन के बीच खराब हो गया। लोको पायलट ने काफी कोशिश की, लेकिन इंजन सही नहीं हो सका। उन्होंने धीरे-धीरे करीब एक घंटा समय लेने के बाद ट्रेन को जैसे-तैसे पुखरायां स्टेशन पर लाकर खड़ा कर दिया। यहां भी ट्रेन लगभग एक घंटा खड़ी रही, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

स्टेशन मास्टर वीके प्रजापति ने इंजन के खराब होने की सूचना झांसी कंट्रोल को दी। इसके बाद चौरा स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी के इंजन को पुखरायां लाया गया और उसे गोरखपुर-मुंबई सुपरफास्ट में जोड़ा गया। इसके बाद ट्रेन झांसी की ओर रवाना हो सकी। स्टेशन मास्टर ने बताया कि इंजन फेल होने के कारण ट्रेन करीब दो घंटे रुकी रही। खराब इंजन को पुखरायां में लूप लाइन पर खड़ा करा दिया गया है।

## एक पौधा लगाएं, स्कूल में प्रवेश कराएं

संवाददाता, राजपुर

- राजकीय विद्यालय की प्रिंसपल ने प्रवेश के लिए शुरू की मुहिम
- सहायक अध्यापक के साथ घर घर पहुंचकर किया जनसंपर्क

**अमृत विचार।** एक पेड़ मां के नाम लगाएं और विद्यालय में प्रवेश जरूर कराएं। यह नारा लगाते हुए राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर की प्रधानाचार्य ने सहायक अध्यापक के साथ डोर टू डोर अभिभावकों व बच्चों से संपर्क किया। उन्होंने पंपलेट व पेड़ देकर विद्यालय में प्रवेश कराने पर जोर दिया।

प्रधानाचार्य शबाना द्वारा राजकीय विद्यालय में रंगाई-पुताई कर पेड़-पौधों से सुंदर बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने अप्रैल सत्र प्रारंभ होने से पहले क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान की वाल पेंटिंग, फ्लेक्स, पंपलेट व ऑडियो रिकॉर्ड कर विद्यालय में प्रवेश कराने का प्रचार-प्रसार किया था। इस पर विद्यालय में जमालपुर, ग़ौरीरतन बांगर, इंद्रपुरा आदि गांवों के छात्रों ने प्रवेश लिया था। ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय की प्रधानाचार्य शबाना व सहायक अध्यापक सुशील कुमार ने डोर टू डोर छात्रों से संपर्क करते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में कक्षा नौ में प्रवेश कराने का संदेश भी दिया।



बालिका को पौधा देतीं प्रधानाचार्य शबाना। अमृत विचार

## बीएसए को कई स्कूलों में लटकते मिले ताला

संवाददाता, राजपुर

- कई स्कूलों के निरीक्षण में शिक्षक अनुपस्थित मिले
- बीएसए बोले, सभी को नोटिस जारी कर मांगा जाएगा जवाब

**अमृत विचार।** ग्रीष्मावकाश के बाद खुले परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी से प्रवेश व शिक्षण बाधित हो रहा है। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने राजपुर ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तो सारी हकीकत सामने आ गई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बुधेड़ा का जायजा लेने पहुंचे तो ताला लगा मिला। इंचार्ज प्रधानाध्यापक संध्या कटियार व शिक्षक अंकुश कटियार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय बुधेड़ा डेरा बंजारा के निरीक्षण में भी ताला लटका मिला। इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप साहू, शिक्षक विनीता सिंह, शिक्षामित्र स्नेहलता और रूबी नदारद मिलीं। प्राथमिक विद्यालय डेरा डढ़ी में भी प्रधानाध्यापक सुषमा पाल, शिक्षामित्र पंकज और मोहिनी देवी अनुपस्थित पाए गए। बीएसए अजय कुमार मिश्र ने बताया कि राजपुर व संदलपुर क्षेत्र के कई स्कूलों में ताला बंद मिला है। कई में शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित मिले हैं। सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।

## डीएम और एसपी ने रूरा थाने में सुनी फरियाद

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** डीएम व एसपी ने रूरा थाने पहुंचकर समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुना। उन्होंने अधिकारियों से त्वरित समस्या निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

शनिवार को रूरा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस डीएम आलोक सिंह व एसपी अरविंद मिश्र को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर इंदरुख निवासी फूल कुमारी ने बताया कि गांव के नरेश, देव प्रकाश, विजय आदि ने उसकी भूमि हथिया ली है और आए दिन परेशान करते हैं। डीएम ने राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर समाधान के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य शिकायतकर्ताओं ने भी अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। डीएम-एसपी ने पूर्व में आई कुछ भूमि विवाद की शिकायतें के निस्तारण न होने पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार डॉ. रवींद्र मिश्रा, धर्मेंद्र मलिक, जितेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी आरके वर्मा, रजनीश वर्मा, कानूनगो सियाराम दुबे, प्रेमचंद, कल्पना गौतम, धर्मेंद्र तिवारी, शिवम यादव, सर्वेश कुमार, लेखपाल अंशुमान सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज सचान, संतोष यादव आदि उपस्थित रहे।



रूरा थाने में शिकायत सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार



शिवली कोतवाली में शिकायतें सुनते नायब तहसीलदार।

### 10 साल से जमीन पर कब्जे को भटक रहा वकील

**शिवली।** कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में पांच शिकायतें आईं। यहां नायब तहसीलदार अनिरुद्ध कुमार और इंस्पेक्टर (अपराध) शीलेंद्र सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। ककरमऊ के मजरा पंतनगर के रहने वाले अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि करीब नौ बीघा जमीन करीब दस वर्ष पहले खरीदी थी, तभी से पड़ोस के चार लोगों ने उस पर कब्जा कर रखा है। सरकारी आदेश के बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है, जबकि कमिश्नर, जिलाधिकारी, एसडीएम समेत तहसील दिवसों में शिकायत के बाद भी प्रभावी कार्रवाई न होने से न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### रूरा के व्यापारी से 97 हजार की ठगी

**रूरा।** कस्बे के एक बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी से 97 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर डेस्क में शिकायत दर्ज कराई है।

रूरा कस्बे में बिल्डिंग मैटेरियल के व्यापारी गोविंद पालीवाल ने बताया कि शनिवार सुबह उन्होंने गूगल से नंबर निकाल कर कानपुर के एक डॉक्टर के यहां अपॉइंटमेंट लिया। थोड़ी देर बाद एक नंबर से पास कॉल आई और बताया कि डॉक्टर के यहां से बोल रहे हैं। अगर अपॉइंटमेंट कंफर्म करना है तो 10 रुपये एडवांस ऑनलाइन पेमेंट करना होगा। उन्होंने ऑनलाइन दस रुपये डाल दिए। इसके बाद व्यापारी के बैंक खाते से दो बार में 97 हजार रुपये कट गए। जब उसे पैसे कटने का संदेश मिला तो नंबर पर संपर्क किया, लेकिन नंबर बंद बताने लगा।

## सार-संक्षेप



रामजानकी डिग्री कॉलेज में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

### भगवा ध्वज को गुरु की मान्यताः छत्रवीर सिंह

**शिवली।** बैरी सवाई के रामजानकी डिग्री कॉलेज में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभाग सह कार्यवाह छत्रवीर सिंह ने कहा कि भगवाध्वज को गुरु की मान्यता है। साथ ही सनातन धर्म में गुरु की बड़ी महत्ता है। जिला कार्यवाह राकेश ने कहा कि प्रति वर्ष एक बार संघ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का देश को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान है। इस मौके पर जिला सह बौद्धिक प्रमुख अमरनाथ, अन्नू, गौरव, घनश्याम, मनीष, अनुराग, रामनारायण आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में घर के अंदर मिला युवक का शव

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के दयानतपुर गांव में युवक की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दयानतपुर निवासी जसवंत कुमार (38) की शनिवार को घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम को बुलवाकर मौके से साक्ष्य संकलित कराए। लोगों ने बताया कि मृतक की शादी नहीं हुई थी। थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि मामला संदिग्ध है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जाएगी।



राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला से शिकायत करते ग्रामीण। अमृत विचार

### मैथा पीएचसी से नहीं हटाए जाएंगे डॉक्टरः राज्यमंत्री

**शिवली।** मारग के ग्राम प्रधान अखिलेश राठौर के साथ एक दर्जन लोग बैरी के रामजानकी डिग्री कॉलेज में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने मैथा पीएचसी में डाक्टरों की संख्या कम करने व सामान दूसरे अस्पताल में भेजने का आरोप लगाकर शिकायत की। राज्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल से स्टाफ कम नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि मैथा कस्बे को मिलने वाले सरकारी स्थल दूसरे जगह पर बन जाते हैं। राज्यमंत्री ने सीएमओ डॉ. एके सिंह से फोन से बात की और स्टाफ कम न करने को कहा। सीएमओ ने कहा कि कोई स्टाफ कम नहीं किया जा रहा है। कोई सामान भी नहीं हटाया जाएगा। साथ ही जमीनी विवाद, पुलिस व आवास से संबंधित लोगों से शिकायत की। राज्यमंत्री ने निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह, ग्राम प्रधान संजय सिंह, वतन अग्निहोत्री, मनीष सैनी, राजा बाबू अग्निहोत्री, बउवन द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

**बदली व्यवस्था** — डीएम और एसपी ने पौराणिक मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, जलाभिषेक के लिए किया जा रहा वैकल्पिक इंतजाम

# बाणेश्वर मंदिर में अब शिवलिंग का स्पर्श नहीं कर सकेंगे श्रद्धालु

संवाददाता, रूरा

- बैरीकेडिंग लगाकर श्रद्धालुओं के दर्शन की होगी व्यवस्था
- गर्भगृह तक नहीं पहुंच पाएंगे श्रद्धालु, बाहर से ही दर्शन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बनीपारा जिनई गांव स्थित पौराणिक बाणेश्वर मंदिर में इस बार सावन माह में श्रद्धालु स्पर्श दर्शन नहीं कर सकेंगे। चोगा लगाकर गर्भ गृह के बाहर से भक्तों के लिए जलाभिषेक करने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं डीएम व एसपी ने मंदिर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर पूजन-अर्चन किया।

बनीपारा जिनई गांव स्थित प्राचीन बाणेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि महापर्व व सावन माह में कांवड़िए समेत हजारों की संख्या में भक्त दर्शन को आते हैं, लेकिन श्रद्धालु इस बार शिवलिंग का स्पर्श दर्शन नहीं कर सकेंगे। शनिवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह व एसपी अरविंद मिश्रा ने मंदिर पहुंच कर समिति के लोगों व ग्राम प्रधान से बात कर चोगा लगाकर गर्भ गृह के बाहर से भक्तों के लिए जलाभिषेक करने की व्यवस्था की बात कही।

वहीं बैरीकेडिंग लगाकर श्रद्धालुओं को बाहर से जलाभिषेक करने के बाद वहीं से वापस जाने की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों ने मंदिर में निरीक्षण कर पीछे के रास्ते को दुरुस्त कराए जाने को कहा। साथ ही मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुरभि शर्मा, तहसीलदार जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी धर्मेंद्र मलिक, दीपक, रामपाल, प्रधान रोहित सिंह, शत्रुघ्न सेंगर, श्याम नारायण आदि रहे।



बाणेश्वर मंदिर में व्यवस्थाएं जांचते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### प्रमुख शिवालय मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन

**कानपुर देहात।** सावन मास में जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर पुलिस ने प्रत्येक सोमवार को रूट डायवर्जन किया है। यह व्यवस्था अकबरपुर, रसूलाबाद, बनीपारा, रनियां और अमरौधा के शिवालयों में 9 अगस्त तक रहेगी। पुलिस मीडिया सेल की ओर से जारी सूचना के मुताबिक सावन मास में 9 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार को जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों में आने-जाने के लिए यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के झाड़ी बाबा मंदिर नबीपुर की तरफ से जाने वाले दुपहिया व चौपहिया वाहन मंदिर से पहले बनी पार्किंग में खड़े कराए जाएंगे। इसी तरह रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा मंदिर की तरफ किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और पार्किंग में खड़े होंगे। बनीपारा के बाणेश्वर मंदिर के लिए बनीपारा तिराहे से कहिंजरी की तरफ जाने वाले रोड पर, तिराहे से पहले पार्किंग स्थल पर वाहन खड़े कराए जाएंगे। साथ ही बनीपारा-मिण्डाकुआं मार्ग पर कोई वाहन खड़ा नहीं होगा। रनियां के पातालेश्वर मंदिर के लिए किशरवल रोड तिराहे से कोई भी वाहन मंदिर मार्ग पर खड़ा नहीं होगा। अमरौधा के कालेश्वर मंदिर के लिए कानपुर-झांसी हाईवे से कस्बा अमरौधा की तरफ जाने वाले मार्ग पर कोई वाहन खड़ा नहीं किया जाएगा। जबकि तिराहे से महालेश्वर मंदिर की तरफ किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## एक नजर

### टीटीएफ में यूपी पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ-2025) में उप्र. पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड, विभाग के स्टॉल पर प्रदेश की समृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने पर दिया गया है, आगंतुकों ने स्टॉल पर राज्य के गंतव्यों की जानकारी ली। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष का संस्करण 10 से 12 जुलाई तक विशेष रूप से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर के पेशेवर, टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया गया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उप्र. को शामिल करें।

# यूपी में दुरुस्त नहीं कार्मिकों का ब्यौरा, अफसर तलब

## मिशन कर्मयोगी की समीक्षा में सामने आया चौंकाने वाला तथ्य, ब्यौरा दुरुस्त करने में जुटे अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- लोकभवन में कल से तीन दिन लगातार बैठकें, विभागों को बताना होगा- कहां हो रही गड़बड़ी

**अमृत विचार :** राज्य के सरकारी विभागों, निदेशालयों, निगम, परिषद, संस्थान और संगठनों में कुल कितने कार्मिक तैनात है, इसका ब्यौरा अभी तक दुरुस्त नहीं है। यह तथ्य राज्य में मिशन कर्मयोगी की प्रगति की समीक्षा में सामने आने पर शासन सख्त हो गया है। लोकभवन में सोमवार से तीन दिन लगातार सभी विभागों के नामित अफसरों को तलब करके पोर्टल और विभाग में कार्मिकों की भिन्नता के पीछे की गड़बड़ियों का ब्यौरा मांगा गया है।

दरअसल, भारत सरकार के निर्देश पर वर्ष 2005 में शुरू किए गए एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) पोर्टल यानी मिशन कर्मयोगी पर राज्य के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, संविदा, आउटसोर्स से लेकर दैनिक वेतनभोगी कार्मिक ब्यौरा दर्ज होना अनिवार्य है। मुख्य उद्देश्य भारतीय सेवा के सभी विंग समेत सभी सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। हालांकि इस प्रगति में यूपी बिहार से भी पीछे हैं। यहीं नहीं प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज की अध्यक्षता में बीती 24 जून को हुई मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा में यह भी सामने आया कि इस पोर्टल पर पंजीकृत कार्मिकों की संख्या और विभाग में कार्यरत कार्मिकों की संख्या अलग-अलग है।

शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण पर विचार विमर्श के लिए लोकभवन में कार्मिक विभाग में सोमवार से तीन दिन मिशन कर्मयोगी के लिए सभी विभागों में नामित एडमिन अफसर (एमडीओ) के साथ बैठक होगी। शासन ने बैठक में संबंधित विभाग के अधीन समस्त निदेशालय, निगम, परिषद, संस्थान और संगठन में कार्यरत समस्त नियमित, मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग समेत दैनिक मजदूरी वाले कार्मिकों की संख्या का ब्यौरा लाना अनिवार्य होगा।

### रोज दो शिफ्ट में होंगी तीन दर्जन विभागों की बैठकें

शासन ने कार्मिकों की संख्या दुरुस्त करने के लिए सोमवार, मंगलवार व बुधवार को प्रतिदिन दो शिफ्ट में बैठक की रूपरेखा तय की है। सोमवार को मध्यान्न 12 से 1 बजे तक आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से लेकर लोक निर्माण विभाग तक कुल 15 विभाग और अपरान्ह 4 से 5 बजे तक नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति से लेकर उच्च शिक्षा तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। इसी तरह मंगलवार को पहले शिफ्ट में पर्यावरण से लेकर पर्यटन तक कुल 17 विभाग और दूसरी शिफ्ट में पिछड़ा वर्ग कल्याण से लेकर अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। आखिरी दिन पहले शिफ्ट में औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना से लेकर भाषा तक 15 और दूसरे शिफ्ट में निर्वाचन से लेकर वित्त विभाग तक कुल 15 विभागों की बैठकें होगी।

# परिवार आईडी के जरिए दिया जाएगा योजनाओं का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'बदलाव' संस्था ने जारी की राजधानी में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों की स्थिति

**अमृत विचार :** समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि पुनर्वास संसाधनों को पुनर्जीवित कर परिवार आईडी के जरिये भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। राज्यमंत्री शनिवार को सहकारिता भवन में 'बदलाव' संस्था की ओर राजधानी में भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों की स्थिति पर आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट 'उपेक्षा और समावेश 2024-25' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यमंत्री ने कहा कि सभाएं व चर्चाएं बहुत होती हैं, पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज के वंचित तबके के लोगों स्थिति पर आधारित रिपोर्ट आंकड़े नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पुनर्वास के लिए संसाधन तो हैं पर उन्हें पुनर्जीवित कर धरातल पर लाने की जरूरत है। परिवार आईडी के जरिये राज्य सरकार यह तय कर रही है कि परिवार में कौन से व्यक्ति को किस योजना का लाभ मिलना चाहिए और अगर नहीं मिल रहा है तो उसे योजना से जोड़ा जाए।

# नस्लों में सुधार न होने से कसाईखाने जाते थे पशु

## मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और होगी तेज, पशुपालक होंगे समृद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह व अन्य।

- योगी ने केंद्रीय मंत्री के साथ 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला की शुरुआत की

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के अनुरूप पशुधन की नस्लों में सुधार नहीं होने से 2017 में चुनौती थी। बड़े पैमाने पर पशुधन सड़क, खेतों, कसाईखानों में जाते थे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से आस्था से खिलवाड़, किसानों के खेत में परेशानी और सड़क पर दुर्घटनाएं भी होती थीं। आश्वस्त किया कि राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और तेज होगी, जिससे पशुपालक होंगे समृद्ध होंगे।

वे शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उप्र में भी इन दोनों क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। उप्र दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन से अधिक और गुणवत्ता युक्त उत्पादन पाने के लिए नस्ल सुधार पर और जोर देना होगा। योगी ने कहा कि 2017 में निराश्रित गोआश्रय स्थल की कार्ययोजना बनाई और 2018 में उसे लागू किया। आज 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल सरकार की गोशालाओं या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा की जा रही है। कुपोषित परिवारों को गायें दी जा रही हैं। अब तक 10 हजार से अधिक परिवार इसका लाभ ले चुके हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि अंडा उत्पादन और कुक्कुट पालन में भी प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। कार्यक्रम में प्रजनक संघों की स्थापना की रूपरेखा संबंधी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, डेयरी विकास मंत्री गेब्रियल डेनवांग वांगसू, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय सचिव पशुपालन एवं डेयरी अल्का उपाध्याय आदि उपस्थित थे।


### नस्ल सुधार में केंद्र का पूरा सहयोग : राजीव रंजन

कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायतीराज और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उप्र में अच्छा काम हो रहा है। नस्ल सुधार आदि अन्य कार्यों में केंद्र द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# आरटीआई से भ्रष्टाचार करें उजागर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कार्यशाला में दिया गया संघर्ष का मंत्र



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में मौजूद राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के जरिये सरकारी भ्रष्टाचार उजागर करने का कार्य करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओर से दिया आरटीआई कानून सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का एक बहुत ही सशक्त हथियार है। कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के महत्व को समझें और कम से कम 10-10 आरटीआई दाखिल कर सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करें।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आरटीआई कानून को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। हमें इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए आरटीआई एक्टिविस्ट देवेश मणि त्रिपाठी ने कार्यशाला में आरटीआई से जुड़ी सभी जानकारियों को विस्तार से साझा किया।

कार्यशाला को विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अमित उठवाल, पूर्व मंत्री राज बहादुर, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा, सोशल मीडिया की कोऑर्डिनेटर नीलम सिंह वैश्य आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में लखनऊ जिला चेयरमैन माया सिंह व शहर चेयरमैन वीरेंद्र कुमार मौर्या भी मौजूद रहे।

# भाजपा के बाजार में अब बिकेगा बिजली विभाग : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के बाजार में अब बिजली विभाग बिकेगा और जनता की जेब पर निजी कंपनियों के भारी भरकम बिल डाका डालेंगे। भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था बर्बाद कर दिया है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है। प्रदेश भर में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। लेकिन किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। छोटे शहरों और गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही है।

# बिजली कर्मियों के आवास पर मीटर लगाने का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कर्मियों ने कहा- यह समझौते का उल्लंघन, परिवारीजन भी करेंगे सत्याग्रह

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने कर्मियों के आवासों पर मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, बिजली कर्मियों ने इसे तत्कालीन राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के समय हुए समझौते का उल्लंघन बताया है। बिजली कर्मियों ने कहा कि कॉरपोरेशन प्रबंधन के दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में अब बिजली कर्मियों के साथ उनके परिवारीजन सत्याग्रह करेंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण में आ रही वैधानिक अड़चनों से प्रबंधन बौखला गया है। दमन व भय का वातावरण बनाकर निजीकरण थोपने की कोशिश की जा रही है, पर इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि नवंबर 2024 में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के एकतरफा ऐलानके बाद संघर्ष समिति ने लोकतांत्रिक ढंग से उसी समय आंदोलन शुरू कर दिया था। इसका परिणाम यह है कि सात महीनों से अधिक समय गुजरने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन निजीकरण करने में कामयाब नहीं हो पाया है।

### उत्पीड़न के तहत किए गए कर्मियों के स्थानांतरण

संघर्ष समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने हजारों बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की दृष्टि से उन्हें दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। कई हजार बिजली कर्मियों का 'फेशियल अटेंडेंस' के नाम पर वेतन रोक लिया गया है। साथ ही, संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर आय के अधिक मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और यूपी रिफॉर्म ट्रांसफर स्कीम 2000 का खुला उल्लंघन कर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नई बिजली दरों को लेकर 21 को सुनवाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर 21 जुलाई को राजधानी में जनसुनवाई होगी। इस बीच, उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में दरों में बढ़ोतरी का विरोध लगातार जारी रहेगा।

आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 21 जुलाई होने वाली जनसुनवाई में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 17 जुलाई को मेरठ में जनसुनवाई होगी, जिसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बीते दिन वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में जनसुनवाई में उपभोक्ताओं, किसानों, उद्यमियों, बुनकरों आदि ने एक सुर में निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। राज्य सरकार इसे जनमत संग्रह मानते हुए निजीकरण प्रक्रिया तत्काल समाप्त करे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कि प्रदेश के कुछ नौकरशाह निजीकरण को लेकर बहुत दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 1300 पद रिक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉक्टरों को विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक का इंतजार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश देने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों को प्रमोशन नहीं मिल रहा है। जबकि मुख्य सचिव के स्पष्ट निर्देश हैं कि विभागीय प्रोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक के जरिए रिक्त पदों को भरा जाए। बाजवूद पीएमएस में ग्रेड फोर में करीब 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जिन्हें ग्रेड तीन के डॉक्टरों की पदोन्नति से भरा जाना है, यहीं क्रम ग्रेड तीन, ग्रेड दो तक जाता है। वर्षों से एक ही ग्रेड में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों को बैठक का इंतजार है।

चिकित्सकों के 19011 पद वाले स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 2825 पदों में करीब 1300 से ज्यादा पद रिक्त हैं, हर माह डॉक्टरों के सेवानिवृत्त होने से रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है। पद रिक्त होने के पीछे दूसरी वजह विभाग में डॉक्टरों का समयबद्ध पदोन्नति न होना है। इसी प्रकार ग्रेड दो के करीब 2000 डॉक्टरों को ग्रेड तीन में पदोन्नति का इंतजार है। यही हाल ग्रेड वन से ग्रेड दो में प्रमोशन का इंतजार करने वाले डॉक्टरों का है, हालांकि इसी वर्ष विभाग द्वारा डीपीसी के माध्यम से ग्रेड वन के करीब 750 डॉक्टरों को ग्रेड दो में पदोन्नति मिली है, मगर यह संख्या नाकाफी है। क्योंकि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष अभी भी पांच हजार से ज्यादा डॉक्टर कार्यरत हैं।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों की डीपीसी हो चुकी है, अर्ह डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गयी है। जल्द ही ग्रेड दो, ग्रेड तीन व ग्रेड फोर की डीपीसी बैठक प्रस्तावित है। बैठक होते ही रिक्त पद भर जाएंगे।
>
> -डॉ.रतन पाल सिंह सुमन
> स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

# 15 व 16 को लखनऊ में लगेगा युवाओं के हुनर का मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 15 व 16 जुलाई को युवाओं के हुनर का मेला लगेगा। विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल ओलंपिक-2025 तकनीक और टैलेंट का भव्य संगम होगा। इसमें प्रदेश भर के प्रशिक्षणार्थी अपने हुनर का दम दिखाएंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवाओं के नवाचारों को मंच देना है। खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किए गए टेक-बेस्ड कौशल नवाचारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। बताया कि राज्य के सभी जिलों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से चयनित प्रशिक्षणार्थी इस ओलंपिक में भाग लेंगे और अपने-अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स, ऐप्स या टेक सॉल्यूशन का प्रदर्शन करेंगे।


## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट ; धोखा ; धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -29 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | | 2 हँ | 3 स | न | |
| | | 4 खु | | ह | | 5 गं |
| 6 ऐ | | ट | | यो | | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | | ना |
| पे | | न | | | 8 नि | |
| थ | | | 9 घा | | ढा | |
| | | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-14 जुलाई 01.02 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 06.53 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** - आज आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आपको किसी कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। भाई-बहन को लेकर परेशानियां दूर होंगी। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**वृष** - आज आप कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं इससे आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। आपको सभ्य भाषा का प्रयोग करना चाहिए। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** - आज आपको कारोबार में नए तरीकों के प्रयोग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको नए मित्र मिल सकते हैं। आपके विरोधी भी आपका सम्मान करेंगे। अधिक सोच-विचार न करें। परिवार के साथ खरीदारी के लिए जा सकते हैं।

**कर्क** - आज आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे जिससे आपके परिजन अत्यंत प्रसन्न होंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम के समय थकान और सिरदर्द का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** - आज अधिकारी वर्ग से अधिक बहस न करें। मेडिकल विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**कन्या** - आज आपके सामने अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। एलर्जी और गर्मी को लेकर परेशानी होगी। आय को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है।

**तुला** - आज माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दापंत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर काफी ध्यान देना चाहिये। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा।

**वृश्चिक** - आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लम्बित थे वे आज पुन: प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु** - आज आपको छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने की संभावना है। विवादित मामलों का समाधान मिलने की संभावना बन रही है। छोटी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी।

**मकर** - आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार आरंभ करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** - आज किसी को उधार धन न दें। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में समस्या होगी। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। इंश्योरेंस में आप धन का निवेश कर सकते हैं। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। प्रतिद्वन्दी आपके सामने परास्त हो सकते हैं। परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

## सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |

# राष्ट्रीय एकता में दर्शन का सदुपयोग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार–बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं।

दर्शन बुद्धि विलास नहीं है। मानव जीवन को आनंदित करने के लिए दर्शन का सदुपयोग होता रहा है। राष्ट्रीय एकता के लिए भी दर्शन की उपयोगिता है। वेदांत दर्शन का सदुपयोग शंकराचार्य व विवेकानंद ने किया था। वेदांत का मूल ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। ब्रह्मसूत्र असाधारण रचना है। इसमें वेदों से लेकर उपनिषद काल तक विकसित सभी विचारों पर टिप्पणियां हैं। रचनाकार ने सूत्रों में बड़ी-बड़ी बातें की हैं। ब्रह्म सूत्र के पूरी बात के लिए भी अतिअल्प शब्द विन्यास हुआ है। पहला सूत्र है-अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। अब ब्रह्म की जिज्ञासा है। दूसरे सूत्र में दो शब्द ही हैं, "जन्माद्यस्य यतः। अनुवाद है-यहां जिससे जन्म आदि होते हैं।" अनुवाद से अर्थ पूरा नहीं निकलता इसलिए अनुभूति की सहायता से कहते हैं-वही ब्रह्म है। अब अर्थ पूरा हुआ "जिससे जन्म आदि होते है वह ब्रह्म है। 'जन्म आदि' का अर्थ भी बड़ा है-जन्म, युवा, बुढ़ापा, मृत्यु, सृष्टि, स्थिति, विकास और प्रलय। तीसरा सूत्र मात्र एक शब्द का ही है, "शास्त्रयोनित्वात-शास्त्र में वही कारण है। पूरा अर्थ है वह ब्रह्म ही वेदों शास्त्रों में जगत का कारण कहा गया है। ब्रह्मसूत्रों में सृष्टि जगत का रहस्य है, उपनिषदों में वर्णित तमाम सूत्रों की व्याख्या है।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है "ब्रह्म नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक हूं, तभी पहले भय उत्पन्न होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं?"

सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है "अणोरणीयान महतो महीयान- अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)"। श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है "वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है।" ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वही:11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्रः गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बाते गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गई हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्य है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण को यह मतमान्य नहीं है।

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं। लेकिन तैत्तिरीय उपनिषद में आनंदमय का वर्णन करते हुए उसे सीधे 'रसो वै सः'-वह रस है" बताते हैं। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों का आनंद भी ब्रह्म है। तैत्तिरीय उपनिषद में आनंद का विवेचन है। आनंदमय ब्रह्ममयता है। (1.1.12-19) मुण्डकोपनिषद में एक मंत्र में कहते हैं "जो अदृश्य है, इन्द्रिय बोध से परे है, वर्णहीन, गोत्रहीन, आंख, कान, पैर से रहित है नित्य, व्यापक, परिपूर्ण और अविनाशी है। धीरपुरूष उसे देखते हैं, वह समस्त भूतों का कारण है। इसी संदर्भ को लेकर ब्रह्मसूत्र में बताया गया है कि वैदिक अनुभूति में जो अदृश्यता आदि गुणों वाला है। वह ब्रह्म है। (1.2.21) ब्रह्मसूत्र मूर्ति पूजा-प्रतीक पूजा की विधि बताता है। आगे कहते हैं 'आसीन सम्भवात'-बैठकर ही ऐसा संभव है। (4.1.7) फिर कहते हैं "ध्यानाच्य-ध्यान" (4.1.8) और 'अचलत्वे चापेक्ष्य-शरीर की अचलता की अपेक्षा।" (4.1.9) ब्रह्मसूत्रों पर तमाम भाष्य लिखे गए। शंकराचार्य का भाष्य अद्वैत सिद्धांत कहलाया। उन्होंने इसी आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या बताया। सबसे दिलचस्प है विद्या का प्रकरण। तीसरे अध्याय के चौथे पाद के प्रथम सूत्र में कहते हैं, "पुरुषार्थ की सिद्धि इसी से (ज्ञान) होती है। शब्द (वेद) यही बताते हैं।" अगले सूत्र में कहते हैं कि पूर्व मीमांसा के द्रष्टा आचार्य जैमिनि यह बात नहीं मानते। उनका मत है कि "ज्ञान को पुरुषार्थ बताना अर्थवाद है। पुरुषार्थ का साधन तो कर्म है। श्रेष्ठजनों के आचरण से यही सिद्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद में भी कर्म को ही पुरुषार्थ का साधन कहा गया है। कर्म कर्तव्य है।" (वही 2-7) 6 सूत्रों में जैमिनि के तर्क बताकर फिर वादरायण का मत है "श्रुति में कर्म की अपेक्षा विद्या की महत्ता है।" बड़ी मजेदार लेकिन उचित धारणा है कि विद्या कर्म का भाग नहीं है। अध्ययन कर्म भाग है-अध्ययन मात्रवतः।" (वही 3.4.12) बताते हैं कि "विद्या से कर्मों का (कर्मफल) पूरा नाश हो जाता है।" (3.4.16) वैदिक दर्शन में 'अक्षर' शब्द बहुत आया है। वृहदारण्यक उपनिषद् (3.8.7) में 'अक्षर' की विवेचना है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य से पूछा "जो द्युलोक से ऊपर है, पृथ्वी से भी नीचे है। इन दोनो के बीच में भी है। जिसे भूत भविष्य और वर्तमान कहते हैं वह काल किसमे ओत प्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा-आकाश में। गार्गी ने पूछा, "वह आकाश किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा "उसे ब्रह्मवेत्ता 'अक्षर' कहते हैं, वह न सूक्ष्म है, न लघु, न बड़ा, न लाल, न पीला।" ब्रह्मसूत्र (1.3.100) में अक्षर भी ब्रह्म है। सूत्र है "अक्षरमम्बरांत धृते-अक्षर आकाश पर्यन्त सबको धारण करता है।" छान्दोग्य उपनिषद में कहा गया "निश्चय ही सभी प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं।" ब्रह्मसूत्र में आकाश भी ब्रह्म है। सृष्टि सृजन के संबंध में उपनिषदों में अनेक विचार हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में तेज, जल और अन्न का क्रमिक विकास है। तैत्तिरीय उपनिषद में ब्रह्म से आकाश की उत्पत्ति है। फिर आकाश से वायु और वायु से तेज। लेकिन वृहदारण्यक उपनिषद में आकाश अमृत है। अमृत का जन्म नहीं होता, मरण भी नहीं होता। ब्रह्म सूत्र में सारी शंकाओं, मतों का विवेचन है। फिर ब्रह्म को ही जगत का कारण बताया गया है। दर्शन का सदुपयोग बौद्ध, जैन ने भी किया, लेकिन शंकराचार्य विरल हैं। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता को परिपुष्ट किया।

# सिविक सेंस: समाज की प्रगति की आधारशिला



तपन कुमार
सहायक मीडिया प्रभारी
एमजेपीआरयू, बरेली

भारत एक विविधतापूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है, जहां सरकारें नागरिकों के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान करती हैं। सड़कें, अस्पताल, स्कूल, पार्क, सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं जनता के करों के पैसे से ही संचालित होती हैं। किंतु, इन सुविधाओं के प्रति हमारी उदासीनता और सार्वजनिक संपत्ति के विनाश की प्रवृत्ति देश के विकास में बाधक बन रही है। यह एक गंभीर विडंबना है कि हम सरकार से बेहतर सुविधाओं की मांग तो करते हैं, परंतु स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने में पीछे रह जाते हैं। इसका मूल कारण है-सिविक सेंस की भारी कमी। भारत में आंदोलनों, धरनों और जुलूसों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना एक आम बात हो गई है। बसों और ट्रेनों को आग के हवाले कर देना, सड़कों पर बैरिकेड्स तोड़ना, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाना-ये सभी कार्य आम नागरिकों द्वारा ही किए जाते हैं। ये सुविधाएं हमारे अपने पैसे से बनती हैं, फिर भी हम उन्हें नष्ट करने में संकोच नहीं करते। ट्रेनों में बल्ब, पंखे, सीटें और यहां तक कि टॉयलेट फिटिंग्स भी चोरी हो जाती हैं। यात्रियों द्वारा ट्रेनों की दीवारों पर अश्लील लिखाई करना और शीशे तोड़ना आम बात है। यदि हम स्वयं ही अपनी संपत्ति को नष्ट करेंगे, तो सरकार चाहे कितनी भी सुविधाएं क्यों न बना दे, देश कभी विकसित नहीं हो पाएगा।

यातायात अनुशासनहीनता- भारत में सड़क दुर्घटनाएं विश्व में सबसे अधिक होती हैं। इसका एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोग हेलमेट नहीं पहनते, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते, गलत दिशा में वाहन चलाते हैं और ज़बरदस्ती ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। जब कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो लोग पीड़ित की मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार तो अस्पताल पहुंचाने में देरी के कारण जान चली जाती है। जाम में एम्बुलेंस के लिए रास्ता नहीं छोड़ा जाता, जिससे मरीज़ की जान जोखिम में पड़ जाती है। यदि हम थोड़ा सा भी सिविक सेंस दिखाएं, तो सैकड़ों जानें बचाई जा सकती हैं। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति उदासीनता-स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद, हमारे शहरों और गांवों में कूड़े का ढेर लगा रहता है। लोग सड़कों पर थूकते हैं, प्लास्टिक फेंकते हैं और नालियों को गंदगी से भर देते हैं। हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है, फिर भी हम इसे यहां-वहां फेंक देते हैं। सरकार लाखों पेड़ लगाती है, लेकिन लोग उनकी देखभाल नहीं करते। सफाई केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है। यदि हम स्वयं कूड़ा कूड़ेदान में डालें और दूसरों को भी प्रेरित करें, तो देश स्वच्छ बन सकता है। विद्यालयों और कॉलेजों में सिविक सेंस को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। छात्रों को सार्वजनिक संपत्ति का महत्व, यातायात नियम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार और एनजीओ को मिलकर "सिविक सेंस मिशन" चलाना चाहिए। टीवी, सोशल मीडिया और होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

सिविक सेंस किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है। जापान, सिंगापुर और स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की प्रगति का रहस्य उनके नागरिकों का अनुशासन और सार्वजनिक जीवन के प्रति सम्मान है। यदि हम भी एक विकसित भारत का सपना देखते हैं, तो हमें अपने सिविक सेंस को सुधारना होगा।

# जब स्कूल बंद होते हैं, तो भविष्य चीखता है



नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

> यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है।

शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और विद्यालय उस भविष्य की प्रयोगशाला जहां सपनों को आकार मिलता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पांच हज़ार सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्णय केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक उपेक्षा का प्रतीक है। जब एक सरकार अपने राज्य के पांच हज़ार सरकारी विद्यालयों पर ताला डालने का निर्णय करती है, तो यह केवल ईंट-गारे की इमारतों का अंत नहीं होता, यह भविष्य की संभावनाओं, बच्चों के सपनों, और समाज के उजासपूर्ण कल की विधिवत शवयात्रा होती है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला, जिसकी वजहें बड़ी नपे-तुले शब्दों में दी गई हैं-स्कूलों की जर्जर स्थिति, शिक्षा का गिरता स्तर, शिक्षकों की अनुपलब्धता, शहरीकरण, और निजी अंग्रेज़ी स्कूलों की ओर झुकता समाज, दरअसल हमारी सामाजिक चुप्पी और लोकतांत्रिक बेहोशी का नतीजा है।

आश्चर्य की बात यह नहीं कि स्कूल बंद किए जा रहे हैं, असली हैरत इस पर होनी चाहिए कि हम सब इतने निःशब्द क्यों हैं। यह निर्णय बताता है कि सरकार को अब यह कहने में भी संकोच नहीं कि हमें आपके बच्चों की शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। हमने आपकी मूलभूत ज़रूरतों को दरकिनार करना सीख लिया है, और आपको इसकी आदत भी डलवा दी है। क्या कोई भी सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती थी? जर्जर स्कूलों को मरम्मत करना, शिक्षकों की बहाली करना, संसाधनों का पुनर्वितरण करना और शिक्षा में गुणवत्ता का संचार करना, ये सब शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। परन्तु जब सत्ता यह सब करना ही न चाहे, तो बहाने बनाना और दोष दूसरों के सिर मढ़ना सहज हो जाता है।

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है। उसका विश्वास उस मतदाता पर है, जो अस्पताल की बदहाली, स्कूल की वीरानी और रोजगार की क्षीणता के बावजूद वोट धर्म, जाति और भावनात्मक नारों के आधार पर देता है। शिक्षा से वंचित समाज सवाल नहीं करता। वह आंखें मूंदकर विश्वास करता है, जयकारे लगाता है और शत्रु गढ़कर अपना गुस्सा निकाल लेता है। सत्ता यही चाहती है, एक ऐसा समाज जो सोचता नहीं, केवल मानता है। धर्म, जो मनुष्य के भीतर नैतिकता और विवेक का संचार करता है, अब एक ऐसा उपकरण बन चुका है जिसे सत्ता जब चाहे घुमा देती है। धर्म की आड़ में शिक्षा की हत्या अब कोई नई बात नहीं रही। किसी को यह नहीं खटकता कि जिन बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, वे धार्मिक रैलियों में झंडे थामे खड़े हैं। उनके माता-पिता इस भ्रम में हैं कि "धर्म की रक्षा" हो रही है, जबकि दरअसल उनके बच्चों के भविष्य की चिता जलाई जा रही है। एक शिक्षित समाज वह होता है जो प्रश्न करता है, तर्क करता है, आलोचना करता है और विकल्प तलाशता है। यह हर सत्ता के लिए चुनौती है। इसलिए शिक्षा में कटौती, स्कूलों का बंद होना, पाठ्यक्रम से विचारशील साहित्य और इतिहास का गायब हो जाना, ये सभी एक बड़े सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा हैं।

सरकारों को सवाल पूछने वाले नागरिक नहीं चाहिए। उन्हें जय-जयकार करने वाले, तथ्यों से दूर और भावनाओं के झूले में झूलते लोग चाहिए। इसलिए जब पांच हज़ार स्कूल बंद होते हैं, तो यह केवल ईंट-पत्थर का नुकसान नहीं, यह उस लोकतंत्र की चेतना का ह्रास है जहां सरकारें जवाबदेह होती थीं। हमारे चुप रहने का अर्थ केवल सहमति नहीं होता, यह एक तरह की सहभागिता है। जब हम इन घटनाओं पर उदासीन रहते हैं, तो हम उस अपराध में साझीदार बनते हैं जो हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनता है। यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं, सरकार को जवाबदेह बनाने का भी माध्यम है। अगर हम शिक्षा जैसे मुद्दों को चुनावी एजेंडे से बाहर कर देंगे, तो सरकारें भी उन्हें अपनी प्राथमिकता सूची से बाहर कर देंगी और फिर एक दिन ऐसा आएगा जब सरकारी स्कूल नहीं होंगे और शिक्षा केवल एक 'बिकाऊ उत्पाद' बनकर रह जाएगी, जिसकी कीमत केवल अमीर चुका सकेंगे। अब समय आ गया है कि हम धर्म, जाति, और भावनाओं के नारों से ऊपर उठें और उन प्रश्नों को सामने लाएं जो सचमुच हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और गरिमा। वरना यह सिलसिला थमेगा नहीं। आज पांच हज़ार स्कूल बंद हुए हैं, कल शायद पांच लाख बच्चे शिक्षा से बाहर कर दिए जाएंगे। सवाल यह नहीं कि सरकार स्कूल क्यों बंद कर रही है, सवाल यह है कि हम अब भी चुप क्यों हैं? "क्योंकि जिन बच्चों को किताबें नहीं मिलतीं, वो कभी संविधान नहीं पढ़ते और जो संविधान नहीं पढ़ते, वो कभी सवाल नहीं करते।" यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाला कल हमें नहीं, हमारे बच्चों को अभिशाप देगा।

गांव, कस्बे और शहरों की गलियों में अगर स्कूलों के बंद दरवाज़े मौन खड़े हैं, तो यह मौन हमारी सामाजिक असफलता का प्रतीक है। ये दरवाज़े सिर्फ स्कूल के नहीं, अवसरों के, चेतना के और समभाव की संस्कृति के हैं। क्या हमने अपने बच्चों के भविष्य का सौदा इतनी आसानी से कर दिया है? क्या विकास केवल सड़कों और चमकते शहरों का नाम है? जब तक शिक्षा हर गली, हर टोले और हर बच्चे तक नहीं पहुंचेगी, तब तक कोई राष्ट्र उन्नत नहीं कहला सकता। शिक्षा को लेकर हमारी सामूहिक उदासीनता ही आज के संकट की जड़ है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अगर हम आज नहीं बोले, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल शिक्षाविहीन होंगी, बल्कि असहाय भी होंगी। यह केवल एक नीति की असफलता नहीं, यह नागरिक चेतना की पराजय है।

# दान का महत्व



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

हर धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है। जिसके चलते दान की परंपरा चली आ रही है, लेकिन दान किस तरह और किन लोगों को करना चाहिए, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। धर्मस्थलों के बाहर चादर बिछाकर या कटोरा लेकर बैठे लोगों को कुछ रुपए पैसे देकर दान का कर्तव्य मान लिया जाता है। जबकि दान की यह सही तरीका नहीं है।

सर्व प्रथम दान देने के लिए सुयोग्य पात्र की तलाश करनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जो जीवन में कुछ करना चाहता है और धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को दान और मदद से वह खुद तो स्वावलंबी बनेगा, साथ में वह दूसरों को भी स्वावलंबी बनाएगा, जबकि धर्मस्थलों के बाहर बैठे भिखारी आजीवन भीख ही मांगते है। उनकी आदतें भीख मांगने की जो हो जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं। इस संबंध में एक बोध कथा है कि कोई युवा भिखारी सड़क किनारे बैठकर भीख मांगा करता था। आते जाते लोग कुछ रुपए उसे दे देते थे। लेकिन किसी महात्मा से उसने भीख मांगी तो महात्मा जी पूछ बैठे, 'यहां बैठकर तुम भीख मांगते हो कि कहीं आते-जाते भी हो।' भिखारी बोला, 'कहीं जाता नहीं, यहीं बैठकर भीख मांगकर काम चलाता हैं।' 'महात्मा ने कहा, 'जब कहीं जाते नहीं तो तुम्हरा पैर बेकार का है। 10 हजार ले लो और बदले में पैर दे दो। इस पर भिखारी बोला, 'लेकिन पैर दे दूंगा तो नित्य क्रिया के लिए कैसे जाऊंगा'। महात्मा जी ने कहा, 'चलो, 20 हजार में एक हाथ दे दो।' भिखारी हाथ देने के लिए भी तैयार नहीं हुआ। महात्मा जी एक लाख में दोनों आखें जब मांगी तो तैश में आ गया भिखारी बोला, 'करोड़ रुपए देंगे तो एक शरीर का एक रोम (रोआ) दूंगा नहीं। चलिए आगे बढिए।' भिखारी के इस कथन पर महात्मा बोले, 'जिसके पास करोड़ों की संपत्ति है, वह भीख मांगे, यह भी उचित नहीं। महात्मा जी की वाणी उसके मन में लग गई और बोल पड़ा, 'अब भीख नहीं मांगूगा। उस दिन से भीख मांगना छोड़, वह अपने काम में लग गया।

दान के बारे मनीषियों ने तो यहां तक कहा कि दाहिना हाथ दान करे तो बाएं हाथ तक को खबर न लगे कि दाहिने हाथ ने दान किया है। दान का स्तर भी तय किया गया है। प्रथम उत्तम दान उसे कहा गया है कि जहां किसी काम के लिए धन की जरूरत हो तो दान दाता खुद दान के लिए आगे बढ़कर दान का प्रस्ताव करें। द्वितीय स्तर का दान वह है, जो दानदाता से मांगना पड़े। जबकि मांगने पर नाक-भौ सिकोड़ कर कोई दान करता है तो वह अधम किस्म का दान होता है। दान देने के बाद उसका प्रचार-प्रसार अहंकार का सूचक है। उत्तम किस्म का दान उसे ही माना जाता है नो सद कार्यो में लगा दिया जाए और उसका प्रचार प्रसार न किया जाए। प्रचार प्रसार का आशय तो यही निकलता है कि समाज में खूब वाहवाही हो।

# भावनाओं का सूचकांक



राजीव सिंह
कानपुर

शेयर बाजार केवल धन का खेल नहीं यह भावना, आत्मस्वीकृति और पछतावे का भी मंच है। शेयर बाजार में भागीदारी महज़ संख्याओं, लाभ और हानि की गणना नहीं होती यह आत्मा की गहराइयों तक जाती एक यात्रा होती है। जहां निवेशक केवल धन नहीं, बल्कि भरोसा, समय और भावनाएं भी निवेश करता है।

इस यात्रा में हर निवेशक को कभी न कभी एक भाव जरूर छूता है। अफसोस, काश पहले आया होता हर नए निवेशक को शुरुआत में यही लगता है कि अगर वह कुछ साल पहले बाजार में आया होता तो अब तक काफी मुनाफा कमा चुका होता। सेंसेक्स और निफ्टी की पुरानी चालों को देखकर ऐसा लगता है जैसे बीते हर मौके पर वह चूक गया। यह अफसोस व्यक्ति को शुरुआत से ही पिछड़ेपन के भाव में डाल देता है। काश ज्यादा खरीदा होता -जब निवेश के तुरंत बाद शेयर का भाव ऊपर जाता है, तो सबसे पहला पछतावा यह होता है कि हमने थोड़े ही क्यों खरीदे? क्या होता अगर हम और खरीद लेते? यह लोभ का एक प्रारंभिक रूप है, जो निवेश के रोमांच में व्यक्ति को और जोखिम लेने को उकसाता है। काश नहीं खरीदा होता शेयर खरीदने के तुरंत बाद उसका मूल्य गिरना शुरू हो जाए तो निवेशक सोचता है-'ये मैंने क्यों खरीदा?' ऐसा लगता है जैसे खुद से या अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया से विश्वास उठ गया हो। काश और नीचे खरीदा होता अगर किसी शेयर का मूल्य और नीचे गिरता है, तो व्यक्ति पछताता है कि जल्दबाज़ी में खरीद लिया। धैर्य रखता तो और सस्ते में मिल जाता। यह अफसोस व्यक्ति को अपनी समय-प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठाने को मजबूर करता है।

कभी-कभी दो शेयरों में से एक को चुनते हैं और दूसरा उड़ान भर जाता है। निवेशक बार-बार सोचता है, 'दूसरा चुनता तो कितना फायदा होता!' यह तुलना की भावना मानसिक अशांति का कारण बनती है। साथ ही अगर कोई शेयर बेचने के बाद उछाल मारता है, तो यही लगता है कि जल्दबाज़ी कर दी। जब शेयर बिकने के बाद गिरता है और हम केवल थोड़ी होल्डिंग निकाल पाते हैं, तो सोचते हैं-'पूरा क्यों नहीं बेच दिया?' यह अवसर गंवाने की पीड़ा में बदलता है।

साथ ही दूसरों की सलाह पर खरीदे गए शेयर अगर नुकसान में जाते हैं, तो व्यक्ति को लगता है- 'मैंने क्यों सुना?' यह अफसोस निवेशक को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र निर्णय लेने की ओर धकेलता है। कई बार भावनाओं में आकर फैसले लिए जाते हैं-डर, लालच, या उत्साह में। बाद में पछतावा होता है कि थोड़ा सोच-समझ कर निर्णय लेते तो अच्छा होता। तकनीकी ज्ञान की कमी और बुनियादी विश्लेषण न करने का अफसोस व्यक्ति को सीखने की प्रेरणा तो देता है, लेकिन यह देर से आता है। समग्र बाजार की प्रकृति-इसके उतार-चढ़ाव, इसके चक्र, इसके संकेत-को न समझ पाने का पछतावा व्यक्ति को बार-बार भविष्य की रणनीति पर सोचने को मजबूर करता है। हर निवेश के साथ जुड़ा एक भाव होता है। चाहे वह लाभ हो या हानि-निवेशक की स्मृति में वह एक चिह्न छोड़ता है। यही चिह्न जब समझ, सुधार और संकल्प में बदलता है, तब अफसोस ज्ञान बन जाता है। 'भावनाओं का सूचकांक' यही सिखाता है कि बाजार केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, यह आत्ममंथन का अवसर भी है। हर अफसोस हमें सजग बनाता है। और हर सजग निवेशक एक बेहतर नागरिक बनाता है जो जिम्मेदार, धैर्यवान और दीर्घकालिक सोच रखता है।

# अंतरिक्ष में व्यापार, होटल और मुसाफिर



अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

> पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था।

भारतीय वायुसेना के कैप्टन और लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने को मीडिया द्वारा देश के गौरव और उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जैसा कि ऐसे अवसरों पर होता आया है। बेशक यह एक महत्वपूर्ण लेकिन रोमांचक अवसर है क्योंकि शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को संभावित वापसी से पहले वहां जो प्रयोग करेंगे, जानकारियां और अनुभव जुटाएंगे उनका उपयोग देश के गगनयान मिशन-2027 के लिए किया जाएगा।

भारत के गौरव को महसूस करते वक्त इस तथ्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि 41 साल पहले स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा को भारत-रूस मैत्री के कारण अंतरिक्ष में भेजा गया था लेकिन इस बार भारत सरकार को एक निजी अमेरिकी स्पेस कंपनी, एक्जियम को 448 करोड़ रूपए या 65 मिलियन डॉलर देने पड़े हैं। इस रकम में कैप्टन शुक्ला की ट्रेनिंग, लांच, यात्रा, आवास और इंटरनेशल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) पर शोध का खर्चा शामिल है।इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी के भी दो यात्री हैं। इन देशों ने भी पहले सोवियत संघ की ही मदद से अंतरिक्षगामी होने की उपलब्धि पाई थी। यह परिवर्तन बताता है कि अंतरिक्ष का व्यासायीकरण हो चुका है और वहां की सपनीली यात्रा के मायने पूरी तरह बदल चुके हैं। लोगों को ट्रेनिंग देकर स्पेस में ले जाना, उन्हें होटल जैसे आइएसएस में किराए के एक कमरे में रखना और सुरक्षित वापस लाना अमेरिकी कंपनी एक्जियम का बिजनेस है। यह एक्जियम का चौथा मिशन है जिसकी तीन सीटों के लिए किराया लिया गया है। चौथी सीट पर इस मिशन में कमांडर की भूमिका निभा रही पेगी व्हिटसन गई हैं जो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और कंपनी की एक कर्मचारी हैं। हर साल ऐसे दो मिशन एक्जियम की तरफ से भेजे जाने लगे हैं जिनमें किसी देश की कोई भूमिका नहीं होती है। जब अंतरिक्ष अन्वेषण के अनुंसधानों की शुरूआत हुई थी तो इस क्षेत्र में दो राजनीतिक-सामरिक महाशक्तियों रूस और अमेरिका दबदबा था अब चीन का अलग स्पेस स्टेशन है। शीतयुद्ध के दौरान 1969 में अपोलो के चांद पर उतरने को राष्ट्रीय गौरव, श्रेष्ठता और प्रतिद्वंदी को पछाड़ने के भाव से प्रचारित किया गया था लेकिन बीते कुछ दशकों में परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब निजी स्पेस कंपनियों की भागीदारी बढ़ती जा रही है जो जल्दी ही अंतरिक्ष पर वर्चस्व में बदलने की राह पर है। इन दिनों किसी राष्ट्र की नहीं तीन बड़े पूंजी निवेशकों की चर्चा है। पहले नंबर पर हैं एलोन मस्क जिनकी कंपनी स्पेस-एक्स का दावा मनुष्य को एक साथ कई ग्रहों पर बसने वाली प्रजाति बनाने का है। दूसरे हैं, ब्लू ओरिजिन्स के जेफ बेजोस जिनका दावा प्रदूषण फैलाने वाले भारी उद्योगों को पृथ्वी से उखाड़ कर अंतरिक्ष में पहुंचा देने का है। तीसरे निवेशक हैं विरजिन गैलेक्टिक के रिचर्ड ब्रैन्सन जिनका लक्ष्य अधिक से अधिक गैरपेशेवर एस्टोनॉट्स (जो किराया देने में सक्षम हों) को अंतरिक्ष में ले जाने का है। ऐसा क्यों और कैसे हुआ? इसे समझने की कोशिश करते हुए भारत के उन साधारण लोगों के चेहरे स्मृति में रखने की जरूरत है जिन्हें कुछ साल पहले हवा और पानी के व्यापार की बातों पर आश्चर्य और अविश्वास हुआ करता था। अब एक नई और कहीं अधिक हैरतअंगेज व्यापारिक दुनिया के दरवाजे उस अंतरिक्ष में खुलने जा रहे हैं। पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था। इस बीच टेक्नोलॉजी का तेज विकास हुआ जिससे उपग्रहों के प्रक्षेपण की कीमत काफी कम हो गई। अब सस्ते और छोटे उपग्रह बनने लगे हैं जिन्हें मिनिएचर या क्यूब सैटेलाइट कहा जाता है जिनके दम पर कुछ विश्वविद्यालय भी अपने स्पेस मिशन लांच करने लगे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना से परे की बात थी। इस दिशा में रियूजेबल रॉकेट टेक्नालॉजी (आरआरटी) सबसे प्रभावी खोज साबित हुई जिसमें स्पेस-एक्स अग्रणी है।

सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में व्यावसायिक उपग्रह उद्योग ने संचार, प्रेक्षण और अनुसंधान सेवाएं देकर 285 बिलियन डॉलर की कमाई की। अमेरिकी संसद ने 1984 में कामर्शियल स्पेस लांच एक्ट पास कर दिया था जिसके तहत सरकार निजी अभियानों की निगरानी कर सकती है लेकिन नियंत्रण प्राइवेट कंपनियों का होता है। अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का निजीकरण किया जा चुका है। नासा खुद स्पेस-एक्स की साझेदारी में कार्मशियल क्रू प्रोग्राम संचालित कर रहा है जिसके तहत अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन तक ढोया और वापस लाया जाता है। 2008 की ग्लोबल मंदी में आइएसएस का खर्चीला रखरखाव अमेरिका के लिए समस्या बन गया था, इसे 2030 तक खत्म कर देने का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन अब किराए पर दिए जाने वाले ऐसे पांच निजी स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जल्दी ही अंतरिक्ष में भी वैसी ही व्यापारिक स्पर्धा और यात्रा के बाजार पर कब्जा करने की तिकड़में देखने को मिलेगी जो धरती के शेयर बाजारों में अक्सर नजर आती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ियों की सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

## एसपी ने परियर गंगा तट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, परियर, उन्नाव


कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते एसपी, सफीपुर उपजिलाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचारः** सावन माह में परियर गंगा तट से कांवड़िए गंगा स्नान कर शिवालयों के लिए जल लेकर निकलते हैं। शनिवार को कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने परियर में बनाए गए कांवड़िया सहायता बूथ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बाद में उनका काफिला गंगा तट की ओर रवाना हुआ, लेकिन बीच रास्ते से ही वापस लौट आया। एसपी ने अन्य अधिकारियों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर कांवड़ियों की सुविधाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफीपुर क्षेत्राधिकारी मधुपनाथ मिश्रा, उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा, थाना अध्यक्ष एस.एन. त्रिपाठी, परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**कांवड़ यात्रा से पूर्व नानामऊ घाट का प्रशासनिक निरीक्षण, बांगरमऊ, उन्नावः** कांवड़ यात्रा को लेकर उपजिलाधिकारी शुभम यादव व पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने शनिवार को नानामऊ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारियों को गंगा तट की साफ-सफाई के निर्देश दिए।

सुरक्षा को लेकर कोतवाली प्रभारी को यात्रा मार्ग पर कड़ी निगरानी रखने और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग पर पेयजल, शौचालय और विश्राम स्थलों की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण में कोतवाल चंद्रकांत सिंह भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### कांवड़ियों के लिए बनेगा रैन बसेरा, भवन चिह्नित

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव :** डीएम के निर्देश पर शनिवार को बांगरमऊ उप जिलाधिकारी शुभम सिंह ने नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी का दौरा कर कांवड़ियों के ठहराव हेतु भवन का चयन किया। खराब मौसम और विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए आरबीएस इंटर कॉलेज के पास स्थित सामुदायिक भवन को रैन बसेरा के रूप में चिन्हित किया गया है। एसडीएम ने नगर पंचायत कर्मियों को सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस रैन बसेरे में जरूरत पड़ने पर कांवड़ियों के ठहरने की पूरी व्यवस्था की जाएगी, जिससे उन्हें कोई असुविधा न हो।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला छात्र का शव, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, सफीपुर (उन्नाव)



**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में कक्षा 9 के छात्र का शव घर के कमरे में लटकता मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। किसी बात को लेकर परिजनों द्वारा डांटे जाने से व्यथित होकर लोवर के नाडे से फांसी का फंदा लगाने की चर्चा है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली के मिर्जापुर गांव निवासी अशोक का 14 वर्षीय पुत्र रोहित कक्षा 9 का छात्र था। बताते हैं कि शनिवार को परिजनों ने किसी बात को लेकर उसको फटकार लगा दी। दोपहर बाद घर में मौजूद परिजनों को वह नजर नहीं आया तो तलाश की गई तभी कमरे में लोवर के नाड़े से लटकता हुआ उसका शव देख परिजन चीख पड़े। आनन-फानन उसे नीचे उतार डॉक्टर पास ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बिना पोस्मार्टम कराए शव को अंतिम संस्कार के लिए परियर घाट लेकर चले गए। युवक के दो भाई हरिओम, विवेक व मां पुष्पा का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि घटना की कोई सूचना नहीं मिली है।

**फंदे पर लटके युवक को पीआरवी कर्मियों ने बचाया, नवाबगंज उन्नावः** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के महनौरा निवासी अनूप सिंह (30) पुत्र मकरध्वज ने शनिवार दोपहर नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी नीतू से विवाद करने लगा। इसपर पिता ने उसे डांट दिया। इसी से क्षुब्ध होकर अनूप कमरे का दरवाजा बंद कर आत्महत्या करने की मंशा से पंखे में फंदा लगाकर लटक गया। परिजनों की सूचना पर पीआरवी आरक्षी अखिलेश यादव व चरामपाल सिंह पहुंचे। जहां दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाल कर सीएचसी नवाबगंज लाए। डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चचेरे भाई अभिषेक ने बताया अनूप अक्सर शराब पीकर घर में विवाद करता है। शनिवार को भी वह नशे में पत्नी नीतू से गाली गलौज कर रहा था, तभी पिता ने विवाद के चलते अनूप डांट दिया था।

## सार-संक्षेप

### विधायक ने किसानों को निःशुल्क बीज किट वितरित किया


किसान को बीज की बोरी देते विधायक बंबालाल दिवाकर व अन्य। अमृत विचार

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार :** शनिवार को राजकीय कृषि बीज भंडार परिसर में आयोजित निश्शुल्क बीज वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक बंबालाल दिवाकर ने खरीफ फसलों के मिनी किट का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस मौके पर मूंग, उर्द, अरहर, मूंगफली, तिल्ली समेत मिलेट्स जैसे कोदो, सावां, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के बीज किट निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि सुनील रावत, बीज गोदाम प्रभारी संजय कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिवकुमार पांडेय, शशिकांत आदि लोग रहे।

### चार आरोपियों पर नाबालिग से गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने कोर्ट में वाद दायर कर बताया कि उसकी 14 साल की नाबालिग बेटी 11 अक्टूबर 2024 को घर पर अकेली थी, तभी कल्लू पुरवा निवासी बब्लू निषाद, विशाल निषाद उसका भाई अभिषेक और शुक्लागंज के सर्वोदय नगर निवासी राहुल निषाद घर में घुस गए। आरोप है कि चारों युवक ने उसकी बेटी को डरा धमका कर बारी-बारी से जबरन दुष्कर्म किया और जब वह अपने पति के साथ घर पहुंची तो सभी लोग दीवार फांद कर भाग निकले, लेकिन विशाल को पकड़ लिया गया। घटना की बाबत गंगाघाट कोतवाली पुलिस, एसपी, सीएम पोर्टल तक शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता की शिकायत पर कोर्ट ने चारों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया। गंगाघाट पुलिस ने उपरोक्त सभी नामजद के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या, प्रधान पर केस दर्ज

**नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** थाना सोहरामऊ क्षेत्र के दतौली गांव निवासी कमलेश यादव (30) ने 7 जुलाई की रात फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया था और बिसरा सुरक्षित रखा गया था। शनिवार को मृतक की पत्नी पूनम ने ग्राम प्रधान चंद्रभान यादव पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि प्रधान से पैसे मांगने पर विवाद हुआ, जिससे आहत होकर पति ने जान दे दी। थाना प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि आरोपी प्रधान के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### बेटे-बहू ने की मारपीट, वृद्धा को घर से निकाला

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गोबरा गांव निवासी वृद्धा राजकुमारी पत्नी स्व. जगरूप ने शनिवार को थाने पहुंचकर बेटे सुरेंद्र, बहू पूजा और पोती रिया पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। वृद्धा ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर तीनों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें भी आई हैं। वह अपने पोते उदय के साथ थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### एक्सप्रेसवे पर दो हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**गंजमुरादाबाद, उन्नाव :** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात दो अलग-अलग हादसों में यूपीडा वाहन समेत चार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसों में छह लोग घायल हुए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई गई है। पहली घटना ग्राम आलमऊ सराएं के सामने हुई, जहां अयोध्या निवासी पंकज तिवारी की बोलेरो कार खराब होकर खड़ी थी। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम कार को हटवा रही थी, तभी तेज रफ्तार आलू लदा लोडर पीछे से टकराकर पलट गया। टक्कर से बोलेरो, लोडर और यूपीडा वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में कार सवार रंजीत, लोडर चालक अमन (निवासी गूजेपुर, बिल्हौर), उसका साथी अभिषेक (निवासी नानामऊ, कानपुर) और यूपीडा कर्मचारी धर्मपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से बांगरमऊ अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। दूसरी घटना गांव सिरधरपुर के पास हुई, जहां लखनऊ से आगरा जा रही कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यात्रियों को हल्की चोटें आईं हैं।

## कई शिक्षक व प्रधानाचार्य अनुपस्थित, स्पष्टीकरण तलब

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▸▸ विद्यालयों के औचक निरीक्षण में डीआईओएस को मिली छात्रों की कम संख्या

**अमृत विचारः** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में शिक्षक, कर्मचारी और प्रधानाचार्य बिना सूचना के अनुपस्थित मिले, जबकि अधिकांश स्थानों पर छात्र संख्या कम पाई गई।

सुबह 8:10 बजे उन्होंने महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, सफीपुर का निरीक्षण किया। यहां सहायक शिक्षक राघवेंद्र मिश्रा, लिपिक मिथिलेश कुमार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कपिल बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। वहीं केवल 100 छात्र उपस्थित थे। तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब करते हुए उपस्थिति बढ़ाने और शौचालय मरम्मत के निर्देश दिए गए। 8:45 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सफीपुर में वरिष्ठ सहायक रजनीश चंद्र वाजपेई अनुपस्थित मिले। 738 छात्राओं के सापेक्ष 350 उपस्थित थीं। 9:45 बजे ज्वाला देवी दीक्षित हाईस्कूल, उगू में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजू सिंह व शिक्षक सौरभ राज भारती बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। 10 बजे सीपीटीएन इंटर कॉलेज, उगू में स्टाफ तो उपस्थित था, पर सिर्फ 100 छात्र ही आए। 11:45 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहपुर 84 में कार्यवाहक प्रधानाचार्य कांति चौधरी, शिक्षक कृति पांडे व कर्मचारी जीत बहादुर अनुपस्थित व मात्र 13 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पिकिंग प्वाइंट पर तैनात किए गए रोडवेज कर्मी


संवाददाता, हरदोई

**कवायद**

▸▸ यात्रियों को बसों पर बैठने में मदद के साथ समस्या का कराएंगे निस्तारण

▸▸ परिवहन निगम की घटती आय को लेकर की गई पहल

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा लगातार आय में हो रही गिरावट को देखते हुए क्षेत्रीय प्रबंधन कार्यालय हरदोई में तैनात कर्मियों को 14 जुलाई तक सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग निर्धारित पिकिंग पॉइंट पर तैनात किया गया है। राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात लगभग 26 कर्मचारियों को जनपद के अलग-अलग मार्गों पर पिकिंग पॉइंट पर तैनात किया है। तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों को पीकिंग पॉइंट पर तैनात रहने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक का चार्ज संभाल है रमेश कुमार की ओर से जारी हुए हैं।रमेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों देखा गया है कि राज्य सड़क परिवहन निगम की आय में काफी गिरावट आई है ऐसे में निगम के कर्मियों को पिकिंग पॉइंट पर भेज कर आय को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



### प्रतिदिन बैठाने होंगे 200 यात्री

क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय हरदोई से कर्मचारियों को अलग-अलग पिकिंग पॉइंट पर तैनात किया गया है। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि परिवहन निगम के पिकिंग पॉइंट पर तैनात रहकर यात्रियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराएं। साथ ही कुछ परिवहन निगम की बस को चालक परिचालक यात्रियों को देख कर भी पिकिंग पॉइंट पर नहीं रोकते है। बसों को पिकिंग पॉइंट पर रुकवा कर यात्रियों को बैठाया जाए। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय की ओर से हरदोई कानपुर मार्ग के तीन पिकिंग पॉइंट पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है जबकि हरदोई-शाहजहांपुर मार्ग पर 6 पिकिंग पॉइंट पर कर्मचारियों को तैनाती दी गई है। हरदोई फर्रुखाबाद मार्ग पर तीन पिकिंग पॉइंट पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है जबकि हरदोई-सीतापुर-शाहजहांपुर मार्ग पर एक कर्मचारी को पीकिंग पॉइंट पर तैनात किया गया है। हरदोई-सीतापुर और हरदोई-कन्नौज मार्ग पर एक पिकिंग पॉइंट पर तैनात किया गया है, हरदोई-लखनऊ मार्ग पर पांच पिकिंग पॉइंट पर कर्मियों को तैनात किया गया है, हरदोई-फर्रुखाबाद मार्ग पर दो, हरदोई-पिहानी गोला मार्ग पर एक, हरदोई-पिहानी-लखीमपुर मार्ग पर एक, हरदोई बस स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 8 व 6 पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है। उक्त कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने नाम के पिकिंग पॉइंट पर प्रतिदिन कम से कम 200 यात्री निगम बसों में उपलब्ध कराये जाए।

## सर्पदंश से पीड़ित युवक की इलाज में देरी से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर पहुंचे युवक को वहीं सांप ने काट लिया। परिजन इलाज के बजाए उसे झाड़-फूंक के लिए ओझाओं के पास दौड़ते रहे। पूरा दिन बीतने के बाद उसे सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बेनीगंज कोतवाली के मोहल्ला सिकलिन टोला निवासी पंकज कुमार (40) खेती-बाड़ी करता था। शुक्रवार की सुबह खेत पर उसे सांप ने काट लिया था। पंकज के परिवार में उसकी पत्नी उषमा देवी के अलावा तीन बेटे है। बेनीगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



# अवैध खनन के साथ चकमार्ग भी खोदा, जिलाधिकारी से शिकायत

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** खेत में अवैध खनन की आंड में चकमार्ग को खोद डाला। किसानों को आवाजाही में परेशानी बढ़ी तो डीएम से शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित किसानों ने मामले में अवैध रूप से खनन करने वाले और चकमार्ग को गायब करने वाले पर कार्यवाही की मांग उठाई है।

तहसील सदर व ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नेवादा के मजरा बक्खीपुरवा निवासी किसान सर्वेंद्र पाल, आनंद कुमार व भूड़ पुरवा मजरा गौराडांडा के जोगेंद्र उर्फ जोगी, बाबू, बहादुर, जगदीश, रामलखन, अहिबरन व रामकुमार ने डीएम से दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि भूड़ पुरवा मजरा गौराडांडा के निकट उन सभी का खेत है। शिकायत में कहा कि खेत के लिए चकरोड़ वर्ष 2000 से चल रहा था, आरोप लगाया है कि उक्त चकरोड के समीप गांव भूड़पुरवा के बबलू पाल का खेत है। जिसकी खाता 64 राजस्व के अभिलेखों में दर्ज है, पर आरोपित बबलू पाल ने विगत कुछ दिनों पहले बगैर अनुमति मानकों के विपरीत खनन करवाया गया है। खनन के साथ साथ आरोपित बबलू पाल ने चक रोड को भी जोत लिया है। अवैध खनन किए खेत में काफी गहराई होने से इन दिनों बरसात के दौर में जलभराव होने की आशंका है। गौरतलब है कि विगत माह इसी गांव गौरा डांडा में अवैध खनन से कई फिट गहराई से हुए खनन में तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। पीड़ित किसानों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाएं जाने और दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग उठाई है। एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है, जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाइक सवार टाइल्स कारीगर को पिहानी कोतवाली क्षेत्र में तेज़ रफ्तार गाड़ी टक्कर मार दी। मेडिकल कालेज से उसे लखनऊ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कुछ घंटे इलाज के बाद वहां भी जवाब हो गया। परिजन उसे लेकर घर आ रहे थे, तभी रास्ते में मौत हो गई।



पिहानी कोतवाली के जरेली मजरा रायपुर निवासी 30 वर्षीय धनश्याम पुत्र सर्वेश टाइल्स लगाने का कारीगर था, वह शहर में टाइल्स लगा रहा था, गुरुवार की शाम को धनश्याम बाइक से घर जा रहा था, उसी बीच पिहानी रोड पर बरगावां गांव के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी उसे टक्कर मारते हुए भाग निकली। हादसे का पता होते ही वहां भीड़ लग गई। हादसे का शिकार हुए बाइक सवार को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां से लखनऊ हायर सेंटर रिफर कर दिया गया। शुक्रवार तक उसका इलाज हुआ। हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने जवाब दे दिया। परिजन उसे लेकर घर आ रहे थे, रास्ते में ही मौत हो गई। धनश्याम के बड़े भाई अवधेश ने बताया कि धनश्याम के परिवार में पत्नी नीरा देवी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है।

## अधेड़ महिला ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** पति अपनी पत्नी को घर में अकेला छोड़ कर खेत पर गया हुआ था,उसी बीच पत्नी ने घर के अंदर गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव कब्ज़े में लेते हुए मामले की जांच कर रही है। साण्डी थाने के सुगवां निवासी रामरहीस 50 वर्षीय पत्नी ध्रुव श्री के साथ रहता है। उसके दो बेटे है जो नोएडा में काम करते है, एक बेटी जिसकी शादी हो चुकी है। शनिवार को रामरहीस पत्नी ध्रुव श्री को घर में अकेला छोड़ कर खेत पर गया हुआ था। शाम को जब घर लौटा,वहां उसने पत्नी ध्रुव श्री का शव फांसी पर लटकता हुआ देखा। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।


भंडारा में प्रसाद वितरित करते नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा। अमृत विचार

### कैबिनेट मंत्री के पुनः प्राप्ति जन्मोत्सव पर हुआ भंडारा

**हरदोई, अमृत विचार।** कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी के पुन: प्राप्ति जन्मोत्सव पर शनिवार को वैश्य समाज ने प्राइमरी पाठशाला के बच्चों को फल व स्टेशनरी वितरित कीं। रामजनकी मंदिर में पूजा अर्चन कर हवन किया गया। उसके बाद केक काट कर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा मौजूद रहे। वैश्य समाज ने इस मौके पर गल्ला मंडी में पौधरोपण किया। गौशाला में गौ माता की पूजन कर मौनी बाबा चौराहे शनि मंदिर के पास लंच पैकेट वितरण किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विशाल सेठ, सुमित गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, राजीव गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पति की मौत के बाद बच्चों को पाल रही महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** पति की मौत के बाद दो बच्चों की परवरिश करने में उसकी मां ने तमाम जतन किए,अपना पेट काट-काट कर उन्हे बड़ा कर दिया,बच्चे सो गए,उसी बीच ज़हर खा लिया,हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई।

बघौली थाने के बीकापुर निवासी वीरेंद्र त्रिपाठी की तकरीबन 16 साल पहले मौत हो चुकी थी,उसके परिवार में पत्नी रेनू के अलावा एक बेटा अंकुल त्रिपाठी और एक बेटी शोभा थी। पति के न रहने के बाद रेनू के सामने दोनों बच्चों की परवरिश का सवाल खड़ा हो गया,उसने तमाम जतन कर दोनों बच्चों की परवरिश की,उसने अपना पेट काट-काट कर जैसे-तैसे अंकुल और शोभा को पाल-पोस कर बड़ा कर दिया। अंकुल ने बताया कि शुक्रवार की शाम को उसने मां और बहन के साथ खाना खाया, फिर सब लोग सो गए। रोज़ भोर पहर जागने वाली रेनू शनिवार की सुबह नहीं उठी, अंकुल ने उसे आवाज़ दी, जब कोई जवाब नहीं आया तो उसने पास जा कर देखा कि उसकी मां रेनू के मुंह से झाग निकल रहा था, पास में पुड़िया भी पड़ी हुई थी, मां की ऐसी हालत देख कर वह और उसकी बहन चिल्लाने लगी, उनकी आवाज़ सुन कर पड़ोसी नरेंद्र अग्निहोत्री पहुंचा,वही रेनू को उठा कर मेडिकल कालेज ले कर पहुंचा, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज के डाक्टरों का कहना है कि प्वाज़निंग से मौत हुई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि मौत की असल वजह का पता लगाने के लिए मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# अलग-अलग स्थानों पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम टोडरपुर के मजरा फत्तेपुर निवासी अंजली शुक्ला के अनुसार 11 जुलाई की दोपहर उसका पैर पड़ोसी के तसले में लग गया था। इसी बात की रंजिश में पड़ोसी कल्लू उर्फ अशोक शुक्ला ने पत्नी कंचन के साथ मिलकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लात घूंसों और ईंट से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहन निशू उसे बचाने आई तो विपक्षियों में उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम खेरिया निवासी जगरानी पत्नी जगपाल के अनुसार उसका पति मजदूरी करता है। 10 जुलाई को वह मजदूरी कर वापस घर आ रहा था। गांव में पिंकू के दरवाजे पर पहुंचा तो पुरानी रंजिश में पिंकू ने अपनी पत्नी और मां के साथ मिलकर उसके पति को गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसके पति को डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पति को इलाज के लिए सीएचसी टोडरपुर लेकर गई।जहां डाक्टरों में उसके पति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसके पति का इलाज चल रहा है। पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो पक्षों में मारपीट में आठ लोगों पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरीदापुर में बीती 3 जुलाई को दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कई लोगों को शांति भंग करने में पाबंद किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि प्रथम पक्ष अनुज, राजू, धीरज और अनुराग निवासी मुरीदापुर व द्वितीय पक्ष वीरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, दीपक तिवारी और रिंकू निवासीगण मुरीदापुर के मध्य विवाद मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आई है। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम पक्ष से प्राप्त तहरीर पर वीरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, दीपक तिवारी, रिंकू तथा द्वितीय पक्ष से प्राप्त तहरीर पर अनुज, राजू, धीरज और अनुराग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिसने दोनों पक्षों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की है।

## आरोप-दबंगों के कब्जे से भूमि छुड़ाने के लिए पैसे लेकर मुकर गया लेखपाल

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** में एक महिला ने लेखपाल पर रिश्वत लेने और कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। थाना कछौना क्षेत्र के ग्राम हथौरा की रहने वाली ज्योति ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। ज्योति दिल्ली में प्राइवेट जॉब करती हैं। महिला का कहना है कि उनकी जमीन गाटा संख्या 1780/2 पर कुछ दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। यह जमीन 0.5060 हेक्टेयर क्षेत्रफल की है। उनका आरोप है कि यह कब्जा ग्राम प्रधान की मिलीभगत से किया गया है।

ज्योति ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानप्रकाश ने जमीन का कब्जा दिलाने के नाम पर उनसे 10,000 रुपये ले लिए। लेकिन न तो जमीन का कब्जा दिलाया और न ही पैसे वापस किए। वर्तमान प्रधान के मना करने पर लेखपाल ने कब्जा दिलाने से इनकार कर दिया।लेखपाल ज्ञान प्रकाश का कहना है कि आरोप झूठे हैं। उनके अनुसार जमीन का 0.218 हिस्सा बैनामा के तहत है। शेष जमीन का विभाजन आपसी सहमति से होना है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक ने भी आरोपों को खारिज किया है। राजस्व निरीक्षक शिवरूप चंद्र द्विवेदी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पैसे जन सेवा पोर्टल पर जमा किए हैं, लेखपाल को सीधे नहीं दिए हैं। मामले की जांच चल रही है।

### वीडियोग्राफी के साथ दो शवों का हुआ पोस्टमार्टम

**हरदोई, अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में फांसी लगाकर जान देने वाले युवक और युवती के शवों का पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया है। पाली थाने के भावपुर निवासी नन्हे (39) ने शुक्रवार की देर शाम फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। नन्हे के बड़े भाई राजेश्वर ने बताया कि उसके भाई तौले की मौत के बाद नन्हे ने उसकी पत्नी से धरौना कर लिया था, उसी से उसके तीन बेटे और दो बेटियां है। वहीं दूसरी तरफ पाली थाने के ही बहाउद्दीन पुर निवासी रामभजन के छोटे भाई सुरेश की मौत हो गई थी, उसके तीन बेटी और एक बेटा वीरू है। वीरू अपनी बहनों के साथ दिल्ली में रह कर मजदूरी करता है। उसकी तीन बहनों में एक 18 वर्षीय रानी 1 जुलाई को ताऊ रामभजन के घर आई हुई थी,उसने गुरुवार को वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दाऊद नगर में शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे एक विवाहिता ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की वजह स्पष्ट नहीं है पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दाऊद नगर निवासी इंद्रपाल की पत्नी अरुणा (38) ने शनिवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अरुणा के एक पुत्री और तीन पुत्र हैं। सबसे बड़ा पुत्र 18 वर्ष का है। एसआई अनिल कुमार ने बताया घटना के बारे में अभी परिजन भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

## एक नजर

### ज्ञापन देने जा रहे भीम आर्मी नेता को पुलिस ने रोका

**नवाबगंज, उन्नाव :** भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार आजाद, जिलाध्यक्ष संजय रावण और अन्य कार्यकर्ताओं को शनिवार को नवाबगंज पक्षी विहार के पास पुलिस ने रोक लिया। वे डीएम और एसपी से मिलकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। यह विरोध मार्च असोहा के सोहनखेड़ा गांव निवासी भीम आर्मी जिला प्रभारी विकास गौतम पर दर्ज दुष्कर्म मामले के विरोध में था। पुलिस को जानकारी मिलते ही पुरवा, असोहा और अजगैन थानों की पुलिस सतर्क हो गई और बस को रोकते हुए सभी को एक होटल में बैठा दिया गया। बाद में जिलाध्यक्ष संजय रावण ने नायब तहसीलदार दीपक कुमार को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें डीएनए और नार्को टेस्ट की मांग रही।

### शिविर लगाकर कृषकों को किया गया जागरूक

**उन्नाव :** पंजाब नेशनल बैंक के तत्वावधान में शनिवार को अचलगंज के हड़ाहा गांव में कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि पीएनबी के महाप्रबंधक एस.के. सिंह ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि बैंक द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में हर तीन माह में एक शिविर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत 30 सितंबर तक देशभर में 2.7 लाख शिविर आयोजित किए जाएंगे। मंडल प्रमुख प्रेमचंद्र चौधरी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना, कृषि सौर ऊर्जा योजना के वित्तपोषण पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख विभोर श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक लवकांत शुक्ल, राजीव वर्मा, शैलेश शुक्ला, अजय निगम, राजन शुक्ला, राम सिंह यादव, आर.बी. निषाद, सीता शरण मिश्रा, अखिलेश शुक्ल, अमित गुप्ता, मोहित, विजय दीक्षित रहे।

### योग गुरु ज्योति बाबा का हुआ भव्य सम्मान

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** नेहरू नगर स्थित मां बालेश्वरी चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में नशा मुक्ति अभियान के राष्ट्रीय निदेशक, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरु ज्योति बाबा का भव्य सम्मान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि ज्योति बाबा ने पिछले 35 वर्षों में बिना किसी सरकारी सहायता के 6000 से अधिक जनजागरूकता कार्यक्रम किए और तीन करोड़ बच्चों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। हाल ही में उन्हें दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले द्वारा ग्रेट इंडियन पार्लियामेंट अवार्ड-25 से सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रवण कुमार गुप्ता, विकास गौड़ एडवोकेट, डॉ. श्रीमती सुलोचना दीक्षित शामिल रहे। वहीं ज्योति बाबा ने कानपुर में डॉ. अतुल कुमार मिश्रा के साथ मिलकर एक वृहद नशा मुक्ति शिविर आयोजित करने की घोषणा की। 15 अगस्त को स्कूलों में नशा मुक्त संकल्प दिलाने का भी संकल्प लिया गया। प्रदीप शुक्ला, नीलकमल दीक्षित आदि रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**उन्नाव :** ज़ी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, उन्नाव में शनिवार को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व डॉ. पी.के. जैन ने किया। शिविर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण, कर्मचारियों व अन्य निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर का आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के निदेशक सौम्या पाण्डेय और सीएमओ बबिता कुमारी (कानपुर जोन) के निर्देश पर किया गया। यहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विनय सिंह, डॉ. आशीष यादव, शिखा गौतम, सुनील कुमार, प्रदीप त्रिपाठी, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जनपदीय उपसभापति डॉ. मनीष सिंह सेंगर, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञेष पांडे, आरती सिंह, मोनिका यादव रहे।

# झमाझम बारिश से गलियां हो गईं लबालब

## नगर और गांव दोनों प्रभावित, कंचन नगर, सर्वोदय नगर और कृष्णा नगर में घुटनों तक भरा पानी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


नमामि गंगे पार्क में भरा बारिश के पानी से निकलते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कंचन नगर, कंचन नगर बी, सर्वोदय नगर और कृष्णा नगर की गलियों में भीषण जलभराव हो गया। लगभग सौ से अधिक मकानों के बाहर घुटनों तक गंदा पानी भरा रहा, जिससे महिलाएं व बच्चे घरों में ही कैद रहे। कंचन नगर बी की गलियों में बारिश थमने के घंटों बाद तक पानी निकासी नहीं हो सकी। पोनी रोड मुख्य मार्ग सहित गोपीनाथपुरम, साकेतपुरी और अंबिकापुरम जैसे पॉश इलाकों में भी पानी भर गया। ग्रामीण क्षेत्रों की गलियां भी कीचड़ व जलभराव से जूझती नजर आईं। नमामि गंगे पार्क में पानी भर जाने से टहलने वाले लोगों को परेशानी हुई।

**बारिश में बिजली फाल्टों का अंबार, घंटों गुल रही बिजली सप्लाई, शुक्लागंज (उन्नाव):** शनिवार रात से शुरू हुई तेज मूसलाधार बारिश ने नगर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खराब हो गए, जिससे सुबह से देर रात तक बिजली सप्लाई बाधित रही। श्रीनगर टाटा टॉवर गली में रात करीब 3 बजे 100 केवीए ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिसे देर रात तक बदला नहीं जा सका। इससे एक सैकड़ा से अधिक घरों में करीब 20 घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं सुबह 4 बजे चंपापुरवा ढाल पर लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने से भी सैकड़ों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिश्रा कॉलोनी गांधी चौक पर सुबह 6 बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हुआ, जिसे शाम 4 बजे तक ही सही किया जा सका। इसी तरह पोनी रोड झंडा चौराहा पर सुबह 6 बजे डिस्क पंचर होने से 11 बजे तक सैकड़ों घरों में अंधेरा छाया रहा। वहीं पोनी रोड शिवराज गेट के पास लगे ट्रांसफार्मर की एमसीवी भी सुबह फुंक गई, जिससे दोपहर साढ़े तीन बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही।

**हाईटेंशन लाइन का खंभा गिरने से बिजली आपूर्ति ठप, फतेहपुर चौरासी, उन्नाव:** लगातार हो रही बारिश के कारण शनिवार तड़के तोरना गांव के पास हाईटेंशन लाइन का खंभा भूस्खलन से सड़क पर गिर गया, वहीं एक अन्य खंभे में अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से वह भी टूट गया। इससे काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग का आवागमन बाधित हो गया और तोरना, गड़ाई, दुर्गापुरवा, हिंदूपुरवा, भुलभुलिया खेड़ा, मन्नानगरी समेत आधा दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जेई राजेश तिवारी ने बताया कि बारिश के बीच बिजली विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत कर दोनों खंभों को फिर से स्थापित किया, जिससे सड़क यातायात शुरू हो सका और आपूर्ति बहाल करने का कार्य भी जारी है।

### वज्रपात से युवक की हुई मौत

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र केवअलौलापुर गांव निवासी रमाकांत के खेत में धान की रोपाई हो रही है। शनिवार को उसका बेटा राहुल (22) मेढ़ बांध रहा था। तभी अचानक तेज वज्रपात और उसकी गड़गड़ाहट होते राहुल अचेत हो कर खेत में गिर पड़ा। पिता दूसरे खेत में रोपाई के लिए बेढ़ लेने गया था। उसे तड़पता देखकर पड़ोस के खेत में काम कर रहे लोग दौड़ कर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि परिजनों ने आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत होने की बात बताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

## सार-संक्षेप

### स्पेलिंग बी प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाया प्रतिभा का दम

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** संडीला रोड स्थित आर.एस. पब्लिक स्कूल में शनिवार को हाउस वाइज स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्री-प्राइमरी विंग में होप हाउस के प्रज्योत पटेल और अनन्या ने यूनिटी हाउस को हराकर जीत दर्ज की। प्राइमरी विंग में नोबल हाउस की अवि पटेल, अथर्व पटेल व आइज़ा खान की टीम विजेता रही। जूनियर विंग में पीस हाउस के कार्तिकेय, अनुभव, सक्षम और सचिन की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पाया। वहीं सीनियर विंग में पीस हाउस के आयुष पटेल, आख्या और वैभवी की टीम ने प्रतियोगिता में विजयश्री हासिल की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक रिजवान अहमद ने विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजनकर्ता शिक्षिकाओं में मोना, सिमरन, प्रिया श्रीवास्तव, भावना पटेल एवं अर्सलान खान को सफल संचालन के लिए सम्मानित किया।

### सावन मास में रुद्राभिषेक का आयोजन होगा

**उन्नाव, अमृत विचार :** सावन मास के पावन अवसर पर मां कल्याणी देवी शक्तिपीठ मंदिर परिसर में स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव का रुद्राभिषेक एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा। सेवा समिति के पी.के. मिश्रा ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार 14 जुलाई, 21 जुलाई, 28 जुलाई, 4 अगस्त एवं प्रदोष व्रत (22 जुलाई व 6 अगस्त) पर विशेष आयोजन होंगे। भक्तजन बाबा सोमनाथ, केदारनाथ, महाकालेश्वर आदि द्वादश ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक श्रद्धालु मंदिर के आचार्य जुगुलकिशोर तिवारी (संपर्क 7905392271) से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### साइबर टीम ने पीड़ित के खाते में लौटे 5,000 रुपये

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत गंगाघाट थाना पुलिस ने युवक से हुई आनलाइन ठगी के मामले में युवक को रुपये वापस दिलाये हैं। अंबरपुर निवासी आकाश पाल ने 1 जुलाई 2025 को साइबर पोर्टल पर 5,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि गूगल पे के माध्यम से उनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ। मामले की जांच गंगाघाट थाना साइबर सेल टीम को सौंपी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने जांच शुरू की और तकनीकी माध्यमों से सफलता प्राप्त करते हुए शनिवार को आवेदक के खाते में पूरी राशि 5,000 रुपये रिफंड करा दी।

### मनाया गया हैप्पी फेसेस विद्यालय का स्थापना दिवस


**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** हैप्पी फेसेस विद्यालय में अलंकरण दिवस एवं स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के प्रबंधक आनंद आहूजा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को अनुशासन और जिम्मेदारी को जीवन की सफलता की कुंजी बताते हुए विराट कोहली व महेंद्र सिंह धोनी जैसे महान खिलाड़ियों का उदाहरण दिया। समारोह में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें नृत्य, गीत और नाट्य रूपांतरण ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पदों के लिए छात्रों का निर्वाचन भी कराया गया। इसके अलावा सुमुख बाजपेयी स्कूल वाइस कैप्टन, हसनैन स्पोर्ट्स कैप्टन और शताक्षी वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन बनीं। हाउस कैप्टनों में मैरीगोल्ड हाउस से आराध्य द्विवेदी (कैप्टन) और आदया श्रीवास्तव (वाइस कैप्टन), जैसमिन हाउस से अग्रिम (कैप्टन) और अविका जायसवाल (वाइस कैप्टन), लैवेंडर हाउस से लविक गुप्ता (कैप्टन) और अता अल्लाह (वाइस कैप्टन), ट्यूलिप हाउस से विराट तिवारी (कैप्टन) और अच्छलेंद्र प्रताप सिंह (वाइस कैप्टन) चुने गए। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक मनीष शुक्ला ने किया। प्रधानाचार्या ऋचा शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मनी ट्रेडिंग ठगी प्रकरण में नया मोड़, आरोपी की चाची ने दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** कथित मनी ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी के चर्चित मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। गंज मुरादाबाद कस्बे की रहने वाली रूबी पत्नी इकबालुद्दीन ने अपने ही भतीजे अरबाज उर्फ काशान के मामले में कस्बे के लगभग एक दर्जन लोगों पर लाखों रुपए की ठगी का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि पहले अरबाज उर्फ काशान पुत्र अनवारुद्दीन निवासी मोहल्ला तालाब, गंज मुरादाबाद सहित कई लोगों के खिलाफ सैकड़ों लोगों से करोड़ों की ठगी के आरोप में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अब इसी मामले में आरोपी की चाची रूबी ने मो. शारिक, मो. आकिब, तारिक, तालिब, आमिर, आफताब, शफीक, मुजम्मिल, रागिब, मो. सुफियान, अजीम, चांद व साकिब पर मनी ट्रेडिंग में निवेश कर बड़ा मुनाफा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। रूबी का कहना है कि इन लोगों ने उसके भतीजे को झांसे में लेकर पैसा लगाने की सलाह दी और मुनाफा व रकम वापसी की गारंटी भी दी। इस भरोसे पर रूबी ने करीब 60 लाख और 19 लाख रुपए मोबाइल से आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किए। समय बीतने के बाद जब रुपए की मांग की गई तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। रूबी ने पहले कोतवाली, फिर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, लेकिन सुनवाई न होने पर अदालत की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में बीएनएस की धारा 318(4), 316(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस नए खुलासे से नगर व क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## गंगा के जलस्तर में 16 सेमी. की हुई बढ़ोत्तरी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


जलस्तर बढ़ने से फैला गंगा का पानी।

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश और पश्चिमी बांधों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बीते 24 घंटे में जलस्तर में 16 सेमी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। हालांकि फिलहाल गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से लगभग डेढ़ मीटर नीचे है।

शुक्रवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 110.460 मीटर था, जो शनिवार सुबह 8 बजे तक बढ़कर 110.530 मीटर हो गया। इसके बाद प्रतिघंटा एक सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ते हुए दोपहर 1 बजे तक यह 110.580 मीटर और शाम 6 बजे तक 110.620 मीटर दर्ज किया गया। जल आयोग के अनुसार ऊपरी इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश का पानी गंगा में छोड़ा जा रहा है, जिससे जलस्तर में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है।

## अयोध्या से आई पवित्र कलश यात्रा का भव्य स्वागत


पवित्र कलश यात्रा का स्वागत करते समाजसेवी। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** अयोध्या से आई पवित्र कलश यात्रा का शनिवार को शुक्लागंज में भव्य स्वागत किया गया। बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर से सुबह 9 बजे यह यात्रा सैकड़ों गायत्री परिवार सदस्यों की उपस्थिति में निकाली गई। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और स्थानों से होते हुए करीब सोलह चयनित स्थानों पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सब्जी मंडी क्षेत्र में वीरेंद्र शुक्ला ने यात्रा का स्वागत करते हुए पूजन किया और अयोध्या से आए श्रद्धालुओं का फूलमालाओं से अभिनंदन किया। उनके निवास पर गायत्री परिवार के उद्बोधन का आयोजन हुआ, जिसमें कीर्तन और भजन की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। यात्रा दुर्गा मंदिर, ऋषीनगर, नेहरू नगर, गायत्री नगर सहित अन्य क्षेत्रों से भ्रमण करती हुई देर शाम वापस शक्तिपीठ पहुंची। यहां व्यवस्थापक आर.सी. गुप्ता, संग्राम सिंह, दया साहू, सुमन, गीता आदि श्रद्धालु रहे।

## थाना दिवस में एसपी ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता, सफीपुर, उन्नाव


समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एसपी दीपक भूकर व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी विवादों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को पुलिस से जुड़े मामलों को भी समयसीमा के भीतर निष्पक्ष रूप से निपटाने के निर्देश दिए। थाना दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र, उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक मधुप नाथ मिश्र, प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना दिवस में आई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने की

**निस्तारण के दिए निर्देश**

प्राथमिकता पर बल दिया गया, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके।

**समाधान दिवस में आये 8 मामले, दो का हुआ निस्तारण, शुक्लागंज (उन्नाव):** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। इस दौरान जिले एएसपी पहुंचे। जहां उन्होंने समस्याएं सुनी। मौके पर दो समस्याओं का निस्तारण किया गया। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में पी के मिश्रा ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दोपहर के समय अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने समस्याएं सुनी। कुल 8 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 7 मामले राजस्व और एक मामला पुलिस से संबंधित आया। एएसपी ने पुलिस से संबंधित मामले को मौके पर ही निस्तारित करा दिया।



# बाढ़ का कहर: नदियां उफनाईं, घरगिरी से दो की मौत

## भरतकूप में गृहस्थी का सामान बर्बाद, मकानों को बारिश से हो रहा नुकसान, लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कई दिनों से रुक रुककर हो रही बारिश ने शुक्रवार रात रौद्र रूप धारण कर लिया। लगभग आठ घंटे हुई बरसात ने जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर जमकर तबाही मचाई। रामघाट में दुकानों तक पानी पहुंच गया। आरोग्यधाम, जानकी कुंड आदि जगहों पर पानी घरों में चला गया। भरतकूप में नाली की व्यवस्था दुरुस्त न होने से पानी ने घर-गृहस्थी के सामान को भारी नुकसान पहुंचाया। आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। उधर, घर ढहने से दो लोगों की मौत हो गई।

शुक्रवार रात कर्वी सहित अन्य जगहों पर अचानक बारिश तेज हो गई। मंदाकिनी नदी उफनाई तो कई इलाकों में पानी भर गया। रामघाट की सभी सीढ़ियां पूरी तरह पानी में डूब गई हैं। महाकवि तुलसीदास का ऐतिहासिक मंदिर भी जलमग्न हो गया। घाट किनारे की दुकानें पानी में डूब चुकी हैं। लोगों की कारें और बाइकें डूब गई। जलभराव को देखते हुए नया पुल से कुछ देर को आवागमन रोका गया। कामदगिरि वार्ड नंबर 13 में बारिश के कारण गंभीर जलभराव की स्थिति बन गई है। मुख्यालय से सटे और नदी के किनारे बसे तरौंहा बाढ़ के पानी से इलाका पूरी तरह जलमग्न हो गया। सड़क से करीब बारह फीट तक पानी भर गया, जिससे कमरों में रखा सामान खराब हो गया। कई लोग तो छतों पर चढ़ गए। पिपरावल नदी में बाढ़ आने से कर्वी ब्लाक से सटे कोलगदहिया के मजरे कछारपुरवा के लगभग सौ घरों में पानी घुस गया। कई घरों की कच्ची दीवारें ढह गईं। सड़कों पर लोग मवेशी बांधने लगे। सड़क से डामर निकलने लगी और गड्ढों में पानी भर गया। गुस्साए लोगों ने कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित करने की कोशिश की पर पुलिस के समझाने पर मान गए। मंदाकिनी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने रामघाट में हालात का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट में बाढ़ संबंधित कंट्रोल रूम बनाया जाए। बाढ़प्रभावितों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी को निर्देशित किया कि जलस्तर कम होते ही सफाई कराएं और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराएं। उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने पिपरावल नाला, लोढ़वारा /बंधोइन ग्राम सभा में अतिक्रमण से हुए जलभराव को भी देखा। रामघाट पर बाढ़पीड़ितों को जिला प्रशासन द्वारा भोजन वितरित किया गया। प्रशासन ड्रोन की मदद से भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में नजर रख रहा है। पहाड़ी संवाददाता के अनुसार, ग्राम दुबारी में गोला (57) पुत्र रामप्रताप की कच्ची दीवार के नीचे आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह घर के अंदर पानी भर जाने पर जानवरों को वहां से निकाल कर सूखी जगह पर बांध रहा था कि तभी अचानक कच्ची दीवार ऊपर गिर गई, जिससे गोला दब गया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते और गोला को मिट्टी के मलबे से निकालते, मौत हो चुकी थी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विकास मुख्यालय से लगभग सात किलोमीटर दूर नांदी के हनुमान जी मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित गेडुवा नाला पुल के ऊपर पानी बहने से आवागमन ठप हो गया। थानाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की। बाढ़ से पहाड़ी मुख्यालय से दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया। पहाड़ी बुजुर्ग के मजरा ओबरी स्थित सेमराडी नाला में अतिक्रमण से करीब एक दर्जन घरों में पानी घुसने की खबर है। बताया जाता है कि ग्रामीणों का खानापानी कपड़े सब बर्बाद हो गए। ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा ने लेखपाल को फोन लगाया। आरोप है कि इसके बाद भी लेखपाल मौके पर नहीं गए। उधर, सदाशिव (55) निवासी तमरार मजरा रसिन की भी कच्ची दीवार ढहने से दबकर मौत हो गई। मानिकपुर थानांतर्गत ठीका निवासी देशराज वर्मा पुत्र गजराज और पत्नी मुन्नी भी कच्चे घर के नीचे दबकर घायल हो गए।


ड्रोन कैमरे की नजर से जिले में बाढ़ के हालात।

### भरतकूप में दुकान-घर जलमग्न, हाईवे पर लगाया जाम

**चित्रकूट।** भरतकूप में शनिवार देर रात से हुई तेज बारिश से पानी लोगों के घरों में घुसने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते, घर पानी से भर गया। आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सबसे ज्यादा दिक्कत भरतकूप मंदिर और आसपास के इलाके में हुई। यहां पर सड़क पर किए गए अतिक्रमण की वजह से पानी निकलने का रास्ता नहीं रहा और घरों में पानी अंदर घुस गया। इससे लोगों के कूलर, पंखे, पलंग, टीवी, फ्रिज आदि को नुकसान पहुंचा। दुकानों में भी पानी भर गया। आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े होकर नारेबाजी शुरू कर दी। एसओ मनोज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जल निकासी की तुरंत व्यवस्था कराने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी भी मौके पर पहुंचे और जेसीबी से कटाव कराकर पानी के बहाव को शुरू कराया। पंपिंग सेट से लोगों की दुकान-घरों के अंदर का पानी निकालने की व्यवस्था शुरू की। बाशिंदों पप्पू गुप्ता, चुन्नू राम, हीरा लाल, मुन्ना आदि ने बताया कि पहले यहां छोटी नाली बनी थी लेकिन अब आबादी बढ़ने से जल निकासी की दिक्कत हुई। बताया कि कार्यदायी संस्था ने नाली के बगल से सड़क की खुदाई कर पाइप लाइन डाली और चले गए। अब मिट्टी नाली में सिल्ट बन जम गई, जिससे पानी नहीं निकल पा रहा। आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने दरवाजे पर अतिक्रमण कर रखा है कि नाली तक से पानी नहीं निकल पा रहा है जिससे पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा।

### अंतर्राज्यीय संपर्क मार्ग पर आवागमन प्रभावित

मानिकपुर से रीवा संपर्क मार्ग वाया धारकुंडी आश्रम में कई घंटों से ठप पड़ा है। बताया कि कल्याणपुर के पास बना पुल की अप्रोच रोड का काफी हिस्सा धंस गया, जिसकी वजह से संपर्क टूट गया है। दोनों अंतर्राज्यीय संपर्क मार्गों पर पुलिस तैनात कर दी गई है। उधर, बरदहा नदी के रौद्र रूप के कारण कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कट गया। चमरौहा, पयासीपुरवा, मऊ गुरदरी, गढ़वा, सकरौहा, रानीपुर, गिदुरहा, कुबरी गांवों में लोग परेशानी में हैं।

### चुनहापुरवा में सड़क पर लगाया जाम

राजापुर रोड के पास चुनहापुरवा में लगभग पचास परिवार रहते हैं। आने जाने के लिए टीकठाक रास्ता नहीं है। कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके लोगों ने सड़क जाम कर दी। अफसरों ने समझा बुझाकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों का आरोप है कि हर अधिकारी की चौखट खटखटा चुके हैं पर कुछ नहीं हुआ।

### मानिकपुर में कई गांवों का टूटा संपर्क

मानिकपुर ब्लॉक की रुख्मा न्याय पंचायत के लगभग आधा दर्जन गांव-मजरे बाढ़ की जद में आ गए। रुख्मा खुर्द, ददरी माफी, रुख्मा बुजुर्ग, लखनपुर, कर्का पड़रिया, कैलहा, लखनपुर आदि गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रुख्मा खुर्द में किसानों के आधा दर्जन घरों में रखी गृहस्थी, खराब हो गई। कई घर ज़मींदोज़ हो गए। पाही गांव में बारिश की वजह से सड़क किनारे निचले इलाक़े में बने एक घर में पानी भर गया। पानी का बहाव इतना अधिक था कि दीवार गिर गई और काफी सामान बरबाद हो गया।

# हमीरपुर में यमुना पुल 48 घंटे के लिए फिर बंद किया

संवाददाता हमीरपुर

- जर्जर पुल की बेयरिंग बदलने का काम शनिवार को फिर शुरू
- डायवर्ट किया सोमवार सुबह 6 बजे पुल शुरू होगा

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर यमुना नदी के जर्जर पुल की बेयरिंग बदलने का काम शनिवार को फिर शुरू कर दिया गया है। लगातार 48 घंटे तक मरम्मत होने के बाद सोमवार को पुल से वाहनों की आवाजाही फिर शुरू होगी।

21 जुलाई तक हर शनिवार और रविवार को पुल को बंद कर कुल छह कोठियों की बेयरिंग बदलने का कार्य हो रहा है। शनिवार को कार्यदायी संस्था पीएनसी के 4 इंजीनियर और करीब 15 एक्सपर्ट वर्करों ने कोठी की बेयरिंग बदलने का काम शुरू किया। साइड इंचार्ज इंजीनियर विवेक तिवारी ने बताया कि कई कोठियों की बेयरिंग बदलने का काम पूरा हो चुका है। शनिवार से फिर एक कोठी की बेयरिंग बदली जा रही है।

रविवार को भी काम चलेगा। इस बीच पूरे दिन लोगों की पैदल आवाजाही रही। बारिश में लोग भींगते नजर आए। वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। सोमवार सुबह 6 बजे पुल शुरू होगा।

# अखिलेश अहंकारी राहुल को सत्ता वियोग केशव प्रसाद मौर्य

**मनकापुर गोंडा।** शनिवार को मनकापुर आए प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर करारा हमला बोला। डिप्टी सीएम ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को अहंकारी स्वभाव का बताते हुए कहा कि उन्हें पिछड़ी जाति का कोई दूसरा नेता हजम नहीं होता। वहीं राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी को सत्ता वियोग हो गया है। राहुल अब बस विरासत की सियासत कर रहे है। डिप्टी सीएम ने दावा किया कि भाजपा की विजय यात्रा 2047 तक जारी रहेगी।

# गैंगस्टर की 4 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

### आरा मशीन, धर्मकांटा, मकान और प्लाट जब्त

जिला प्रशासन ने उद्योग नगरी में संचालित आरा मशीन, धर्म कांटा, मकान और हमीरपुर रोड पर स्थित प्लाट के अलावा जसपुरा गांव में संचालित धर्म कांटा, प्लाट आदि को जब्त किया है। कुर्क की गई संपत्ति की कीमत 3 करोड़ 97 लाख 72 हजार 174 रुपये बताई गई है। कुर्की के दौरान एसडीएम सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, कुरारा थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति, सुमेरपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के आदेश पर सुमेरपुर कस्बे के लकड़ी एवं गल्ला कारोबारी के खिलाफ दर्ज हुए गैंगस्टर के मुकदमे में दोबारा संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शनिवार को पुलिस ने पूरी की। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों के नाम पर बनाई गई संपत्ति में आरा मशीन, धर्म कांटा, प्लाट मकान, खेत कुर्क किए हैं।

जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरीकला गांव निवासी स्व.शिव प्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता का कस्बे में गल्ला के साथ लकड़ी का कारोबार था। इस कारोबार में उसका भाई प्रांशु गुप्ता और मित्र रमाकांत गुप्ता पार्टनर हैं। इन तीनों के खिलाफ कुरारा पुलिस की ओर से गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी। नवंबर 2024 में कुरारा पुलिस ने सुमेरपुर पुलिस के साथ मिलकर सुमेरपुर के अलावा जसपुरा में करीब 4 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी।

इस कार्रवाई को अभियुक्तों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने कुर्क संपत्ति को मुक्त कर दिया था। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने उनके खिलाफ दोबारा गैंगस्टर एक्ट लगाने के आदेश दिए थे। इसके बाद अब दोबारा इस संपत्ति को कुर्क किया गया है। कुर्क संपत्ति में अब सोनू गुप्ता की जगह गीता गुप्ता का नाम दर्ज हो चुका है। इस बार संपत्ति की कुर्क की कार्यवाही में सोनू गुप्ता की जगह उसकी पत्नी गीता गुप्ता, प्रांशु गुप्ता, उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता का नाम शामिल किया गया है।

# किराना व्यापारियों को पीट कर लाखों की लूट

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** काली नदी पुल के पास एक सनसनीखेज लूट की वारदात से क्षेत्र में दहशत फैल गई। अपने अलावा गांव के कई दुकानदारों का सामान लेने छिबरामऊ किराना मंडी जा रहे छोटा हाथी (लोडर) सवार दो व्यापारियों के साथ बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर लाखों की नकदी लूट ली और फरार हो गए।

जनपद फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम जरारी निवासी परवेज पुत्र रिफाकत अली और शैफ अली ने बताया कि वह दोनों लोग शनिवार को अपने लोडर वाहन से छिबरामऊ किराना मंडी सामान लेने जा रहे थे। काली नदी पुल पार करते ही दो बाइक और एक स्कूटी पर सवार तीन बदमाशों ने उनके वाहन को रोक लिया। बदमाशों ने पहले गालीगलौज की, फिर दोनों के साथ मारपीट की। एक बदमाश ने लोहे की रॉड से वाहन का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद बदमाशों ने दोनों से 3 लाख 42 हजार रुपये लूट लिए और छिबरामऊ की ओर फरार हो गए।


जानकारी देता व्यापारी परवेज।

परवेज ने बताया कि वे गांव के दुकानदारों परवेज के 80 हजार, शादाब के 1 लाख 5 हजार, अकील के 1 लाख 10 हजार और अन्य दुकानदारों के पैसे लेकर मंडी जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परवेज ने पुलिस को घटना की घटना को अंजाम देने वाले लोगों के नाम भी बताए हैं। इसी आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू की। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस वारदात से व्यापारियों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# माफिया अनुपम दुबे की 1.94 करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भू माफिया के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत भू माफिया अनुपम दुबे पर शिकंजा कसते हुए उसकी हरदोई जनपद की तहसील सवायाजपुर में एक करोड़ 94 लाख की अवैध संपत्ति कुर्क कर ली।

जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा दिए आदेश के अनुपालन में सवायजपुर तहसील प्रशासन ने राजस्व एवं पुलिस बल के साथ कुर्की की कार्रवाई की। यह संपत्ति अनुपम दुबे द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई थी। भू माफिया अनुपम दुबे जो कि इस दिनों जेल में निरुद्ध है उस पर गैंगस्टर एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। 2017 का विधानसभा चुनाव उसने बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर सवायजपुर विधानसभा सीट से लड़ा था और वह चुनाव हारने पर तीसरे स्थान पर रहा। प्रशासन अपराधी और माफिया पर अपना शिकंजा कसता जा रहा है ।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मत पत्र से मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मत पत्र से मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। 55 करोड़ मत पत्रों की छपाई के लिए 24 जुलाई तक निजी एजेंसियों से निविदा मांगी गई है।

पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी मत पत्रों के जरिये मतदान कराए जाएंगे। आयोग की ओर से ख्याति प्राप्त कागज निर्माता मिलों से सफेद व रंगीन हरा, गुलाबी व नीला कागज आपूर्ति के लिए ऑनलाइन निविदा मांगी गई है। इन एजेंसियों को मत पत्र के लिए राजधानी स्थित राजकीय मुद्रणालय के अलावा प्रयागराज, वाराणसी व रामपुर में आपूर्ति करनी होगी। 30 जुलाई को आयोग के कार्यालय में निविदाएं खोली जाएंगी।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 18 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण का कार्य शुरू होगा। 14 अगस्त से बीएलओ लोगों के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करना सुनिश्चित करेंगे। 14 अगस्त से 22 सितंबर कि अर्ह युवा मतदाता ऑनलाइन अपने नाम जुड़वा सकेंगे। अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसंबर को होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को होगा।

तैयारी | 11 राखी के साथ फल और मिष्ठान गाजे बाजे के साथ 8 अगस्त को शोभा यात्रा के माध्यम से पहुंचेंगी अयोध्या

# रामलला के लिए बहन शांता के घर से आएगी राखी

अयोध्या कार्यालय

- मधुबनी की शैली की जरी व मोतियों की राखियां बांधी जाएंगी
- श्रृंगी ऋषि आश्रम में तीन दिवसीय आयोजन सम्पन्न होगा

**अमृत विचार :** राम मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा के बाद राजा राम के साथ माता सीता और तीनों भाई के लिए पहला रक्षाबंधन का त्योहार अति विशिष्ट और ऐतिहासिक होने जा रहा है। सावन शुक्ल पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त पर सभी विग्रहों को बड़ी बहन शांता की ओर से मधुबनी की शैली पर बनी जरी और मोतियों की राखियां बांधी जाएंगी।

जिले में श्रृंगी ऋषि आश्रम से 6वें श्री रामलला रक्षाबंधन महोत्सव के तहत चार दिवसीय आयोजन संपन्न किए जाएंगे। इस आयोजन में श्री रामलला के साथ राजाराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की कलाई पर शोभायमान किये जाने वाली 11 राखी के साथ फल और मिष्ठान का उपहार बाजे गाजे के साथ 8 अगस्त को शोभा यात्रा के माध्यम से अयोध्या पहुंचेगा। इसके पूर्व श्रृंगी ऋषि आश्रम में तीन दिवसीय आयोजन सम्पन्न होगा, जिसमें रक्षाबंधन का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न किए जाएंगे। श्रृंगी बाबा सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुभाष सिंह बताते हैं कि सावन शुक्ल पूर्णिमा 8 अगस्त को भाई-बहनों का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पुत्रेष्टि यज्ञ के मूर्धन्य आचार्य श्री श्रृंगी ऋषि जी का विवाह चक्रवर्ती महाराज दशरथ की पुत्री देवी शांता के साथ हुआ था। इस कारण से रक्षाबंधन के पर्व पर देवी शांता की ससुराल से प्रभु श्रीराम व उनके अनुजों के लिए रक्षासूत्र कारसेवकपुरम पहुंचेगा। इस त्योहार को चार दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। इसके लिए महोत्सव की अलग-अलग तिथियों पर विविध कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, जिसमें श्रृंगी ऋषि बाबा के जीवन से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लगभग 11 राखियां इंदौर से मधुबनी शैली पर तैयार कराई जा रही हैं। इसे कुछ समाज सेवी महिलाओं के द्वारा तैयार किया जाएगा। इस राखी को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय को सौंपा जाएगा। इस बार आश्रम पर होने वाले महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कुछ अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे।

## सार-संक्षेप


मनु पाल को खेल रत्न से सम्मानित किया गया। अमृत विचार

### कन्नौज की मनु पाल को उत्तर प्रदेश खेल रत्न सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिल्ली में देश की अलग-अलग क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रदेश स्तरीय रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कन्नौज की अंतराष्ट्रीय खिलाडी मनु पाल को खेल रत्न से नवाजा गया। शनिवार को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया 2025 सम्मान समारोह न्यू दिल्ली में आयोजित हुआ। जिसका मुख्य थीम था 'आओ दुनिया सुंदर बनाएं', जिसमें उत्तर प्रदेश के 25 लोगों को अलग-अलग जनपद से उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कन्नौज जिले से खेल के लिए लॉन बाल्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु पाल को इस सम्मान के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड आदि लोगों को भी उनके राज्य का सम्मान दिया गया। समारोह में कुल 40 लोगों को यह अवार्ड दिया गया।

### विवादित पुस्तकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर मांगा जवाब

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जेल में निरुद्ध संत रामपाल की कुछ विवादित पुस्तकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए, राज्य सरकार से पूछा है कि क्या सरकार द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई प्रस्तावित है। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस संगठन की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याची की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने बताया कि जेल में निरुद्ध उक्त संत रामपाल के संस्थान की पुस्तकों में हिंदू देवी-देवताओं पर घोर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। याची की ओर से दलील दी गई कि इस संबंध में प्रमुख सचिव गृह तक से शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि याची की शिकायत पर अब तक क्या कार्रवाई की गई।

### सीएम योगी गुरु भाई उनसे कोई अनबन नहीं : बृजभूषण


बृजभूषण शरण सिंह।

**गोंडा।** कई मौकों पर प्रदेश सरकार की आलोचना करने वाले पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सीएम योगी से अपने संबंधों को लेकर बात रखी है। एक निजी चैनल से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद ने कहा सीएम योगी आदरणीय हैं और उनके गुरुभाई हैं। उनसे कोई अनबन नहीं है। बस अभी उनका समय खराब चल रहा है। समय आयेगा तो फिर मिलेंगे। गौरतलब है कि पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह कई मौकों पर प्रदेश सरकार की आलोचना कर चुके हैं। चाहे वह बाढ़ का मामला रहा हो या फिर कोई अन्य मसला। वह सार्वजनिक रूप से प्रदेश सरकार की आलोचना करते रहे हैं। योगी सरकार के बुलडोजर नीति की भी पूर्व सांसद गलत ठहरा चुके हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी दोनों नेता एक दूसरे के साथ मंच साझा करने से बचते रहे हैं। हालांकि अब पूर्व सांसद ने सीएम योगी को आदरणीय और गुरू भाई बताया है। एक निजी चैनल से बात करते हुए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सीएम योगी के गुरू उन्हें बहुत मानते थे।

### प्रभारी मंत्री ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर तैयारियों को परखा

**अयोध्या।** सावन माह शुरू हो गया। कांवड़ यात्रा निकलने लगी। अयोध्या में व्यवस्था देखने के लिए शनिवार को जिले के प्रभारी व प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सड़क पर उतरे। भ्रमण किया। तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों को व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिया। बोले, कांवड़ यात्रा मार्ग पर कोई कठिनाई न हो तो लोग अपना नाम प्रकाश में लाएं। उनके साथ डीएम निखिल टी. फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर भी थे। सावन शुरू होने के साथ अयोध्या में कांवड़ियों का आना शुरू हो गया है। वह यहां स्नान करके भगवान भोले को जलाभिषेक करते हैं। जल भरकर शिवालयों को ले जाते हैं। अयोध्या में कांवड़ियों के स्वागत के लिए विशेष सुविधा व व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### इटावा में महिला ने ज्वैलर्स की दुकान से लाकेट पार किया

**भरथना इटावा।** भरथना कोतवाली कस्बा के नगर पालिका कार्यालय के पीछे वाली गली में संचालित एक आभूषण कारीगर की दुकान पर शनिवार को पहुंचकर एक महिला ने सोने के आभूषण खरीदने का झांसा देकर सोने का ओम पार कर दिया। महावीर नगर निवासी राजीव कुमार ने बताया वह सोने चांदी के आभूषणों का कारीगर है,उसकी दुकान पर एक महिला ने सोने का ओम खरीदने की जिज्ञासा व्यक्त की जिसपर उसने अपने एक मिलने वालों की दुकान से गिनती के तेरह ओम लाकर पसन्द कराए इसी बीच महिला ने 35 सौ से 4 हजार रुपये कीमत का सोने का एक ओम पार कर दिया। महिला पर शक होते ही उसने पुलिस को घटना की सूचना देकर मौके पर बुला लिया है। पुलिस ने टप्पेबाज महिला को हिरासत ले लिया।

### दहेज न मिलने पर दिया तलाक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी में मनमुताबिक दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने महिला को तलाक देकर बेघर कर दिया। अफसरी निवासिनी हिना बानो ने कहा है कि उसका विवाह 01 वर्ष पहले थाना कमालगंज के एक युवक के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद ही उसके ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में सोने की जंजीर व 01 लाख रुपये की मांग करे प्रताड़ित करने लगे। 26 जून 2025 को ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और तलाक देकर निकाल दिया।

**सूचना**

माननीय जिला जज कानपुर नगर द्वारा प्रकीर्ण वाद संख्या 183/70 सन् 1991 श्री गणेश जी महाराज विराजमान बनाम पुष्पेन्द्र नाथ राय आदि से पारित निर्णय दिनांक 09-04-1993 के आधार पर ट्रस्ट श्री गणेश जी महाराज विराजमान के भवन संख्या 71/185, सुतरखाना, कानपुर नगर को विक्रय किया जाना सुनिश्चित है।

इच्छुक व्यक्ति मोबाइल संख्या **9455815278** पर संपर्क करे।

दिनांक 9.7.2025 — उमेश कुमार शर्मा, सरबराकार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैने अपना नाम SANDEEP KUMAR CHOUBEY से बदलकर SANDEEP KUMAR CHAUBEY रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-DINESHWAR CHAUBEY ADD-5/249A GROUND FLOOR, VIPUL KHAND 5, GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम LUBNA JAVED था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम LUBNA ABDULLAH कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।– LUBNA ABDULLAH, SHAHNAWAN, SHANAWA, FAIZABAD, UTTAR PRADESH- 224135

**सूचना**

सूचित किया जाता हैं कि पूर्व में मेरा नाम अबूज़र ( ABUZER) था, अब मैने अपना नाम बदल कर मो0 अबुजर (MOHD ABUZAR) रख लिया है। अब मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाए। **निवासी– ग्राम– गनपतपुर, पोस्ट–जहांगीरगंज, जिला– अम्बेडकर नगर, पिन कोड –224147 उ0 प्र0**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **संचित कुमार तिवारी पुत्र दीपू तिवारी निवासी– मंगराईच पुरवा अमराई थाना विश्वेश्वरगंज जिला– बहराइच,** मेरे जरूरी दस्तावेज व शैक्षिक अभिलेख (आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम, हाईस्कूल मार्कशीट, इंटरमीडिएट की मार्कशीट, निवास प्रमाण पत्र) वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

मैं **हफीज पुत्र हनीफ निवासी चांद सराय गोसाईगंज, थाना गोसाईगंज, जिला लखनऊ** मेरे पुत्र हसीब का चालचलन ठीक नहीं है, वह काफी समय से ऐसे कार्य करता चला आ रहा है जिससे मेरी व मेरे परिवार की समाज में छवि धूमिल हो रही है। उसने मेरी मर्जी के बिना बताए रूखसार उर्फ रुखसाना से विवाह भी कर लिया है, उसके कृत्यों से क्षुब्ध होकर मै अपने पुत्र से सभी सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही होगा । अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा

# एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- दोनों ने तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ), दोनों पर ही निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों मोर्चों की सरकारों ने केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) जैसी 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों' के लिए पनाहगाह बना दिया।

शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही राज्य में विकास ला सकता है, न कि एलडीएफ या यूडीएफ। उन्होंने



तिरुवनंतपुरम में शनिवार को आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केरल राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर।

कहा कि दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत संभव नहीं है और विकसित भारत का मार्ग केवल विकसित केरलम से होकर जाता है। शाह ने रेखांकित किया, इसलिए, अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के बिना केरल में विकास नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य को हजारों करोड़ की विड़िण्गम बंदरगाह जैसी परियोजनाएं दी हैं, दो वंदे भारत ट्रेनों के जरिए 11 जिलों को जोड़ा है और केरल के लिए रेलवे बजट को 2004 के 372 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्तमान में 3,700 करोड़ कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकारों की तुलना में केरल पर कई गुना ज्यादा पैसा खर्च किया है। शाह ने कहा कि वह पार्टी के प्रदेश कार्यालय के जरिए इसके आंकड़े जारी करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को कहा कि भाजपा के लिए केरल में मुख्यमंत्री होने से ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में पार्टी कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। शाह ने पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का लोगो भी जारी किया।

### राज्य के पास अधिकार था पर केंद्र सरकार ने लगाया पीएफआई पर प्रतिबंध

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों की सरकारों ने केरल को पीएफआई जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया। केंद्र ने 2022 में पीएफआई और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी घोषित किया। केरल के पास प्रतिबंध लगाने के अधिकार हैं, लेकिन जब यह संगठन देश भर में फैल गया, तब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर प्रतिबंध लगाया और यह सुनिश्चित किया कि इसके शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी हो। शाह ने पुथरीकंदम मैदान में आयोजित वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में कार्यकर्ताओं की सभा में कहा, "माकपा और कांग्रेस, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी करार देती हैं लेकिन हमने असम और त्रिपुरा जैसे कई राज्यों में सरकारें बनाईं, जो विपक्षी दलों के गढ़ थे और उनकी पार्टी तमिलनाडु में भी सत्ता में आएगी। शाह ने कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का मत प्रतिशत 2014 से बढ़ा है और गठबंधन राज्य में 2026 का विधानसभा चुनाव सरकार बनाने के इरादे से लड़ेगा।

# मध्यस्थता कैसी होनी चाहिए भारत इसकी पुनर्कल्पना कर रहा : न्यायूमर्ति सूर्यकांत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सक्रिय रूप से इस बात की 'पुनः कल्पना' कर रहा है कि एक गतिशील और बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मध्यस्थता का भविष्य न केवल अंतर्राष्ट्रीय है, बल्कि भारतीय भी है। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन संबंधी चिंताओं जैसी गंभीर चुनौतियों का भी हवाला दिया, जिनका देश को समाधान करना होगा।

उन्होंने संस्थागत विकास को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की वकालत की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 10 जुलाई को स्वीडन के



● स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुई गोलमेज की बैठक को न्यायमूर्ति ने किया संबोधित

गोथेनबर्ग में हुए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की पुनः कल्पनाः वैश्विक मध्यस्थता स्थल के रूप में भारत का उदय विषय पर गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अब गौण रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह विवाद समाधान का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है।

सूर्यकांत ने कहा कि लक्षित सुधारों, संस्थागत विकास और मध्यस्थता के प्रति गहरी होती सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है, जो न केवल वैश्विक मानकों के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि इसके कानूनी और आर्थिक संदर्भ को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं आपके समक्ष जो संदेश छोड़ना चाहता हूं वह स्पष्ट हैः भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है - वह सक्रिय रूप से इस बात की पुनर्कल्पना कर रहा है कि एक गतिशील, बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल कानून और बुनियादी ढांचे से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए भारत के मध्यस्थता पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने, विश्वास पैदा करने और अंतरराष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने में सरकारों, मध्यस्थता संस्थानों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों द्वारा सामूहिक निवेश की आवश्यकता है।

## एक नजर

### पटना हवाई अड्डे को मिली धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** शहर स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय (जेपीएनआई) हवाई अड्डे पर अधिकारियों को ईमेल से बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई, हालांकि यह अफवाह निकली। हवाई अड्डे की ओर से जारी बयान में कहा गया, शुक्रवार रात नौ बजे हवाई अड्डे के निदेशक के ईमेल पर बम की धमकी मिली थी। एसपी (पटना सेंट्रल) दीक्षा ने बताया कि घटना के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़: 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के तीन जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके-वीसी-रेड आर्मी) के एक कैडर को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के महाराबी से गिरफ्तार किया गया।

# यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध छात्रा ने खुद को लगाई आग, प्राचार्य निलंबित

बालासोर, एजेंसी

● आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, 90 प्रतिशत जल चुकी है छात्रा

ओडिशा के बालासोर के महाविद्यालय की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर शनिवार को शैक्षणिक संस्थान परिसर में खुद को आग लगा ली। छात्रा को बचाने में एक छात्र भी झुलस गया है। दोनों को भुवनेश्वर एम्स रेफर कर दिया गया है। इस पर सरकार ने प्राचार्य और शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर तब हुई जब छात्रा ने बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज के प्राचार्य दिलीप घोष से मुलाकात की और सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षक समीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया।

# दिल्ली में ऑरेंज -येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई, जिस पर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुरुआत में दिल्ली के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया था, जिसका अभिप्राय है कि उस दिन कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि, जैसे-जैसे स्थिति बदलती गई, चेतावनी के स्तर में बदलाव किया गया।

दिल्ली की मौसम वेधशाला सफदरजंग में शाम 5.30 बजे तक 12.9 मिमी बारिश हुई। अन्य इलाकों में भी बारिश हुई, लोधी रोड में 12 मिमी और प्रगति मैदान में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह 82 से शाम को 62% के बीच रही।



### हिमाचल में बारिश से 249 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं, जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से प्रभावित है। बारिश से मंडी से धर्मपुर (कोटली होकर) के बीच एनएच- 3 (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद है। पंडोह बांध के पास कैची मोड़ पर भूस्खलन से मंडी-कुल्लू खंड को 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा।

# मप्रः कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता की चोटों के कारण मौत

श्योपुर, एजेंसी

नामीबिया से मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित 8 वर्षीय नाभा नामक चीता की शनिवार को चोटों से मौत हो गई। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, नाभा एक सप्ताह पहले, बाड़े के अंदर शिकार के प्रयास के दौरान घायल हो गई थी। उसको फ्रैक्चर के साथ अन्य चोटें भी थीं। उसका एक सप्ताह तक इलाज चला, लेकिन चोटों से उसकी मृत्यु हो गई।

### बीबीपी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**बेंगलुरु।** बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान (बीबीपी) में बाघिन द्वारा जन्म देने के बाद छोड़ देने से उसके तीन शावकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन हिमा दास ने 7 जुलाई को 3 शावकों को जन्म दिया, लेकिन जन्म के बाद उसने उनकी देखभाल नहीं की, जिससे तीनों घायल हो गए। शावकों को चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# चिराग को सोशल मीडिया पर मिली धमकी, शिकायत दर्ज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोजपा (रामविलास) ने 'एक्स' हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत का स्क्रीनशॉट भी साझा किया।

भट्ट ने शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने मामले में जांच का आदेश दिया है। भट्ट ने आरोप लगाया है कि उपयोगकर्ता ने आपराधिक प्रवृत्ति दिखाई है और ऐसा लग रहा है कि वह हमारे नेता की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अपराधी को न्याय के कटघरे में लाया जाए और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का समर्थक है।

# स्कूली शिक्षा की स्थिति चिंताजनक मोदी सरकार उदासीन : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का हवाला देते हुए शनिवार को दावा किया कि इस चिंताजनक स्थिति को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार का रवैया उदासीन है। उन्होंने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का हवाला देते हुए कहा कि कक्षा 3 के बच्चों में 40% अक्षरों की सही से पहचान नहीं कर पा रहे और छठी कक्षा के 44% बच्चे सरल शब्दों के अर्थ से अवगत नहीं हैं। वर्तमान में स्कूली शिक्षा की स्थिति कोविड काल से पहले की



● स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया हवाला

तुलना में ज्याद खराब है। खरगे ने एक्स पर कहा, परीक्षा पर चर्चा और एग्जाम वॉरियर्स जैसे चर्चित शब्द और स्व-प्रचार कार्यक्रम भारत में शिक्षा की वास्तविक स्थिति को दर्शाने वाले इन चिंताजनक सूचकांकों को छिपा नहीं सकते। व्यापक उदासीनता से सीखने का स्तर गिर रहा है और सरकार देश के भविष्य के प्रति उदासीन बनी है।

# पिता नहीं चाहता था इन्फ्लुएंसर बने राधिका

गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी

गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूर्व राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की अपनी अकादमी नहीं थी और वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं, जो उनके पिता को रास नहीं आ रहा था। वहीं ये दावे थे कि दीपक राधिका की 'इन्फ्लुएंसर' बनने की आकांक्षा से काफी नाराज था। वहीं, दीपक को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि राधिका टेनिस अकादमी चलाती थीं, जो पिता-पुत्री के बीच विवाद का विषय था, क्योंकि दीपक को बेटी की कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना

पूर्व टेनिस खिलाड़ी हत्याकांड



● राधिका की अपनी अकादमी नहीं थी, अलग-अलग टेनिस कोर्ट बुक करके देती थीं प्रशिक्षण

मारा जाता था। पुलिस के अनुसार, दीपक ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। आरोपी आर्थिक रूप से संपन्न है और संपत्तियों को किराये पर देने से उसकी अच्छी आमदनी होती है, लेकिन तानों से कुछ सप्ताह से अवसाद में था। वहीं, कई लोगों ने दावा किया था कि एक कलाकार के साथ राधिका का संगीत वीडियो उनकी हत्या का कारण बना। सेक्टर 56 थाने के निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा, वीडियो 2023 में अपलोड हुआ था और इसका हत्या से संबंध नहीं है। आरोपी ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहता था कि उसकी बेटी प्रशिक्षण से कमाई करे।

### मेरे भाई ने बेटी की हत्या की बात कबूली

राधिका यादव के चाचा विजय यादव ने कहा कि आरोपी दीपक ने अपनी बेटी की हत्या की बात उनके समक्ष कबूल की है। उसे फांसी दे दी जानी चाहिए। विजय ने कहा, दीपक का परिवार संपन्न है। दीपक को अपनी गलती का एहसास था और किसी के लिए पश्चाताप से बड़ी कोई सजा नहीं हो सकती। पूरा परिवार सदमे में है।



# डिजिटल माध्यम से वैश्विक पहुंच जरूरी

## सीतारमण ने विकास के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता बताई

शिलॉंग, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ा है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी सटीक पूर्वानुमान नहीं कर सकते।

वित्त मंत्री ने कहा, मौसमी घटनाएं आम बात हो गई हैं। अचानक बाढ़ आना और पहले कई महीनों तक होने वाली बारिश अब एक ही दिन में हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलाव पर उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरतों पर बल दिया।

सीतारमण ने कहा, हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल



● केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया

फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि कारीगर और किसान अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका अर्थ है उन क्षेत्रों में विस्तार करना जो सहस्राब्दियों से हरे-भरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े फैसले स्थानीय स्तर पर लिए जाने चाहिए। यह मेरा काम नहीं है कि मैं कहीं और से कहूं कि किसी क्षेत्र को (विकास से) अछूता रहना चाहिए। लोगों को यह तय करना होगा कि वे किस मात्रा में होने वाले विकास के साथ सहज हैं और उन्हें इसकी किस स्तर पर इसकी सीमा तय करनी है। यह कहना उचित नहीं कि किसी क्षेत्र को अछूता रहना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि यदि विकास को पूरी तरह से नकार दिया जाए, तो क्या वे लोग जो पीढ़ियों से अपरिवर्तित रहे हैं और अब बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, संतुष्ट हो सकेंगे? उन्होंने कहा कि यह बात न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में चर्चा कें केंद्र में है। इस मुद्दे की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील में अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वहां इसके आयोजन का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे दुनिया अब जलवायु और विकास की बातचीत को सीधे सबसे नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों तक ला रही है।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि यह आज सुबह यहां शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार व्यापक भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों की पहुंच बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# मुरादाबाद में 200 करोड़ निवेश करेगी लोहिया वर्ल्डस्पेस

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोहिया वर्ल्डस्पेस उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 10 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 200 करोड़ का निवेश करेगी। यह रियल एस्टेट व्यवसाय में कंपनी की शुरुआत होगी। इस परियोजना में 175 लक्जरी विला शामिल होंगे। लोहिया वर्ल्डस्पेस, दिल्ली स्थित विविधीकृत निजी स्वामित्व वाली कंपनी लोहिया ग्लोबल की रियल एस्टेट इकाई है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 1,200 करोड़ है। साल 1979 में स्थापित इस समूह के चार व्यवसाय - हस्तशिल्प निर्यात, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), टाइल और सौर ऊर्जा हैं। वर्ल्डस्पेस के निदेशक पीयूष लोहिया ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसे घर बनाना है जो आधुनिक, सार्थक और विचारशील हों। इसकी लागत 200 करोड़ है और 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# सेवा व्यापार: आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

सेवाओं का व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें एक देश की कंपनियां या व्यक्ति दूसरे देश को सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे बैंकिंग, टूरिज्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, परामर्श आदि। यह व्यापार वस्तुओं की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। वैश्वीकरण और डिजिटल तकनीकों के विकास से सेवाओं का व्यापार तेजी से बढ़ा है। यह व्यापार देशों को रोजगार, विदेशी मुद्रा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त देता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की जीएटीएस ( जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज) प्रणाली इसके नियम निर्धारित करती है।

बात काम की



### व्यापार की चुनौतियां

- **नियमों और मानकों की विविधता :** हर देश की अलग सेवा नीति और नियम होते हैं।
- **गोपनीयता और डेटा सुरक्षा :** डिजिटल सेवाओं में डेटा सुरक्षा अहम चुनौती है।
- **वीसा और आव्रजन नियम :** सेवा प्रदाताओं को विदेश जाने में अड़चनें आती हैं।
- **बौद्धिक संपदा अधिकार :** सॉफ्टवेयर जैसे उत्पादों में चोरी और कॉपी का खतरा।

### सेवाओं के व्यापार के प्रकार

- **सीमा पार सेवा :** भारतीय डॉक्टर विदेश जाकर इलाज करते हैं।
- **उपभोक्ता की विदेश यात्रा :** विदेशी छात्र भारत में पढ़ाई करते हैं।
- **सेवा की सीमा पार आपूर्ति :** भारत से अमेरिका को आईटी सेवाएं देना।
- **विदेशी सेवा प्रदाता का घरेलू निवेश :** विदेशी बैंक भारत में शाखा खोलते हैं।

### इस व्यापार से होने वाले लाभ

- **रोजगार सृजन :** खासकर आईटी, हेल्थ, टूरिज्म और एजुकेशन सेक्टर में।
- **विदेशी मुद्रा अर्जन :** निर्यात से देश को डॉलर/यूरो आदि में भुगतान मिलता है।
- **तकनीकीव ज्ञान :** विकसित देशों से नई तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा :** भारतीय प्रदाता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में आते हैं।
- **कम निवेश में उच्च लाभ :** वस्तु व्यापार की तुलना में सेवाओं का व्यापार कम लागत में अधिक लाभ देता है।

# मोदी देश को विश्वस्तर पर गौरवान्वित करने को दृढ़संकल्पित : पीयूष गोयल

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन'



● बोले-मोदी ने स्व-रोज़गार व स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक के द्वार खोलें

थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोज़गार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। गोयल ने कहा, हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

# सऊदी अरब की कंपनियां भारत में तलाशें निवेश के अवसर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं।

मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से भी मुलाकात की। उन्होंने पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय के साथ भारत और सऊदी अरब की



● केंद्रीय मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन कहतानी से की मुलाकात

कंपनियों के बीच बढ़ते संबंधों पर बातचीत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्री ने उन्हें भारत में निवेश के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

# वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप अपनाएं दृष्टिकोण

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को 2047 के लिए ऐसा दृष्टिकोण अपनाना होगा जो देश की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने चेन्नई में मुख्यालय वाले बैंक से आग्रह किया कि वह अपने ग्राहकों की उभरती ज़रूरतों को नवाचार और ईमानदारी के साथ पूरा करता रहे।

कुछ प्रमुख बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ करते हुए नागराजू ने कहा कि व्हाट्सएप आधारित बैंकिंग सेवाओं और बैंकिंग संवाददाताओं



● वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने कहा- पुन: केवाईसी से ग्राहक और बैंक के प्रदर्शन में होगी वृद्धि

के माध्यम से पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) की शुरुआत से ग्राहक सेवा और बैंक के समग्र प्रदर्शन में वृद्धि होगी। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि बैंक के पास 2047 के लिए एक दृष्टिकोण होना चाहिए, जो भारत की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो, ताकि वह नवाचार और ईमानदारी के साथ अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना जारी रख सके।

नागराजू द्वारा शुरू की गई अन्य प्रमुख पहलों में क्यूआर-आधारित तत्काल ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल है, जिसकी निगरानी बैंक के केंद्रीय कार्यालय के ग्राहक सेवा विभाग में केंद्रीय रूप से की जाती है। यह ग्राहकों के लिए अपने सेवा अनुभव को तुरंत साझा करने का एक सहज और सुलभ मंच है। बैंक ने कहा कि त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रीयल-टाइम अलर्ट किया जाता है।

## एक नजर



लंदन : भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले पांच मिनट की घंटी बजाई। ● एजेंसी

### मैं अब भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं : रहाणे

**लंदन** : पूर्व भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे अब चयनकर्ताओं की योजना का हिस्सा नहीं हैं लेकिन यह 37 वर्षीय खिलाड़ी अगले महीने से शुरू होने वाले एक और घरेलू सत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने की उम्मीद के साथ उतरेगा। रहाणे ने 85 टेस्ट मैच में 12 शतकों के साथ 5077 रन बनाए हैं। वह आखिरी बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान भारत के लिए खेले थे। लेकिन इसके बाद से अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने उन्हें और एक अन्य दिग्गज चेतेश्वर पुजारा को नजरअंदाज करते हुए भविष्य की ओर देखना पसंद किया। रहाणे ने 'स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट' पर नासिर हुसैन से कहा यहां आकर अच्छा लग रहा है। मैं अब भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं और इस समय मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं यहां कुछ दिनों के लिए ही हूं। पर ट्रेनिंग के कपड़े साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं।

### इटली ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचा

**नई दिल्ली** : इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब वे विश्व कप का हिस्सा होंगे। उनके साथ नीदरलैंड्स ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में शीर्ष दो स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। पिछले चार टी20 विश्व कप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली। आख़िरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया क्योंकि एक अन्य मैच में नीदरलैंड्स ने इटली को हरा दिया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच अंक थे, पर बेहतर रन रेट के चलते इटली 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### दिल्ली हॉकी की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों को राहत

**नई दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में दिल्ली हॉकी से मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए व्यवस्था की जाएगी। हॉकी इंडिया ने अदालत को बताया कि तीन जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिल्ली हॉकी टीम के लिए संशोधित या अनुकूलित किया जाएगा। यह दलील तब दी गई जब अदालत को बताया गया कि दिल्ली हॉकी टीम की भागीदारी इसलिए रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम को हॉकी इंडिया के ऑनलाइन पोर्टल से हटा दिया गया है। बाद में हॉकी इंडिया के वकील ने दलील दी कि चल रही चैंपियनशिप में दिल्ली हॉकी से संबद्ध खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इस चरण में भी व्यवस्था की जाएगी।

# रोमांचक मोड़ पर पहुंचा तीसरा टेस्ट मैच

## भारतीय टीम ने भी पहली पारी में बनाए 387 रन, केएल राहुल ने शतक लगाकर बनाया रिकॉर्ड

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड ने लॉड्र्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को भारत को पहली पारी में 387 रनों पर आउट करने के बाद स्टंप्स तक बिना किसी नुकसान के दो रन बना लिए हैं। खेल समाप्त होते समय जैक क्रॉली दो रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि बेन डकेट ने अभी अपना खाता नहीं खोला था। इंग्लैंड ने भी अपनी पहली पारी में 387 रन बनाये थे। शुरुआती पारी के बाद दोनों टीमों का स्कोर एक समान है। भारत के लिए लोकेश राहुल ने 100 जबकि ऋषभ पंत ने 74 और रविंद्र जडेजा ने 72 की शानदार पारी खेली। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 84 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और शोएब बशीर को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल लॉड्र्स मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद ढीले शॉट पर आउट हो गए लेकिन नीतीश कुमार रेड्डी और रविंद्र जडेजा ने जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी का डटकर सामना किया। चाय के विश्राम के लिए खेल रोके जाते समय रविंद्र जडेजा 40 और नीतीश कुमार रेड्डी 25 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए अब तक 62 रन की साझेदारी कर ली थी।

राहुल ने लंच के तुरंत बाद आर्चर की गेंद पर एक रन लेकर टेस्ट में अपना 10वां शतक पूरा किया। वह दिलीप वेंगसरकर (तीन शतक) के बाद लॉड्र्स में एक से अधिक शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल की एकाग्रता हालांकि शतक पूरा करने के अगली ही गेंद पर भंग हो गई। उन्होंने शोएब बशीर की फ्लाइट लेती गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप पर खड़े हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई। राहुल के आउट होने के बाद भारत को तेजी से रन बनाने में परेशानी हुई। जडेजा और रेड्डी ने जोखिम लिये बिना विकेट बचाने पर ध्यान दिया। भारत ने दिन के दूसरे सत्र में सिर्फ 68 रन बनाये। इस दौरान आर्चर की तेजी से उछाल लेती गेंद रेड्डी के हेलमेट पर भी लगी। बशीर को विकेट लेने के तुरंत बाद अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ की उंगली पर चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। रेड्डी और जडेजा के बीच विकेटों के बीच खराब तालमेल भी इस सत्र में साफ दिखाई दिया। इस सत्र में ऐसे तीन मौके आये तब वे रन आउट होने के करीब थे। इंग्लैंड ने भारतीय पारी के 80 ओवर पूरा होते ही दूसरी नयी गेंद ली लेकिन उन्हें इससे ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ। सत्र की शुरुआत में राहुल का अपना विकेट तोहफे में देना ही इस सत्र में उनकी एकमात्र सफलता थी।

राहुल ने 177 गेंद की पारी में 13 चौके की मदद से 100 रन बनाये। इससे पहले ऋषभ पंत ने अपनी बाईं तर्जनी उंगली में दर्द के बावजूद रोमांचक अर्धशतक बनाया, लेकिन लंच के ठीक पहले रन आउट हो गए। पंत (74 रन, 112 गेंद) पहले सत्र के आखिरी ओवर में रन चुराने की कोशिश में रन आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का कवर क्षेत्र से शानदार किया गया शानदार थ्रो विकेटों पर जा लगा और पंत उस समय क्रीज से बाहर थे। राहुल और पंत ने हालांकि चौथे विकेट के लिए 198 गेंदों में 141 रनों की साझेदारी कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत बनाई। मैच के पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए उंगली में लगी चोट के दर्द से जूझ रहे पंत ने जोफ्रा आर्चर की तेज गति के आगे अपने इरादे दिन के पहले ओवर में ही जाहिर कर दिये। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर ग्लांस कर चार रन बटोरने के बाद कदमों का इस्तेमाल करते हुए कवर क्षेत्र के ऊपर से आक्रामक शॉट खेला।



तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर शॉट लगाते हुए रवींद्र जडेजा। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**387/10** (119.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का ब्रुक बो आर्चर | 13 |
| लोकेश राहुल का ब्रुक बो बशीर | 100 |
| करूण नायर का रूट बो स्टोक्स | 40 |
| शुभमन गिल का स्मिथ बो वोक्स | 16 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 74 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो वोक्स | 72 |
| नीतीश रेड्डी का स्मिथ बो स्टोक्स | 29 |
| वॉशिंगटन सुंदर का ब्रुक बो आर्चर | 23 |
| आकाश दीप का ब्रुक बो कार्स | 07 |
| जसप्रीत बुमराह का स्मिथ बो वोक्स | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी** : क्रिस वोक्स 27-5-84-3, जोफ्रा आर्चर 23 .2-6-52-2, ब्रायडन कार्स 24-5-88-1, बेन स्टोक्स 20-4-63-2, शोएब बशीर 14 .5-2-59-1, जो रूट




लोकेश राहुल।

# केएल ने परिपक्व पारी खेली : कुंबले

**मुंबई, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि केएल राहुल ने लाड्र्स में तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद इंग्लैंड के गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का डटकर सामना करते हुए परिपक्व पारी खेली। पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले राहुल ने इस दौरे का अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय 53 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारत ने दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल (13), करुण नायर (40) और कप्तान शुभमन गिल (16) के विकेट गंवाए। भारत ने अभी तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह इंग्लैंड से 242 रन पीछे है।

कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की। उनकी पारी विशिष्ट थी क्योंकि इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर का यह एक आक्रामक स्पैल था। विशेष कर उनका वह पहला स्पैल जिसमें उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी की, जिसमें उन्हें उछाल और शुरुआत में थोड़ी स्विंग भी मिल रही थी। उन्होंने कहा राहुल ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। उनका रवैया बेहद स्पष्ट था और वह पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे। यह एक बेहद अनुशासित और परिपक्व पारी थी और मुझे यकीन है कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट होंगे।



### वॉन चाहते हैं पांचों दिन अपने ओवर का कोटा पूरा करें टीम

**लंदन** : भारत और इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन केवल 75 ओवर फेंके गए जिसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जिससे कि टीम टेस्ट मैच के पांचों दिन 90 ओवर का कोटा अनिवार्य रूप से पूरा करें। भारत ने टेस्ट के पहले दिन 83 ओवर फेंके, जबकि दूसरे दिन 75 से भी कम ओवर फेंके जा सके, जिससे दोनों दिनों में कुल मिलाकर लगभग 23 ओवर कम हो गए। वॉन ने कहा कि धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने से वे प्रभावित नहीं होंगे। वॉन ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा मुझे नहीं लगता कि जुर्माना काम करेगा। मुझे लगता है कि ये लड़के (क्रिकेटर) काफी अमीर हैं। मुझे नहीं लगता कि जुर्माना लगाने से उन पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा। वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि टीमें पहले चार दिनों में ओवरों का कोटा पूरा क्यों नहीं कर पाई।

## मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए साबले

**मोनाको** : भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर सके, लेकिन तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया।

ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष पांच में जगह बनाने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की रात को वह दौड़ के शुरू में ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अभी तक ज्ञात नहीं है।

# चोपड़ा और नदीम फिर होंगे आमने-सामने

**सिलेसिया (पोलैंड), एजेंसी**

● सिलेसिया डायमंड लीग में 16 अगस्त को होगा मुकाबला

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम आठ अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे। नदीम पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ भारतीय खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण जीतने वाले 27 साल के चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



नीरज चोपड़ा व अरशद नदीम।

# स्वियाटेक ने अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से रौंदकर पहला विंबलडन खिताब जीता


**लंदन, एजेंसी**

पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने शनिवार को एकतरफा अंदाज में खेले गए फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से रौंदकर अपने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब - और ऑल इंग्लैंड क्लब में पहला खिताब जीत लिया। जिससे वह सभी कोर्ट पर ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गईं।

57 मिनट के प्रभावशाली प्रदर्शन में, स्वियाटेक ने पिछले वसंत में चौथी बार रौलां गैरो ट्रॉफी जीतने के बाद से अपना पहला खिताब जीता, और प्रमुख फाइनल में अपना रिकॉर्ड 6-0 कर लिया। ओपन एरा में पोलैंड की ओर से पहली विंबलडन एकल चैंपियन बनने के अलावा, यह जीत स्वियाटेक के करियर की 100वीं ग्रैंड स्लैम मैच जीत भी है।

2019 में ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में पदार्पण के बाद से अब तक ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में उनका रिकॉर्ड 100-20 का हो गया है। 1983 के बाद से विंबलडन में महिला एकल फाइनल में पहला 6-0 का शुरुआती सेट - जब मार्टिना नवरातिलोवा ने एंड्रिया जैगर को 6-0, 6-3 से हराया था। इससे पहले, 1973-75 के सभी फाइनल में पहले सेट 6-0 से बराबर रहे थे - जिसमें 1973 में बिली जीन किंग की तत्कालीन 18 वर्षीय क्रिस एवर्ट पर 6-0, 7-5 से जीत भी शामिल है।

ईएसपीएन के लिए कमेंट्री करते हुए एवर्ट ने उस फाइनल के शुरुआती दौर को याद करते हुए कहा, "मैं धुंध में थी।" दूसरे सेट के शुरुआती दौर में अनिसिमोवा ने दमदार स्ट्रोक्स लगाए - जिसमें 90 मील प्रति घंटे की रफ़्तार से फोरहैंड विनर भी शामिल था जिससे स्कोर 30-30 हो गया और स्वियाटेक की सर्विस 6-0, 1-0 हो गई। लेकिन इसका स्कोरबोर्ड पर कोई असर नहीं हुआ।



पोलैंड की इगा स्वियाटेक महिला एकल फाइनल जीतने का जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी



ब्रिटेन के जूलियन कैश (बाएं) और लॉयड ग्लासपूल पुरुष युगल फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### कैश और ग्लासपूल ने युगल खिताब जीतकर इतिहास रचा

**लंदन** : जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने 89 वर्षों में विंबलडन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने आज ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा और डचमैन डेविड पेल की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2, 7-6 (7-3) से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। 28 वर्षीय कैश और 31 वर्षीय ग्लासपूल 1960 में माइक डेविस और बॉबी विल्सन के बाद फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बन चुकी थीं। लेकिन बीबीसी की एक खबर के अनुसार, 1936 में विंबलडन में पैट ह्यूजेस और रेमंड टकी के बाद यह पहली बार है जब दो ब्रिटिश खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल चैंपियन बने हैं। ग्लासपूल ने एक रोमांचक मैच के बाद कहा जब आप ऐसा कहते हैं तो यह अविश्वसनीय लगता है। मैंने इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोचा था। हम इस दिन को ज़िंदगी भर नहीं भूलेंगे।

### जोकोविक बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं

**लंदन** : नोवाक जोकोविक ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविक ने कहा मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं। सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविक के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविक ने कहा मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा ज़रूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी। इस स्टार खिलाड़ी ने सिनर के खिलाफ मैच में तीसरे सेट से पहले बायें पैर के ऊपरी हिस्से के उपचार के लिए ट्रेनर की मदद ली।



# अल्काराज की निगाह हैट्रिक पर

**लंदन, एजेंसी**

**विंबलडन पुरुष फाइनल आज**

● विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगी टक्कर

पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज रविवार को यहां होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्काराज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी। अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा। अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं। अल्काराज़ ने कहा मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें, लेकिन अगर इसकी जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। इटली के खिलाड़ी सिनर को भी उम्मीद है कि यह रोमांचक फाइनल होगा। सिनर ने कहा उम्मीद है कि यह मैच भी पिछले मैच की तरह रोमांचक होगा। मुझे नहीं पता कि यह और बेहतर होगा या नहीं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि यह संभव है। अल्काराज का ग्रैंड स्लैम फ़ाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है। सिनर के नाम पर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्काराज़ ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं।



यानिक सिनर व कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

# गगनयान के लिए विकसित किया गया एसएमपीएस

बेंगलुरु, एजेंसी



● इसरो ने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा किया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा करने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) को सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है।

एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने को 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि हॉट टेस्ट किया गया। वास्तविक परिस्थिति में किया जाने वाला यह परीक्षण सर्विस मॉड्यूल आधारित मिशन निरस्तीकरण की फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल के लिए किया गया। फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल का संबंध किसी विमान के उड़ान पथ और उसकी अन्य गतिविधियों से है।

इसरो ने कहा, परीक्षण में प्रणोदन प्रणाली का प्रदर्शन सामान्य था। गगन यान का एसएम विनियमित द्विप्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है जो आरोहण के दौरान कक्षा वृत्तीकरण, ऑनऑर्बिट कंट्रोल, डीबूस्ट संचालन और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की जरूरत को पूरा करता है।

# हाईकोर्ट के पूर्व जज को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की कोशिश


**नागपुर।** मुंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विजय डागा को 'डिजिटल अरेस्ट'कर ठगों ने दो करोड़ रुपये ऐंठने की कोशिश की।

जस्टिस डागा ने बताया कि जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिए उन पर गलत काम करने का आरोप लगाया और पैसे की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्होंने उनकी धमकियों पर ध्यान नहीं दिया और पुलिस को सूचित कर दिया। जस्टिस डागा ने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे उन्हें पुलिस की वर्दी पहने अज्ञात व्यक्ति का वीडियो कॉल आया। पुलिस थाने जैसी दिखने वाली जगह पर बैठे फोन करने वाले ने उन पर मुंबई के बोरीवली पुलिस थाने में दर्ज जबरन वसूली के मामले से जुड़े होने का आरोप लगाया।

# अचानक नहीं बंद हो सकते फ्यूल स्विच

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक प्रारंभिक रिपोर्ट में दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787-8 का फ्यूल स्विच बंद होने को लेकर दो पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति का उल्लेख किया गया है। फ्यूल स्विच विमान के इंजनों में ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। स्विच की दो अवस्था होती हैं - रन और कट ऑफ। इनका उपयोग इंजनों को चालू या बंद करने के लिए किया जाता है।

तकनीकी पहलू



## स्विच बंद होने में गलती नहीं हो सकती

एक अनुभवी पायलट के अनुसार, फ्यूल स्विच की अवस्था को गलती से नहीं बदला जा सकता बल्कि इसकी एक प्रक्रिया होती है। आमतौर पर ब्रैकेट लगे होने के कारण फ्यूल स्विच सुरक्षित होते हैं। ये ब्रैकेट इसलिए लगे होते हैं कि स्विच की अवस्था में अचानक कोई बदलाव न हो। स्विच की अवस्था बदलने से पहले उन्हें ऊपर खींचना पड़ता है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में ईंधन स्विच थ्रस्ट लीवर के नीचे स्थित होते हैं।

## क्या होता है थ्रस्ट लीवर

विशेषज्ञों के मुताबिक थ्रस्ट लीवर कार के एक्सीलेटर पैडल की तरह होता है जिस पर पावर का बढ़ना और घटना निर्भर करता है। इसमें दो चरम अवस्थाएं होती हैं, एक आइडल पावर और एक फुल पावर। इसके अलावा ईंधन नियंत्रण स्विच होता है, जिसमें दो अवस्थाएं होती हैं - कट ऑफ और रन। इसलिए जब आप इंजन बंद करते हैं तो ईंधन नियंत्रण स्विच कट ऑफ मोड में होता है।

## फ्यूल स्विच की विशेषताएं

- अधिकांश विमानों में एक से अधिक फ्यूल टैंक होते हैं जैसे- लेफ्ट टैंक, राइट टैंक और सेंटर टैंक। पायलट फ्यूल स्विच का उपयोग करके यह तय करता है कि किस टैंक से ईंधन इंजन तक भेजा जाएगा।
- छोटे विमानों में सामान्यत: तीन मोड होते हैं। एक ऑन मोड जिसमें इंजन लेफ्ट या राइट किसी एक टैंक से फ्यूल लेता है। दूसरे मोड में सप्लाई बंद हो जाती है, तीसरे में दोनों टैंकों से फ्यूल लिया जाता है।
- बोइंग, एयरबस जैसे बड़े एयरक्राफ्ट में फ्यूल स्विच क्रॉसफीड सिस्टम से जुड़ा होता है। यह सिस्टम तब इस्तेमाल होता है जब एक इंजन को दूसरे टैंक से फ्यूल देना हो, जैसे एक इंजन खराब हो जाए।

## इंजन चालू करने के दो चरण

इंजन चालू करने के लिए दो चरण होते हैं। पहले चरण में 'स्टार्ट सिलेक्टर' को चालू किया जाता है और फिर ईंधन नियंत्रण स्विच को रन मोड में रखा जाता है। इसके बाद अंदर स्वचालित रूप से बहुत सारी चीजें होने लगती हैं। इंजन चलना शुरू हो जाता है, इसका मतलब है कि इंजन में ईंधन जा रहा है।

**फ्यूल मैनेजमेंट :** फ्यूल स्विच का उपयोग वजन संतुलन के लिए भी होता है। अगर एक साइड का टैंक ज्यादा खाली हो जाए तो पायलट दूसरे टैंक से फ्यूल लेना शुरू करता है ताकि वज़न संतुलित रहे।

**ऑटोमेटेड कंट्रोल :** आधुनिक विमानों में फ्यूल स्विच मैनेजमेंट कंप्यूटर से नियंत्रित होते हैं। यह सिस्टम खुद तय करता है कि कब किस टैंक से फ्यूल लिया जाए और कब क्रॉसफीड जरूरी है।

**सिक्योरिटी फीचर :** कुछ विमानों में फ्यूल स्विच में सुरक्षा फीचर्स होते हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि स्विच को गलत समय पर ऑफ न किया जा सके। इससे इंजन फेल होने की संभावना कम होती है।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पर गया व्यक्ति गंदेरबल में लापता

**श्रीनगर।** गंदेरबल जिले में रेलिंग से कूदने के बाद एक अमरनाथ यात्री लापता हो गया। पुलिस ने बताया कि लुधियाना निवासी सुरिंदर पाल अरोड़ा आधी रात के समय सात लोगों के समूह में बरारिमार्ग से रेलपथरी तक ट्रैकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें अत्यधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी (हाई-एल्टीट्यूड सिकनेस) ने जकड़ लिया। अरोड़ा अजीब व्यवहार करने लगे, ऊपर-नीचे दौड़ने लगे, ठंडे पानी से स्नान किया और फिर रेलिंग से कूद गए। पुलिस, पर्वतीय बचाव दल, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जेकेपी को उनकी तलाश में लगाया गया है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गयी है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरू होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जायेगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे। स्वीकृत उम्मीदवारों की अंतिम सूची 11 अगस्त से पहले जारी कर दी जाएगी। आधिकारिक चुनाव प्रचार 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा।

### यमन: फुटबॉल खेल रहे 5 बच्चों की विस्फोट में मौत

**अदन।** दक्षिण-पश्चिमी यमन में एक रिहायशी इलाके में विस्फोटक उपकरण के विस्फोट हो जाने से फुटबॉल खेल रहे पांच बच्चों की मौत हो गई। ताइज प्रांत के अल-हशमा उपजिले में शुक्रवार रात घटित मौत की घटना की वास्तविक परिस्थितयां स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, यमन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स और आई ऑफ ह्यूमैनिटी नामक एक अन्य अधिकार समूह और हूती नियंत्रित अल-मसीरा टीवी ने कहा है कि इस्लाह पार्टी द्वारा समर्थित मिलिशिया द्वारा तोप का गोला दागा गया था।

### यूक्रेन: रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह की मौत

**कीव।** रूस ने शुक्रवार रात से हमले तेज करते हुए यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से बमबारी की, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रूस के इन हमलों के बाद तीन साल से अधिक पुराने युद्ध के समाप्त होने की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रुस्लान जापारानियुक ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के चेर्नित्सि क्षेत्र के बुकोविना क्षेत्र पर चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और 14 घायल हो गए।

# एएआईबी रिपोर्ट में विमान के फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं

## विशेषज्ञों ने कहा- इलेक्ट्रिकल-मैकेनिकल दिक्कत से भी बंद हो सकते हैं स्विच

मुंबई, एजेंसी

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि विमान में यांत्रिक या बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या भी फ्यूल स्विच बंद होने का कारण हो सकते हैं। स्पष्ट कारणों का आगे की जांच में पता चलेगा।

एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि 12 जून को हुई दुर्घटना से पहले बोइंग 787-8 विमान के इंजन 1 और 2 के ईंधन स्विच एक सेकंड के अंतराल में 'कटऑफ' हुए और बाद में चालू किए गए थे। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष और एअर इंडिया के पूर्व पायलट कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि फ्यूल स्विच की स्थिति को केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही बदला जा सकता है। ये स्विच स्प्रिंगयुक्त होते हैं और इनमें लॉक लगा होता है। अगर इन्हें 'रन' स्थिति में रखना है तो पहले इन्हें बाहर खींचकर उस स्थिति में लाना पड़ता है। ये स्विच आमतौर पर उस वक्त इस्तेमाल किए जाते हैं जब विमान के दोनों इंजन 'फ्लेमआउट' हो गए हों या पायलट ने स्विच को रीसेट किया हो।

उन्होंने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि स्विच की स्थिति क्यों बदली गई थी। बिजली में रुकावट भी इसका कारण हो सकती है। रंधावा ने कहा, फ्यूल स्विच बंद करना होता है तो उड़ान भर रहा पायलट कहेगा, 'फ्यूल कंट्रोल स्विच लेफ्ट, पुष्टि करें।' दूसरे पायलट के पुष्टि करने के बाद, स्विच बंद कर दिया जाता है।



दुर्घटनास्थल पर एक महीने बाद भी तैनात है पुलिस फोर्स। ● एजेंसी

### बोइंग ने कहा- हादसे की जांच में सहयोग जारी रखेंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि वह विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और इसे जारी रखेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के तहत उसने फिलहाल जांच का काम एएआईबीपर छोड़ रखा है जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है। बोइंग ने मारे गए लोगों और उनके परिजनों के प्रति संवेदना जताई। कहा, हम जांच में अपने ग्राहक एयर इंडिया की मदद करते रहेंगे।

### कालिख से ढकी इमारतें दिला रही हैं भयावह हादसे की याद

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक महीने बाद, जले हुए पेड़, कालिख से ढकी दीवारें और खाली इमारतें पिछले एक दशक में हुए सबसे घातक विमान हादसे की भयावह याद दिलाती हैं। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के मेस की इमारत से टकराया, जिससे एक सामान्य दोपहर भयावह दृश्य में तब्दील हो गई। हॉस्टल परिसर में मलबा बिखर गया था और क्षतिग्रस्त इमारतों पर अब भी मोटी कालिख जमी हुई है। अब एक माह बीत चुका है और पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी को छोड़कर, दुर्घटनास्थल पर कोई गतिविधि नहीं है। एसीपी जयपाल सिंह राठौर ने कहा कि दुर्घटनास्थल की सुरक्षा के लिए लगभग 50-60 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की आवश्यकता समाप्त होने के संबंध में दो-चार दिनों में एएआईबी अपनी रिपोर्ट सौंप देगा, उसके बाद सुरक्षाकर्मियों को हटा लिया जाएगा।

# शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट भंग, सरकार ने जांच के आदेश दिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घीरे शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की घोषणा की है। श्री फडणवीस ने शनिवार को कहा कि भगवान के नाम पर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

● **भ्रष्टाचार के आरोपों में कार्रवाई, करोड़ों के घोटाले के हैं आरोप**

फडणवीस ने कहा कि मंदिर का प्रबंधन अब सरकार द्वारा नियुक्त बोर्ड को सौंप दिया जाएगा। गौरतलब है कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय यह मंदिर धन की हेराफेरी से जुड़े एक घोटाले को लेकर चर्चा है। स्थानीय विधायक विट्ठल लांगहे ने दावा किया है कि 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है, जबकि विधायक सुरेश धास घोटाला 500 करोड़ तक का बता रहे हैं।

शनि शिंगणापुर गांव चोरी-मुक्त होने के लिए जाना जाता है और लोग घरों के दरवाजे बंद नहीं करते हैं। आरोप है कि ट्रस्टियों ने तीन-चार मोबाइल एप बनाए जिन पर ऑन लाइन दान, अनुष्ठान और चढ़ावे के नाम पर धन इकट्ठा किया गया। आरोप है कि चार लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने एप्स के ज़रिए पैसे भेजे, जो मंदिर के खाते में कभी जमा नहीं हुए।

# कांवड़ मार्ग पर क्यूआर कोड दिखाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

● **प्रो. अपूर्वानंद झा ने दायर की याचिका, आदेश को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया**

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है।

प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है।

उन्होंने याचिका में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शन अनिवार्य है जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में राज्यों को हलफनामा दायर करके यह बताने का निर्देश देने की भी मांग की गई कि क्यूआर कोड की अनिवार्यताएं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कैसे नहीं करती हैं।

### अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को पहुंचेगी क्षति


याचिका में कहा, जब तक अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा। याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यता या किसी भी ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की मांग की।

# इजराइली हमलों से गाजा में बच्चों समेत 52 फलस्तीनियों की मौत

दीर अल बलाह, एजेंसी

इजराइल द्वारा गाजा पट्टी पर किये गए हवाई हमले में चार बच्चों सहित कम से कम 28 फलस्तीनी मारे गए जबकि सहायता वितरण स्थलों की ओर जाते समय लोगों पर की गई गोलीबारी में 24 अन्य की जान चली गई।

अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में शुक्रवार देर रात शुरू हुए हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे और दो महिलाएं हैं। नासिर अस्पताल के मुताबिक, एक पेट्रोल पंप के निकट हमलों में चार लोग मारे गए, दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में हमलों में 15 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने इन मौतों के बारे में टिप्पणी नहीं की है। अस्पताल के अधिकारियों और चश्मदीदों ने बताया कि रफा के निकट इजराइल समर्थित अमेरिकी संगठन द्वारा संचालित खाद्य वितरण स्थल पर जाते समय लोगों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 24 अन्य लोग मारे गए।



● रसद वितरण केंद्र समेत अलग-अलग इलाकों में इजराइली सेना ने शुक्रवार देर रात किए हवाई हमले

### गाजा को बच्चों का कब्रिस्तान बना रहा है इजराइल


**यरुशलम।** फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरा0ल गाजा में हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फिलीस्तीनी मारे गए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है।

# एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में चीन जाएंगे जयशंकर

**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अगले सप्ताह तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी। बयान में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे। इसमें कहा गया है कि मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। एससीओ में 10 सदस्य देश शामिल हैं।

## तीर्थयात्रा



जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में शनिवार को तीर्थयात्रा के दौरान अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर रवाना होता भक्तों का एक जत्था। शनिवार को 6639 तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। अब तक 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। एजेंसी

# गांदरबल में कुर्क कीं तीन आतंकवादियों की संपत्तियां

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे तीन आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर के गांदरबल स्थित संपत्तियां शनिवार को जब्त की गईं।

पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान कुराग के फारूक अहमद राठेर, हाटबुरा के नूर मोहम्मद पारें और मध्य कश्मीर जिले के खुरहामा इलाके के मोहम्मद मकबूल सोफी के रूप में हुई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शामिल पीओके से सक्रिय तीन आतंकवादियों की 3.2 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के बाद नौ कनाल से अधिक भूमि कुर्क कर ली गई है।

# राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक और धार्मिक इस्तेमाल पर रोक लगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में सरकार को निर्देश देने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के कदम उठाएं।

याचिका में अधिकारियों को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय ध्वज का पूर्ण सम्मान किया जाए। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

याचिका में एक अनुरोध यह भी किया गया, भारत सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सहित प्रतिवादियों को एक उचित रिट, आदेश या निर्देश जारी करें ताकि किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग रोका जा सके। इसमें पार्टी के लोगो, धार्मिक प्रतीकों या किसी भी प्रकार के लेख को राष्ट्रीय ध्वज पर लगाने जैसे कृत्य शामिल हैं।

# जरदारी राष्ट्रपति बने रहेंगे, मुनीर को इस पद की इच्छा नहीं: शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को पद छोड़ने के लिए मजबूर करने और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के इस पद पर काबिज होने के आकांक्षी होने के कयासों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये बातें महज अटकलें हैं।

शरीफ ने 'द न्यूज' अखबार से बातचीत में कहा, फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने कभी राष्ट्रपति बनने की इच्छा नहीं जताई न ऐसी कोई योजना है। शरीफ ने कहा कि जरदारी, मुनीर और उनके बीच संबंध आपसी सम्मान और पाकिस्तान की प्रगति और समृद्धि के लक्ष्य पर आधारित है। प्रधानमंत्री का यह स्पष्टीकरण गृह मंत्री मोहसिन नकवी के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने जरदारी, शरीफ और मुनीर को निशाना बनाकर चलाए जा रहे अभियान की निंदा की थी।

काउंट डाउन — कल शाम 4:35 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस रवाना होगी एक्सिओम- 4 मिशन की टीम

# धरती पर लौटने के बाद 7 दिन पुनर्वास में रहेंगे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट पर उतरने के बाद सात दिनों तक पुनर्वास में रहेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं।

शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री, कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड व हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। नासा ने एक बयान में बताया कि चारों अंतरिक्ष यात्री सोमवार, 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर 35 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होंगे।

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होने के बाद कई कक्षीय प्रक्रियाओं को पार कर 'क्रू ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेगा। इसरो ने 'एक्सिओम-4' मिशन के बारे में बताया, अंतरिक्ष से वापस आने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में एक कार्यक्रम के तहत लगभग सात दिन पुनर्वास में रहना होगा।

इसरो ने शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो अंतरिक्ष एजेंसी को अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में मदद करेगा। गगनयान, 2027 में कक्षा में स्थापित होगा। इसरो के फ्लाइट सर्जन निजी चिकित्सा/मनोवैज्ञानिक सत्रों में भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष यात्री शुक्ला के समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

इसरो ने बताया, शुभांशु का स्वास्थ्य अच्छा है और वह उत्साह से लबरेज हैं। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 25 मिनट पर क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होने, अपने अंतरिक्ष सूट पहनने और पृथ्वी की यात्रा शुरू करने से पहले आवश्यक जांच कराने की उम्मीद है।

### 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ लौटेगा ड्रैगन

अंतरिक्ष यान स्वचालित रूप से आईएसएस से अलग होने की प्रक्रिया शुरू करेगा, ताकि धीरे-धीरे गति धीमी हो सके और कैलिफोर्निया में पानी में उतरने (स्पलैशडाउन) के लिए पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर सके। नासा ने एक बयान में बताया, ड्रैगन अंतरिक्ष यान 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ वापस आएगा, जिसमें नासा हार्डवेयर और पूरे मिशन के दौरान किए गए 60 से अधिक प्रयोगों का डेटा शामिल है। नासा के मुताबिक, एक्सिओम-4 मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम कॉकटेल और अच्छे लोगों के साथ अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने आखिरी कुछ दिनों का आनंद ले रहे हैं।